डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति स.मा.नि. को प्रकाशित पाक्षिक 16.09.2022 से 29.09.2022 वर्ष-39 अंक 38 मूल्य ₹10.00

पर्यावरण के संरक्षण में सुरक्षित है हमारा भविष्य - प्रधानमंत्री

भारत की धरती पर चीतों की वापसी से जुड़ी जैव-विविधता की टूटी कड़ी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में अफ्रीका के नामीबिया से लाये गये चीतों को छोड़कर देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में चीतों की वापसी से अब जैव-विविधता की टूटी कड़ी पुनः जुड़ गई है। भारत की प्रकृति प्रेमी चेतना भी पूरी शक्ति से जाग्रत हो गई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रीय अभयारण्य में चीतों को छोड़कर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। श्री मोदी ने दुनिया की पहली बड़े जंगली मांसाहारी जीव की अंतर-महाद्वीपीय स्थानांतरण परियोजना का चीता प्रोजेक्ट के अंतर्गत शुभारंभ किया। श्री मोदी ने कहा कि आज सौभाग्य से हमें दशकों पहले जैव-विविधता की टूटी और विलुप्त कड़ी को जोड़ने का फिर से अवसर मिला है। भारत की धरती पर चीता लौट आया है। आजादी के अमृत महोत्सव में देश नई ऊर्जा के साथ चीतों के पुनर्वास के लिए जुट गया है। अमृत में तो वो सामर्थ्य होता है, जो मृत को भी पुनर्जीवित कर देता है। मुझे खुशी है कि आजादी के अमृतकाल में कर्तव्य और विश्वास का ये अमृत हमारी विरासत को, हमारी धरोहरों को और अब चीतों को भी भारत की धरती पर पुनर्जीवित कर रहा है।



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्योपुर स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से लाये गये चीतों को मुक्त किया।

ईको सिस्टम पुनर्जीवित होगा

श्री मोदी ने कहा कि विकास और समृद्धि के लिये प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण भी जरूरी है। इसी से हमारा भविष्य भी सुरक्षित होता है। दुनिया जब प्रकृति और पर्यावरण की ओर देखती है तो सस्टेनेबल डेवलपमेंट की बात करती है। हमारे लिये प्रकृति, पर्यावरण, पशु-पक्षी सिर्फ सस्टेनेबिलिटी और सिक्युरिटी न होकर सेन्सीबिलिटी और स्प्रिच्युलिटी के आधार भी हैं। सौभाग्य से हमारे सामने आज एक ऐसा ही क्षण है। उन्होंने कहा कि कूनो नेशनल पार्क में जब चीते फिर से दौड़ेंगे तो मैदानी ईको-सिस्टम फिर से पुनर्जीवित होगा, जैव-विविधता बढ़ेगी, ईको-टूरिज्म बढ़ेगा, विकास की नई संभावनाएं जन्म लेंगी और क्षेत्रवासियों के लिये रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे।

250 नये संरक्षित वन क्षेत्र जुड़े

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत, पूरी दुनिया को संदेश दे रहा है कि इकोनॉमी और इकोलॉजी परस्पर विरोधाभासी नहीं है। वर्ष 2014 के बाद देश में करीब ढाई सौ नए संरक्षित क्षेत्र जोड़े गए हैं। वन क्षेत्र का निरंतर विस्तार हो रहा है। पर्यावरण की रक्षा के साथ ही, देश की प्रगति भी हो सकती है, ये भारत ने दुनिया को करके दिखाया है। आज हम विश्व की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां एशियाई शेरों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। गुजरात देश में एशियाई शेरों का बड़ा क्षेत्र बनकर उभरा है। देश में टाइगर की संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य हमने तय समय से पहले हासिल किया है।

श्योपुर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण के सरंक्षण में ही हमारा भविष्य सुरक्षित है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि चीतों को यहां के वातावरण में ढलने के लिये समय देना है। तब तक हमें धैर्य रखना होगा। श्री मोदी ने मध्यप्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय वन मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह यादव, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री श्री अश्विनी चौबे, प्रदेश के वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह की मौजूदगी में लीवर घुमाकर चीतों को छोड़ा। मुक्त होते ही चीते सुरक्षा के लिहाज से तैयार किये गये बाड़े में विचरण करने लगे। अंतर्राष्ट्रीय गाइड लाइन के अनुसार क्वारेंटाइन पीरियड खत्म होने के बाद उन्हें जंगल में स्वच्छंद विचरण के लिये आजाद किया जायेगा।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि कूनो नेशनल पार्क में छोड़े गए चीतों को देखने के लिए देशवासियों को कुछ महीने का धैर्यपूर्वक इंतजार करना होगा। चीते हमारे मेहमान बनकर आए हैं, इस क्षेत्र से अनजान हैं। कूनो नेशनल पार्क को ये चीते अपना घर बना पाएं, इसके लिए हमें इन चीतों को कुछ महीने का समय देना होगा। अंतर्राष्ट्रीय गाइडलाइन्स का पालन करते हुए कूनो राष्ट्रीय उद्यान में इन चीतों को बसाने के पूरे प्रबंध किये गये हैं। वर्ष 1947 में भारत में सिर्फ 3 चीते शेष थे। शिकार हो जाने से उनका अस्तित्व खत्म हो गया और 1952 में भारत में चीतों को विलुप्त घोषित कर दिया गया। तबसे अब तक देश में फिर से चीतों के पुनर्वास के कोई सार्थक प्रयास नहीं हुए थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की धरती पर चीतों के पुनर्वास के लिये नामीबिया और साउथ अफ्रीका सहित भारत के वैज्ञानिकों और विषय-विशेषज्ञों के शोध के बाद तैयार विस्तृत चीता एक्शन प्लान को परिणाममूलक बनाया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि असम में एक सींग वाले गैंडों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, जिनका एक समय अस्तित्व खतरे में आ गया था। हाथियों की संख्या भी बढ़ कर पिछले वर्षों में 30 हजार से ज्यादा हो गई है। देश में अब 75 वेटलैंड्स को रामसर साइट्स के रूप में घोषित किया गया है, जिनमें 26 साइट्स पिछले 4 वर्ष में ही जोड़ी गई हैं।

फोटोग्राफी और चीता मित्रों से किया संवाद

श्री मोदी ने भारत भूमि पर 70 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पुनर्स्थापित किये जाने वाले चीतों की मुक्ति के ऐतिहासिक पलों को अपने कैमरे से कैद किया। प्रधानमंत्री ने चीतों की सुरक्षा के लिये तैनात किये गये चीता मित्रों से संवाद भी किया। चीतों की सुरक्षा के लिये आसपास के 10 गांव के 457 चीता मित्र तैनात किये गये हैं।

उपार्जन कार्य की समीक्षा

किसानों से साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन मूंग और उड़द की खरीदी

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बैठक में प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के उपार्जन से संबंधित कार्यों की जानकारी ली। प्रदेश में करीब साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन मूंग और उड़द की खरीदी हो चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य से अधिक उपार्जन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने उपार्जन से जुड़े पहलुओं का विवरण प्राप्त किया। श्री चौहान ने खरीदी कार्य की समीक्षा कर केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री श्री पीयूष गोयल को मध्यप्रदेश की मूंग और उड़द उपार्जन के कार्य की प्रगति की जानकारी दूरभाष पर दी।

मुख्यमंत्री ने किसानों को उपार्जित फसल की राशि का भुगतान किए जाने की भी समीक्षा की। बताया गया कि प्रदेश के 32 जिलों में मूंग और 10 जिलों में उड़द की खरीदी की जा रही है। प्रदेश में 2 लाख 34 हजार 772 किसानों ने पंजीयन करवाया था। अब तक एक लाख 46 हजार 886 किसानों ने मूंग की फसल बेची है। केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार प्रतिदिन प्रति कृषक 40 क्विंटल मात्रा का उपार्जन किया जा रहा है। अब तक 2507 करोड़ 12 लाख रुपये की मूंग खरीदी हो चुकी है। किसानों को समर्थन मूल्य पर बेची गई फसल के लिए 1415 करोड़ 33 लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जा चुका है। प्रदेश में इस वर्ष मूंग और उड़द के लिए 370 खरीदी केंद्र प्रारंभ किए गए हैं। प्रदेश में मूंग का पंजीकृत रकबा 6 लाख हेक्टेयर और उड़द का रकबा 10 हजार हेक्टेयर से अधिक है।

बैठक में बताया गया कि केन्द्र सरकार से उपार्जन के लक्ष्य से करीब 70 हजार मीट्रिक टन अधिक उपार्जन प्रदेश में किया जा चुका है। केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 में मूंग के लिए 2 लाख 75 हजार 645 मीट्रिक टन मूंग उपार्जन के लक्ष्य के मुकाबले मध्यप्रदेश में अब तक 3 लाख 44 हजार 622 मीट्रिक टन मूंग की खरीदी की जा चुकी है।

बताया गया कि नर्मदापुरम्, नरसिंहपुर, रायसेन, सागर, सीहोर, हरदा, जबलपुर और देवास में सर्वाधिक मूंग खरीदी हुई है। अकेले नर्मदापुरम् जिले में एक लाख 17 हजार 603 मीट्रिक टन मूंग की खरीदी हुई है। हरदा में 58 हजार 880 मीट्रिक टन, सीहोर में 52 हजार 993 मीट्रिक टन, नरसिंहपुर में 31 हजार 616 मीट्रिक टन, रायसेन में 24 हजार 368 मीट्रिक टन, जबलपुर में 18 हजार 337 मीट्रिक टन, देवास में 14 हजार 779 मीट्रिक टन और सागर में 8 हजार 155 मीट्रिक टन खरीदी हो चुकी है।

स्व-सहायता समूह बन गए हैं अब राष्ट्र सहायता समूह - प्रधानमंत्री

श्योपुर, महिलाओं के संकल्प और अथक परिश्रम से स्व-सहायता समूह अब राष्ट्र सहायता समूह बन गए हैं। महिला स्व-सहायता समूहों की शक्ति आजादी के अमृत काल में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने श्योपुर के कराहल में आत्मनिर्भर भारत की नई इबारत लिख रहे महिला स्व-सहायता समूहों के विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहीं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी श्योपुर में महिला स्व-सहायता समूहों के सम्मेलन में शामिल हुये।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्व-सहायता समूहों से जुड़ी बहनों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ता है, वहां सफलता अपने आप तय हो जाती है। स्वच्छ भारत अभियान की सफलता इसका उदाहरण है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा अधिक से अधिक क्षेत्रों में महिलाओं को प्रबंधन से जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के माध्यम से पूरे देश में अब तक 8 करोड़ से अधिक बहनें स्व-सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं। इससे सीधे 8 करोड़ परिवार लाभान्वित हुए हैं। हमारा लक्ष्य है कि हर परिवार से एक महिला इस अभियान से जुड़े। उन्होंने कहा स्व-सहायता समूहों से जुड़कर महिलायें खेती, डिजिटल सेवा, शिक्षा, बीमा, बैंकिंग व भण्डारण व्यवस्था में प्रभावी भूमिका निभा रही हैं।

प्रदेशवासी हैं प्रसन्न और आनंदित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सारा देश जिनका घर है और सभी भारतवासी जिनका परिवार है, जो हर पल सबके कल्याण के लिये कार्यरत रहते हैं, ऐसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अपने जन्म दिवस पर मध्यप्रदेश पधारे हैं, यह प्रदेशवासियों का सौभाग्य है। प्रधानमंत्री के जन्म-दिवस पर प्रदेश की सभी पंचायतों और नगरीय क्षेत्र के सभी वार्डों में केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को जोड़ने के लिये विशेष शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर महिला स्व-सहायता समूहों ने मास्क, पीपीई किट और सेनेटाइजर बनाये।

प्रधानमंत्री का आगमन अभूतपूर्व पल

केन्द्रीय कृषि तथा किसान-कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी गांव, गरीब और किसान के जीवन स्तर में बदलाव लाने और भारत माता को परम वैभव के स्तर पर ले जाने के लिये प्रतिबद्ध हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

10 सितम्बर

परंपरागत डिग्री के बराबर होगा ऑनलाइन डिग्री कोर्स

● मान्यता प्राप्त संस्थानों से हासिल की गई डिस्टेंस लर्निंग और ऑनलाइन पाठ्यक्रमों की डिग्री को परंपरागत डिग्रियों के समकक्ष माना जायेगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने दी है। यूजीसी के सचिव श्री रजनीश जैन ने बताया कि परंपरागत तरीके से विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में मिलने वाली स्नातक और परास्नातक डिग्रियों की तरह वर्ष 2014 में यूजीसी की अधिसूचना के तहत ओपन और डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े विश्वविद्यालयों की स्नातक और परास्नातक डिग्रियों को भी मान्यता मिलेगी। इसके साथ ही उच्च शिक्षण संस्थानों के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को भी उतना ही महत्व मिलेगा। उन्हें भी परंपरागत तरीके से परास्नातक डिप्लोमा कोर्स और पत्राचार कोर्स जितनी महत्ता मिलेगी।

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) स्मार्ट फोन एप स्टोर पर मौजूद अवैध लोन एप पर प्रभावी नियंत्रण लगायेगा। आरबीआई ने बताया कि इन अवैध लोन पर नियंत्रण के लिये इंस्टेंट फाइनेंस एप की सूची तैयार की जायेगी। इसके अलावा आरबीआई ऐसे खातों की निगरानी भी करेगा, जिनका इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिये किया जा सकता है। आरबीआई की इंस्टेंट फाइनेंस एप सूची के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय यह सुनिश्चित करेगा कि केवल वही लोन एप को एप स्टोर पर होस्ट किया जाये, जो सूची में शामिल हों। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने आरबीआई की बैठक में अवैध लोन एप के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और आरबीआई को इस संबंध में कड़े कदम उठाने के निर्देश दिये हैं।

11 सितम्बर

भारत ने चीन में मेडिकल की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों के लिये जारी की एडवाइजरी

● भारत ने चीन में मेडिकल की पढ़ाई करने की तैयारी कर रहे छात्रों के लिये एक एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी में छात्रों को चीन में पढ़ाई करने के बाद होने वाली कई तरह की समस्याओं के प्रति आगाह किया गया है। एडवाइजरी में छात्रों को परीक्षा उत्तीर्ण होने के कम प्रतिशत, चीन की आधिकारिक भाषा पुतोंग्हुआ सीखने की बाध्यता और भारत में डॉक्टर के तौर पर प्रैक्टिस करने के कड़े नियमों के बारे में भी बताया गया। यह एडवाइजरी ऐसे समय जारी हुई है, जब चीन के मेडिकल संस्थानों में पढ़ने वाले हजारों भारतीय विद्यार्थी कोविड प्रतिबंधों के कारण दो वर्ष से अधिक समय से वीजा का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच चीन के कई मेडिकल कॉलेजों ने भारत सहित अन्य देशों के नये छात्रों का पंजीकरण शुरू कर दिया है।

● अमेरिका और ईरान के बीच संबंध लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। अमेरिका ने ईरान के गुप्तचर मंत्रालय और उसके मंत्री इस्माइल खातीब पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी प्रशासन ने यह कार्रवाई अमेरिका और उसके सहयोगियों के विरुद्ध ईरान के गुप्तचर मंत्रालय द्वारा की गई साइबर गतिविधियों को लेकर की है। अमेरिका ने कहा कि गत जुलाई में अल्बानिया में हुये साइबर हमले में ईरान का गुप्तचर मंत्रालय लिप्त था। अमेरिका के इस कदम के बाद अल्बानिया ने ईरान के साथ अपने कूटनीतिक संबंध तोड़ लिये और अपने राजनयिकों और कर्मचारियों को ईरान छोड़ने के निर्देश दिये हैं।

12 सितम्बर

आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाना चाहते हैं भारत और अमेरिका

● भारत और अमेरिका आपसी आर्थिक संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में लगातार काम करने के

इच्छुक हैं। यह जानकारी केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान लॉस एंजिलिस में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये दी। श्री गोयल ने कहा कि भारत दुनियाभर के देशों के साथ अपने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का विस्तार कर रहा है। अमेरिका के लोगों के साथ मजबूत संबंधों से व्यापार और सरकार के संबंधों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारत में इस वर्ष दो फॉरेन ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) को अंतिम रूप दिया जा चुका है। यह उम्मीद है कि इस वर्ष के अंत तक कम से कम दो एफटीए और किये जायेंगे।

● अफगानिस्तान में एक ट्रेनिंग एक्सरसाइज के दौरान एक ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में तीन तालिबानी लड़ाकों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हुये हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह हादसा राजधानी काबुल के राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय परिसर में हुआ। ट्रेनिंग एक्सरसाइज के दौरान ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई थी। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के पहले अमेरिकी सेना ने अफगानिस्तान छोड़ने से पहले कई हेलीकॉप्टरों को छोड़ दिया था। तालिबानी लड़ाके इन हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल ट्रेनिंग के लिये कर रहे हैं।

13 सितम्बर

देश में बनाये जायेंगे सौर ऊर्जा आधारित इलेक्ट्रिक हाईवे

● केंद्र सरकार देश में सौर ऊर्जा से चलने वाले इलेक्ट्रिक हाईवे विकसित करने पर काम कर रही है। इन हाईवे पर बड़े ट्रकों और बसों को चार्ज करने की सुविधा होगी। यह जानकारी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये दी। श्री गडकरी ने बताया कि सरकार इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (विद्युत गतिशीलता) के लिये सौर और पवन ऊर्जा आधारित चार्जिंग मैकेनिज्म को दृढ़ता से प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि हम इलेक्ट्रिक हाईवे विकसित करने पर भी काम कर रहे हैं, जो सौर ऊर्जा से संचालित होंगे और इससे चलते बड़े ट्रकों और बसों को चार्ज करने में सुविधा होगी। इन हाईवे पर ओवरहेड बिजली लाइन भी होगी। श्री गडकरी ने कहा कि सरकार टोल प्लाजा को भी सौर ऊर्जा से चलाने के लिये प्रोत्साहित कर रही है। सड़क परिवहन मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर देश में 26 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जा रहा है।

● भारत ने युद्ध से प्रभावित यूक्रेन के लोगों की मदद के लिये मानवीय सहायता भेजी है। इस खेप में आवश्यक दवाएं और जरूरी उपकरण शामिल हैं। राजधानी कीव में भारत के राजदूत हर्ष कुमार जैन ने यूक्रेन के स्वास्थ्य उप मंत्री ओलेक्सी इरेमेन्को को यह राहत सामग्री सौंपी। भारतीय राजदूत हर्ष कुमार ने बताया कि भारत ने एक मार्च को पोलैंड के रास्ते यूक्रेन को मानवीय सहायता की पहली खेप भेजी थी। यह 12वीं खेप है जो यूक्रेन भेजी गई है।

14 सितम्बर

एनसीईआरटी को मिलेगा मानद विश्वविद्यालय का दर्जा

● राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को जल्द ही डीम्ड यूनिवर्सिटी (मानद विश्वविद्यालय) का दर्जा मिलेगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की कार्यकारी समिति ने एनसीईआरटी को मानद विश्वविद्यालय का दर्जा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। मानद विश्वविद्यालय का दर्जा मिल जाने के बाद एनसीईआरटी तमाम प्रोग्राम संचालित कर सकेगा। एनसीईआरटी द्वारा स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रम संचालित किये जा सकेंगे। एनसीईआरटी ने डी नोवो श्रेणी के तहत डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा हासिल करने के लिये यूजीसी में आवेदन किया था। एनसीईआरटी की स्थापना एक जुलाई 1961 को भारत सरकार द्वारा की गई थी।

● केंद्र सरकार ने कई कैंसर रोधी दवाओं, एंटी बायोटिक और टीकों को आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल किया है। इस सूची में आने से यह दवाएं सस्ती हो जायेंगी और इलाज पर मरीजों का खर्च भी घटेगा। सरकार द्वारा आवश्यक दवाओं की सूची में 34 नई दवाओं को शामिल किया गया है, वहीं 26 दवाओं को सूची से हटाया भी गया है। अब आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल दवाओं की संख्या 384 हो गई है। जिन नई दवाओं को इस सूची में शामिल किया गया है उनमें संक्रमणरोधी दवाएं, कैंसर रोधी दवाएं, मनोचिकित्सा संबंधी दवाएं, श्वसन तंत्र, मधुमेह, नेत्र रोग, हृदय संबंधी और गर्भ निरोधक दवाएं शामिल हैं।

15 सितम्बर

देश के हर जिले में खुलेंगे तीन वाहन स्क्रैपिंग केंद्र

● केंद्र सरकार ने देश के प्रत्येक जिले में कम से कम तीन पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग



केंद्र खोलने की योजना बनाई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष अगस्त माह में नेशनल व्हीकल स्क्रैपिंग पॉलिसी लॉन्च की थी। इसी पॉलिसी के तहत प्रत्येक जिले में वाहन स्क्रैपिंग केंद्र खोले जायेंगे। श्री गडकरी ने कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय को रोप वे, केवल कार और फनिक्युलर रेलवे (केवल रेलवे) के लिये 206 प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि देश में हर वर्ष लगभग पांच लाख सड़क हादसे होते हैं, इनमें 1.5 लाख लोगों की मौत हो जाती है। हमें इन हादसों में कमी लाने के लिये ऑटोमोबाइल उद्योग के सहयोग की आवश्यकता है।

● यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध के कारण अमेरिका और उसके सहयोगी देशों द्वारा रूस पर लगाये गये प्रतिबंधों के बावजूद रूस भारत को मिसाइल रक्षा प्रणाली एस-400 की आपूर्ति निर्धारित समय पर करेगा। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने कहा कि भारत और रूस के बीच रणनीतिक संबंध बेहद गहरे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश आपस में होने वाले समझौतों को तय समय पर पूरा करने में दिलचस्पी रखते हैं। अलीपोव ने कहा कि अमेरिकी धमकियों के बावजूद भारत ने एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली के समझौते के लिये हाथ आगे बढ़ाया है, जो दिखाता है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सबसे ऊपर रखता है।

16 सितम्बर

रूस के साथ जल्द रुपये में व्यापार शुरू करेगा भारत

● भारत जल्द ही रूस के साथ अपनी मुद्रा रुपये में व्यापार शुरू करेगा। देश की प्रमुख बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने इसके लिये बनाये जाने वाले नये तंत्र को सुविधाजनक बनाने की सहमति प्रदान की है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन के अध्यक्ष ए. शक्तिवेल ने बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अमेरिका और यूरोपीय देशों द्वारा रूस पर लगाये गये प्रतिबंधों के बाद भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार का बड़ा हिस्सा रुपये में हो रहा है। केंद्र सरकार ने रूस के साथ रुपये में व्यापार बढ़ाने के लिये भारतीय स्टेट बैंक को अधिकृत किया है। इस व्यवस्था को जल्द से जल्द अमल में लाया जायेगा। इसके लिये रूस अपने किसी बैंक को अधिकृत करेगा। शक्तिवेल के अनुसार एसबीआई के पास रुपये में व्यापार को सुगम बनाने के पर्याप्त साधन उपलब्ध हैं।

● यूक्रेन से लौटे छात्रों को भारतीय विश्वविद्यालयों या संस्थानों में समायोजित नहीं किया जा सकता है। यह जानकारी केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक हलफनामे में दी। हलफनामे में सरकार ने कहा कि नेशनल मेडिकल कमीशन कानून के तहत रूस से लौटे छात्रों को भारत में समायोजित करने का प्रावधान नहीं है। सरकार ने कहा कि ये छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में खराब मेरिट होने या भारत में फीस न चुका पाने के कारण विदेश में मेडिकल शिक्षा के लिये गये थे। ऐसे में अगर इन्हें छूट दी गई तो देश में मेडिकल शिक्षा के मानक प्रभावित होंगे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित फोटो : गूगल से साभार)

INTERNATIONAL LEARNING INSTITUTE
College with Difference
Affiliated to DAVV Indore, Recognized by MP Govt. Higher Education
BA, B.Com, M.Com
REQUIRES
■PRINCIPAL ■PROFESSOR
■HEAD OF DEPARTMENT ■ASST. PROFESSOR ■LIBRARIAN
Qualification as per Code-28
Please mail all your documents scanned copy along with resume within 7 days to ili.commercecollege@gmail.com
Campus: MR-9, A-17, Chandra Nagar, AB Road, Indore
Contact: 8878805566
PANKAJ
R-47528/2022

साप्ताहिक रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेमी (sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर

संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 39, अंक 38 19.09.2022 से 25.09.2022
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

गरीबों का कल्याण हमारी प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

धरती पर उपलब्ध संसाधनों पर सभी का अधिकार है। गरीबों के कल्याण के लिये सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य करते हुये गरीबों के हित में अनेक योजनाएं चला रही है। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री आहार अनुदान योजना में पोषण भत्ते के रूप में विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया, बैगा और भारिया के 2 लाख 33 हजार 570 परिवार की महिला मुखियाओं के खाते में 23 करोड़ 35 लाख 70 हजार रुपये सिंगल क्लिक से अंतरित कर रहे थे। इन महिलाओं के व्यक्तिगत खातों में सितम्बर माह की एक-एक हजार रुपये की राशि अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति सहरिया, बैगा और भारिया की बहनों का स्वास्थ्य ठीक रखने और पोषण के लिये आहार अनुदान योजना वर्ष 2017 से प्रारंभ की गई। तब से राज्य सरकार द्वारा प्रतिमाह पोषण आहार के लिये एक-एक हजार रुपये की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मैं बहनों का भाई हूं और बेटियों का मामा हूं, इसलिये आपका पूरा ध्यान रखना मेरा कर्तव्य है। गरीब परिवार के बच्चों के लिये निःशुल्क शिक्षा, राशन, आवास और स्वास्थ्य के लिये भरपूर सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अनुसूचित जनजाति वर्ग के 260 बच्चे जेईई, नीट और क्लैट की परीक्षा में सफल हुये हैं। यह बच्चे पढ़-लिखकर निश्चित ही बड़े पदों पर पहुंचेंगे। इन बच्चों की सफलता के पीछे इनका परिश्रम और विभाग द्वारा दिया गया मार्गदर्शन प्रमुख है। सफल हुये विद्यार्थियों की फीस मामा भरवायेगा, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के लिये निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, साइकिल, गणवेश और छात्रवृत्ति की सुविधाएं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही है। उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिये भी भरपूर मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कौशल एवं सांस्कृतिक केंद्र खोलने का कार्य किया जा रहा है, जिसमें बच्चों की प्रतिभा में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीमार होने पर आयुष्मान भारत योजना में निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है। पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड पर 5 लाख रुपये तक का इलाज निःशुल्क कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुख्यमंत्री भू-अधिकार आवास योजना में पट्टा देकर उन्हें भूमि का मालिक बनाया जा रहा है। सूदखोरों के विरुद्ध कानून बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की बहनों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने छिंदवाड़ा जिले की नीलू भारती, डिंडोरी जिले की जानकी बाई और गुना जिले की गीता बाई से बात की। मुख्यमंत्री ने पूछा कि पोषण आहार की एक-एक हजार रुपये की राशि उन्हें नियमित रूप से मिल रही है कि नहीं, इस पर सभी बहनों ने कहा कि उन्हें यह राशि नियमित रूप से मिल रही है और बैंक से राशि निकालने में भी कोई परेशानी नहीं होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोषण आहार की इस राशि से फल, सब्जी और दूध आदि खरीदें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश सरकार आहार अनुदान योजना के तहत समाज के विभिन्न वर्गों को राशि मुहैया कराती है। इस राशि का उपयोग परिवार अपने स्वास्थ्य की बेहतरी के लिये करते हैं।

बुढ़ापे में दिमाग तेज रखना है तो वाद्य यंत्र बजायें

यदि आप सोचते हैं कि व्यक्ति की उम्र बढ़ने के साथ उसका दिमाग शिथिल पड़ जाता है, तो इस धारणा को अब दूर कर लीजिये। यदि आपने बचपन में वाद्य यंत्र बजाया है तो आपका दिमाग बुढ़ापे में भी तेज रहेगा। शोधकर्ताओं का दावा है कि वाद्य यंत्रों को बजाने के लिये युवा अवस्था में मस्तिष्क को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इससे मस्तिष्क का बेहतर विकास होता है। बढ़ती उम्र में भी ऐसे लोगों के सोचने और समझने की क्षमता अन्य की तुलना में बेहतर होती है। ब्रिटेन के यूनिवर्सिटी ऑफ एडिनबर्ग के शोधकर्ताओं ने 366 लोगों पर अध्ययन के बाद ये दावा किया है। इनमें 117 लोग ऐसे थे, जो अपने बचपन या किशोरावस्था में वाद्य यंत्र बजाने का शौक रखते थे। इनमें से अधिकतर लोग प्यानो, जबकि कुछ लोग गिटार, वायलिन और बैगपाइप बजाने में माहिर थे। शोध के अनुसार वाद्य यंत्र बजाने की कला सीखने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता बढ़ती है, सोचने-समझने की क्षमता मजबूत होती है, तर्कशीलता बढ़ती है और चीजें याद रहती हैं। शोधकर्ता कई मानदंडों के आधार पर इस नतीजे पर पहुंचे हैं। इसमें बढ़ती उम्र के साथ मस्तिष्क की क्षमता का आंकलन किया गया है। मौखिक तर्कशीलता, जागरूकता और सांख्यिकी विश्लेषण के आधार पर मूल्यांकन भी किया गया है। शोधकर्ताओं ने देखा कि किस हालात में ऐसे लोगों के सोचने की क्षमता कैसी रहती है। बुजुर्गों ने बताया कि संगीत की दुनिया ने उनके दिमाग को दुरुस्त रखा है। बुजुर्गों ने कहा बचपन के दिनों में वाद्य यंत्र बजाते थे, वह आज भी याद है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय ओजोन दिवस 16 सितंबर

हमारी धरती और ओजोन परत

स्कूल के दिनों में लगभग हम सभी ने पढ़ा है कि ओजोन का संरक्षण हमारी पृथ्वी के लिए क्यों महत्वपूर्ण है, इसके बिना हमारा पृथ्वी पर जीवन संभव क्यों नहीं है। बरसों से इसके महत्व के बारे में जानते हुए भी इसके संरक्षण को लेकर आज भी गंभीरता कम दिखाई देती है। विश्व ओजोन दिवस पर वर्तमान में इसकी स्थिति पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल से ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकरण से इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। साथ ही विद्युत विकास क्रिया, बादल, आकाशीय विद्युत एवं मोटरों के विद्युत स्पार्क से भी ऑक्सीजन ओजोन में बदल जाती है। पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना-सा आवरण है, जिसे ओजोन परत कहते हैं। ओजोन एक गैस है जो हमारे वातावरण में स्वाभाविक रूप से मौजूद है। ओजोन का रासायनिक सूत्र O_3 है क्योंकि एक ओजोन अणु में तीन ऑक्सीजन परमाणु होते हैं। ओजोन की खोज वर्ष 1800 के मध्य में प्रयोगशाला प्रयोगों में की गई थी। अच्छी ओजोन, जिसे स्ट्रैटोस्फेरिक ओजोन भी कहते हैं जो मनुष्यों और अन्य जीवों के लिए अच्छी मानी जाती है। यह सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी (यूवी) विकिरण को अवशोषित करती है। यदि इसे अवशोषित नहीं किया जाता है, तो तेज ऊर्जा यूवी विकिरण पृथ्वी की सतह तक पहुंच जाएगी। जो मनुष्यों सहित विभिन्न प्रकार के जीवों के लिए हानिकारक है।

विश्व ओजोन दिवस का इतिहास

पर्यावरण का मानव सभ्यता से ही नहीं, बल्कि पृथ्वी पर विचरण कर रहे समस्त जीव जंतु से गहरा नाता है। इसमें आने वाले बदलाव का असर पूरी पृथ्वी पर दिखाई देता है। यही कारण है कि दुनिया भर में पर्यावरण और उससे संबद्ध क्षेत्रों को बचाने और उसके संरक्षण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। ओजोन की परत की खोज वर्ष 1913 में फ्रांस के भौतिकविदों फैबरी चार्ल्स और हेनरी बुसोन ने की थी। ओजोन हमारी सभ्यता के विकास में अहम कारक है, लेकिन औद्योगीकरण के नाम पर मनुष्य ने जिस तरह से पर्यावरण के साथ खिलवाड़ किया है उसका नकारात्मक प्रभाव ओजोन पर भी पड़ा है। वैज्ञानिकों को सन् 1970 के दौरान ओजोन आवरण के पतले होने के प्रमाण मिले थे। इस पर चिंता व्यक्त करते हुए सन् 1985 में संपूर्ण विश्व ने विएना में इस समस्या से निपटने के लिए प्रयत्न करने आरंभ किए। इस ऐतिहासिक पहल को विएना संधि के नाम से भी जाना जाता है। इसके बाद समूचे विश्व ने इस मुद्दे पर गंभीरता से प्रयास शुरू किया जिसके फलस्वरूप मॉन्ट्रियल संधि हुई। सन् 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ओजोन आवरण के संरक्षण के लिए हुई मॉन्ट्रियल संधि की स्मृति में 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। इस तरह 1995 से निरंतर विश्व ओजोन दिवस मनाया जा रहा है।

जीवन रक्षा के लिए वैश्विक सहयोग

हर वर्ष विश्व ओजोन दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिन मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के 35 वर्ष पूरे करने की याद में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम Montreal Protocol@35: global cooperation protecting life on earth अर्थात मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल - पृथ्वी पर जीवन की रक्षा के लिए वैश्विक सहयोग है। मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के व्यापक प्रभाव और सहयोग में कार्य करने, साझेदारी बनाने और जलवायु चुनौतियों

का समाधान करने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए पृथ्वी पर जीवन की रक्षा करने के लिए वैश्विक सहयोग विकसित करने की आवश्यकता को पहचानता है। हमको पृथ्वी के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने की आवश्यकता है। ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले रासायनिक तत्वों के प्रयोग को कम करना हमारा लक्ष्य है, जो पहले ही मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में सम्मिलित है। लो ग्लोबल वॉर्मिंग पोटेंशियल (GWP) वाले रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनर का प्रयोग करना चाहिए। यह ओजोन परत को क्षति नहीं पहुंचाते तथा ग्लोबल वॉर्मिंग पर भी इनका दुष्प्रभाव कम पड़ता है।

सीएफसी ने बढ़ाई थी ओजोन की समस्या

वर्ष 1928 में जनरल मोटर्स के थॉमस मिडग्ले जूनियर ने एक ऐसा केमिकल बनाया जो उस वक्त के लोगों का जीवन आसान बनाने वाला था क्लोरोफ्लोरोकार्बन। बड़े स्तर पर रेफ्रिजरेटर्स में इसका इस्तेमाल सुरक्षित लग रहा था। इससे पहले इस्तेमाल किए जाने वाले अमोनिया, मेथिल क्लोराइड और सल्फर डाइऑक्साइड लीक होने पर जहरीले साबित हो रहे थे। उस वक्त शायद ही किसी को पता था कि अगले 100 साल में CFC पूरी धरती के सुरक्षा कवच में सेंध लगा चुके होंगे, इनके खिलाफ पूरी दुनिया एक होगी। वर्ष 1970 में जब ये संकेत मिला कि उर्वरकों और सुपरसोनिक एयरक्रॉफ्ट से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड से ओजोन की परत को नुकसान होने की आशंका है तो इसके बारे में वैज्ञानिक चिंतित हुए। वर्ष 1974 में प्रोफेसर एफ शेरवुड रॉलेंड और मारियो जे मोलिना ने यह पता लगाया कि क्लोरोफ्लोरोकार्बन वातावरण में विभाजित होकर क्लोरीन के परमाणु जारी करते हैं और वे ओजोन क्षय का कारण बनते हैं। हेलेन्स के जरिए जारी होने वाले ब्रोमीन परमाणु भी ऐसा ही बुरा प्रभाव डालते हैं।

विएना कन्वेंशन : ओजोन परत के संरक्षण के लिए वर्ष 1985 में विएना कन्वेंशन एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता था जिसमें संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने समताप मंडल की ओजोन परत में हो रहे क्षरण को रोकने के लिये मौलिक महत्व को मान्यता दी थी।

मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल : ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों पर वर्ष 1987 मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में तथा इसके सफल संशोधनों को बाद में मानवजनित और कुछ हाइड्रोफ्लोरोकार्बन (HFCs) की खपत एवं उत्पादन को नियंत्रित करने के लिये बातचीत की गई थी। भारत 19 जून, 1992 को ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का पक्षकार बना।

किगाली संशोधन : मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल में किगाली संशोधन, 2016 को अपनाने से कुछ HFCs के उत्पादन और खपत में कमी आएगी तथा अनुमानित वैश्विक वृद्धि एवं संबंधित जलवायु परिवर्तन से बचा जा सकेगा।

यूरोपीय संघ विनियमन : ओजोन-क्षयकारी पदार्थों पर यूरोपीय संघ का कानून विश्व में सबसे सख्त और सबसे उन्नत कानूनों में से एक है। नियमों की एक श्रृंखला के माध्यम से यूरोपीय संघ ने न केवल मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल को लागू किया है, बल्कि आवश्यकता से अधिक खतरनाक पदार्थों को तेज़ी से नष्ट कर दिया है।

यूरोपीय संघ ओजोन विनियमन : अवक्षय पदार्थों के सभी निर्यात और आयात हेतु लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को निर्धारित करता है तथा न केवल मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल (90 से अधिक रसायनों) द्वारा कवर किये गए पदार्थों व कुछ ऐसे पदार्थ जो कवर नहीं किये गए हैं (पांच अतिरिक्त रसायन जिन्हें नए पदार्थ कहा जाता है) को नियंत्रित व मॉनिटर करता है।

हाइड्रोकार्बन के सुरक्षित उपयोग के लिये भारत के नियम

आइसोब्यूटेन और साइक्लोपेंटेन सहित हाइड्रोकार्बन एरोसोल, फोम-ब्लोइंग तथा प्रशीतन (Refrigeration) क्षेत्रों में उपयोग के लिए गैर-ओडीएस विकल्पों के रूप में उपलब्ध हैं। हाइड्रोकार्बन का सुरक्षित उपयोग भारत में पेट्रोलियम कानूनों द्वारा विनियमित किया जाता है। पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 और पेट्रोलियम नियम, 1976 विभिन्न प्रकार के पेट्रोलियम उत्पादों के संचालन से संबंधित हैं। यह हाइड्रोकार्बन के प्रबंधन हेतु लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को भी निर्दिष्ट करता है। गैस सिलेंडर नियम, 1981, सिलेंडर भरने, रखने, आयात और परिवहन को संबोधित करता है।

ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्र में मिला बड़ा ओज़ोन छिद्र

ऊष्णकटिबंधीय क्षेत्र में कुछ समय पहले ही एक बड़ा अप्रत्याशित ओजोन छिद्र का पता चला है, जो आकार में अंटार्कटिक के ऊपर मौजूद ओजोन छिद्र से करीब सात गुना बड़ा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह इतना बड़ा है कि विश्व बड़ी आबादी को प्रभावित कर सकता है। कैनेडिन वैज्ञानिकों के मुताबिक यह छिद्र ट्रॉपिकल क्षेत्र में 1980 से मौजूद है। इस रिसर्च से जुड़ी विस्तृत जानकारी जर्नल एआईपी एडवांसेज में प्रकाशित हुई है। वाटरलू विश्वविद्यालय द्वारा किए इस शोध से पता चला है कि यह छिद्र 30 डिग्री उत्तर से 30 डिग्री दक्षिण में यानी कर्क रेखा से मकर रेखा के बीच निचले समताप मंडल में स्थित है। वैज्ञानिकों के अनुसार जहां अंटार्कटिका में दिखने वाला ओजोन छिद्र हर साल बसंत ऋतु में बनता है वहीं ट्रॉपिक्स में मौजूद यह छिद्र पूरे साल नज़र आता है। इस बारे में शोध से जुड़े वाटरलू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक प्रोफेसर किंग-विन लू ने जानकारी दी है कि अंटार्कटिक ओजोन छिद्र जो केवल बसंत ऋतु में दिखाई देता है। वैज्ञानिक लू के मुताबिक ओजोन परत में आई इस कमी से जमीन पर यूवी विकिरण बढ़ सकता है, जो इंसानों में त्वचा कैंसर और मोतियाबिंद के ख़तरे को और बढ़ा सकता है।

ओजोन संरक्षण के लिए प्रयास

ओजोन के संरक्षण की जिम्मेदारी सिर्फ शासन और उद्योग जगत की नहीं है बल्कि मनुष्य के लिए भी यह समझना जरूरी है कि आज हवा में ये ग्रीनहाउस गैसें और ओजोन को नुकसान पहुंचाने वाले तत्व लीक कैसे हो रहे हैं।

वाहनों का प्रयोग कम करना : वाहनों से निकलने वाला धुआं बहुत हानिकारक होता है। वाहनों के उपयोग को कम करना चाहिए।

कीटनाशकों के प्रयोग से बचिए : फसलों के उत्पादन में कीटनाशकों का प्रयोग न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह ओजोन परत के लिए घातक है।

वृक्ष लगाएं : पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्षों को लगाना चाहिए। साथ ही जितना अधिक संभव हो सके वृक्षों के कटाव को रोकना चाहिए।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, इंदौर

(इण्डो–जर्मन टूल रूम, इन्दौर)

(भारत सरकार की सोसायटी, आईएसओ 9001 संस्थान)

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय

291/बी–302/ए, सेक्टर–ई, इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर (म.प्र.)

इण्डो–जर्मन टूल रूम, इन्दौर द्वारा 18 वर्ष से अधिक आयु के छात्र/छात्राओं के लिए निःशुल्क रोजगार/स्वरोजगार तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन करें। राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (**NSIC**) भारत सरकार का उपक्रम, नई दिल्ली द्वारा, भारत के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की योजना **National SC-ST Hub** के अंतर्गत, अनुसूचित जाति (**SC**) एवं अनुसूचित जनजाति (**ST**) वर्ग के स्वरोजगार के इच्छुक अथवा पहले से स्वरोजगार कर रहे युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने हेतु **इण्डो–जर्मन टूल रूम, इन्दौर** में निम्नानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं, जिसकी सूची इस प्रकार है :–

S. No.	Name of the Programme	Duration (Month)
1.	Certificate Course in CNC Milling	4
2.	Certificate Course in CNC Turning	6
3.	ARISE Room Air Conditioner & Home Appliances	5
4.	3D Animation & Special Effect	4
5.	3D Animation MAYA	6

कोर्स क्रमांक 1 में अभ्यार्थियों को निःशुल्क होस्टल एवं भोजन भी प्रदान किया जावेगा। आवेदन पत्र सादे कागज पर निम्नलिखित आवश्यक प्रमाणपत्र स्वयं के द्वारा प्रमाणित कर trg@igtr-indore.com **पर मेल कर सकते हैं, निम्न नंबर पर Whatsapp कर सकते हैं। ''जनरल मैनेजर, इण्डो–जर्मन टूल रूम, 291–बी 302–ए, सेक्टर–ई, इण्डस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर – पिन नं. 452015 (म.प्र.)** '' के पते पर भी भेज सकते है एवं स्वयं संस्था में आकर भी जमा कर सकते हैं। प्रशिक्षण 26.09.2022 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है, आवेदन 23.09.2022 तक करें। प्रवेश पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा।

● 10 वीं की अंकसूची ● जाति प्रमाण–पत्र (SC/ST) ● दो पासपोर्ट साईज फोटो ● आधार कार्ड की कॉपी

अधिक जानकारी के लिये संपर्क करें –

9584462950, 9098793959, 9926969794

जनरल मैनेजर

deepak

R-47529/2022

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)

(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)

Regional Office, 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001 (M.P.), Phone : (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311, Fax No. : 0731-2972629, Website : invest.mp.gov.in, Email : ed.roind@mpidc.co.in, CIN : U51102MP1977SGC001392

No. MPIDC/RO/IND/TECH/22/5756 **Date : 12.09.2022**

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the following work. The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mptenders.gov.in.**

Name of Work	Probable Amount of Contract (in Lakh)	EMD (in Rs.)	Cost of Tender Form (in Rs.)	Last Date of Submission of Tender
Selection of outsourcing agency for vehicles for DC Office, SEZ Indore	31.38	50000/-	5900/-	28.09.2022
Providing, Installation, Testing with maintenance of 3 year for CCTV Cameras at SEZ I & II at I/A Pithampur, Distt. Dhar	34.34	34340/-	5900/-	28.09.2022
Providing, Installation, Testing with maintenance of 3 year for CCTV Cameras at I/A Meghnagar Distt. Jhabua	27.28	27280/-	5900/-	28.09.2022

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.

M.P. Madhyam/106328/47531/2022 **EXECUTIVE ENGINEER**

SARDAR VALLABH BHAI PATEL SHIKSHA MAHAVIDYALAYA

Shiv Dham,Niwali Road, Vill.-Sildad (Sendhwa) Dist.-Barwani (M.P.) 451666

Run by : Prime Education Society, Sendhwa

NAAC Approved "B" Grade

(Recognized By NCTE New Delhi, Approved by M.P. Govt. Higher Education & Affiliated by Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore (M.P.)

REQUIRED

Under University Code-28

For - B.Ed. & M.Ed. Course

Principal- 01 Post

Qualification : As per NCTE Norms, Salary As per NCTE & UGC Norms, Apply within 08 Days From the Date of Publication to College Address &

Email ID : svpsmsendhwa2006@gmail.com | Contact No. 9826289208, 7489922126

R-47527/2022

SENDHWA SHARIRIK SHIKSHA SANSTHAN

Niwali Road, Vill.-Chatli (Sendhwa) Dist.-Barwani (M.P.) 451666

Run by : Sendhwa Welfare & Education Council/ Society, Sendhwa

NAAC Approved "B" Grade

(Recognized By NCTE New Delhi, Approved by M.P. Govt. Higher Education & Affiliated by Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore M.P.)

REQUIRED

Under University Code-28

For - B.P.Ed. & M.P.Ed. Course

Principal- 01 Post

Qualification : As per NCTE Norms, Salary As per NCTE & UGC Norms, Apply within 08 Days From the Date of Publication to College Address &

Email ID : sendhwasss2006@gmail.com | Contact No. 9826289208, 7489922126

R-47526/2022

SENDHWA SHARIRIK SHIKSHA SANSTHAN

Niwali Road, Vill.-Chatli (Sendhwa) Dist.-Barwani (M.P.) 451666

Run by : Sendhwa Welfare & Education Council/ Society, Sendhwa

NAAC Approved "B" Grade

(Recognized By NCTE New Delhi, Approved by M.P. Govt. Higher Education & Affiliated by Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore M.P.)

REQUIRED

Under University Code-28

For - B.Ed. Course

Principal- 01 Post

Qualification : As per NCTE Norms, Salary As per NCTE & UGC Norms, Apply within 08 Days From the Date of Publication to College Address &

Email ID : sendhwasss2006@gmail.com | Contact No. 9826289208, 7489922126

R-47525/2022

''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)

5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P. - 462011

(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 1009

(RCPLWEA-Road) (Batch-1, Year 2021-22)

No./12595/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 12.09.2022

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :-

● Name of work - RCPLWE (Road) - Batch-I, Year 2021-22

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1	Balaghat	7	615185000.00

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website **from 15.09.2022 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/106312/47530/2022 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)

5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.-011

(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 1010 (PMGSY-B.W.)

No./12659/22/D-12/MPRRDA/2022 Bhopal, Dated : 12.09.2022

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below :

- **Name of Work –** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction
- **SSR Applicable –** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 05.11.2019 and amended upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Alirajpur	1	50499000.00

1. Bid document may be purchased online from **13.09.2022 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **29.09.2022 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER

M.P. Madhyam/106331/47532/2022 **(Tender)**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02, डी-16, कचनार सिटी विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002

E-mail : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र. 02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 16/2022-23 सी.एम. राइज योजना अंतर्गत स्वीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकुलपुरा, जिला-डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC _222147) एवं शासकीय हाई स्कूल खुड़िया, जिला-डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC _222149) एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय समनापुर (चंदरानी), जिला-डिण्डौरी (ऑनलाइन निविदा क्र. 2022_MPPHC _222151) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 06.10.2022 तक** खरीद कर अपरान्ह 12:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/106391/47535/2022 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 11/2022-23

राज्यपाल ने शिक्षकों की नियमित नियुक्ति पर बल दिया। शिक्षण की नियमितता विद्यार्थियों के जुड़ाव के लिए जरूरी है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को वंचितों के सहयोग के लिए प्रोत्साहित करें। ग्रामीण अंचल में सेवा कार्यों को विद्यार्थियों के सहयोग से संचालित करें। सिकल सेल एनीमिया रोग उन्मूलन में सरकार के प्रयासों की पहुंच बढ़ाने में विद्यार्थियों को शामिल करें। उन्होंने विश्वविद्यालयों के न्यायालय में लंबित मामलों में गति लाने की जरूरत बताई। कहा कि सभी विश्वविद्यालयों के न्यायालयीन मामलों की संवीक्षा कर एक समान प्रकरणों को चिन्हित किया जाए।

सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी

एक वर्षीय एप्रेन्टिस प्रशिक्षण के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

भोपाल, मध्यप्रदेश के इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक और आईटीआई के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमिटेड के वैतूल जिला स्थित सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी में एक वर्षीय एप्रेन्टिस प्रशिक्षण प्राप्त करने का मौका मिल रहा है। इसके लिये अभ्यर्थियों से 10 अक्टूबर, 2022 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवेदक को केन्द्र सरकार के एप्रेन्टिस पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

एक वर्षीय एप्रेन्टिस प्रशिक्षण में ग्रेजुएट एप्रेन्टिस के कुल 11 पद और डिप्लोमा एप्रेन्टिस के 8 पद निर्धारित हैं। आईटीआई एप्रेन्टिस के 190 पद निर्धारित किये गये हैं, जिसमें फिटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, मशीनिस्ट, मानचित्रकार (सिविल), टर्नर, उपकरण यांत्रिकी, डीजल मैकेनिक तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट शामिल हैं।

प्रशिक्षण के लिये ग्रेजुएट एप्रेन्टिस में मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में डिग्री अथवा सामान्य स्नातक स्ट्रीम के अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। डिप्लोमा एप्रेन्टिस में अभ्यर्थी मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त संस्थान से इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा प्राप्त होना चाहिये। शासकीय एवं अशासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी आईटीआई एप्रेन्टिस में शामिल हो सकते हैं।

आवेदन से संबंधित जानकारी कम्पनी की वेबसाइट http://mppgcl.mp.gov.in/careers.html पर उपलब्ध है।

इमर्जिंग मध्यप्रदेश

धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को मध्यप्रदेश में दिया जा रहा है बढ़ावा

पर्यावरण संतुलन और संरक्षण के लिए लगातार कार्य जरूरी – मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में आयोजित इमर्जिंग मध्यप्रदेश कार्यक्रम को संबोधित करते हुये।

भोपाल, केंद्र सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश आगे है, भविष्य में भी प्रदेश इनमें आगे बना रहेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में मध्यप्रदेश के मंडला सहित अन्य जिलों में बने अमृत सरोवर निर्माण की प्रशंसा की है। भारत और एशिया से विलुप्त हो चुके वन्य प्राणी चीते को पुनः बसाने का कार्य पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह धरती सिर्फ मनुष्यों के लिए नहीं बनी है, पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में जी न्यूज के कार्यक्रम 'इमर्जिंग मध्यप्रदेश' को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था की मजबूत स्थिति सबसे बड़ी प्राथमिकता है। किसी भी तरह के आसामाजिक तत्व हों, उनके लिए सरकार सख्ती से कार्यवाही कर रही है। पहले डकैतों के आतंक को समाप्त किया गया, फिर सिमी के नेटवर्क को खत्म किया गया, इसके बाद नक्सलवाद को भी सीमित किया गया। साथ ही गुंडा तत्वों के विरुद्ध सख्त से सख्त कदम उठाए गए हैं। वर्ष 2006 से यह सिलसिला अब तक जारी है। मध्यप्रदेश शांति का टापू है। अपराधियों को संरक्षित करने वालों के विरुद्ध भी सरकार का रवैया सख्त रहेगा। सज्जनों के लिए सरकार फूलों की तरह कोमल और दुष्टों के लिए वज्र से भी कठोर है।

मध्य क्षेत्रीय परिषद बैठक के महत्व की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा परिषद जन कल्याण का महत्वपूर्ण मंच है। इसमें जिन मुद्दों पर विचार-विमर्श और निर्णय होता है, उससे अनेक जन-समस्याओं के समाधान में सहयोग मिलता है।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में घोर घने जंगल, जल संरचनाएं, ऐतिहासिक महत्व के स्थान पर्यटन विकास में मददगार हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर के विकास और शिव सृष्टि प्रकल्प को साकार करने का कार्य हो रहा है। प्रदेश में निवाड़ी जिले में पर्यटन विकास के लिए होम स्टे कॉन्सेप्ट लागू किया गया। केन्द्र सरकार ने भी इसकी प्रशंसा की है। पर्यटकों को ग्राम संस्कृति से परिचित करवाने और वाइल्ड लाइफ टूरिज्म के विकास के कदम उठाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मानसून सीजन में विचित्र स्थितियां रही हैं। प्रदेश के बड़े हिस्से में काफी ज्यादा बारिश हुई। कुछ जिलों में बाढ़ तबाही लेकर आई। प्रदेश का अभी एक हिस्सा ऐसा है, जहां बारिश कम हुई है। उत्तरप्रदेश से लगा विंध्य इलाका ऐसा है जहां अल्प वर्षा के कारण दिक्कत हुई है। श्री चौहान ने कहा कि संकट के ऐसे समय राज्य सरकार जनता के साथ खड़ी है। जब जनता तकलीफ और कष्ट में हो तब सरकार उनको संकट के पार निकाल कर ले जाए, तभी वह सरकार है।

मुख्यमंत्री ने टीवी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में कृषक कल्याण, उर्वरक वितरण, विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को लाभान्वित करने, रक्तदान, वृक्षारोपण, महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक उन्नय दिलवाने, सामुदायिक वन प्रबंधन, स्व-रोज़गार योजनाओं से युवाओं को लाभान्वित करने, ग्रामीण इंजीनियर तैयार करने, सीएम राइज विद्यालयों के संचालन, मुख्यमंत्री राशन योजना, तेंदूपत्ता समितियों को अधिकार देने और बैकलॉग के पदों की पूर्ति के लिए हो रहे कार्य का विवरण दिया।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान

कारम डैम आपदा के उत्कृष्ट प्रबंधन पर बनाएगा केस स्टडी

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान और केंद्रीय जल आयोग के अधिकारियों से चर्चा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय में कार्यरत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान और केंद्रीय जल आयोग के अधिकारियों के पांच सदस्यीय दल ने मंत्रालय में भेंट की। दल ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कारम डैम आपदा के उत्कृष्ट एवं समेकित प्रबंधन की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि कारम डैम के आपदा प्रबंधन की केस स्टडी देशभर में अध्ययन का विषय बन रही है। केस स्टडी, राष्ट्रीय स्तर के प्रशासनिक, पुलिस, सेना, एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस आदि संस्थानों में अध्ययन के लिये उपलब्ध कराई जायेगी।

श्री चौहान को दल के सदस्यों और अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने बताया कि उन्होंने 9 से 11 सितंबर तक कारम बांध क्षेत्र, धार और खरगोन जिलों के प्रभावित ग्रामों का भ्रमण किया और आपदा से ग्रामवासियों और पशुधन सहित अन्य संपत्तियों की रक्षा की जानकारी प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन कारम बांध से पानी के रिसाव की जानकारी मिलते ही अगस्त माह में तीन दिन वल्लभ भवन सिचुएशन रूम में दिन-रात लगातार उपस्थित रह कर राष्ट्रीय स्तर के बांध विशेषज्ञों से चर्चा की और सम्पूर्ण स्थिति पर सतत निगाह रखते हुए समुचित तथा ठोस निर्णय लेकर इस प्रकार के आपदा प्रबंधन को अंजाम दिया, जिससे जन-हानि, पशुधन-हानि और संपत्ति-हानि की स्थिति निर्मित नहीं हो सकी। इसलिए राज्य सरकार द्वारा तत्परतापूर्वक की गई कार्यवाही को प्रशिक्षण संस्थाओं में अध्ययन में शामिल किया जा रहा है।

श्री चौहान से मंत्रालय में भेंट करने वालों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के प्रो. डॉ. सूर्य प्रकाश, श्री अजीत बाथम, श्री हरिहर कुमार और श्री अमृतलाल हलधर और केंद्रीय जल आयोग के श्री शरद चंद्र शामिल थे।

ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर महिलाएं हो रही हैं आत्मनिर्भर

भोपाल, मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आजीविका मिशन से जुड़कर आत्मनिर्भर हो रही हैं। उन्हें शासन से विभिन्न व्यवसाय एवं गतिविधियों के लिये आर्थिक एवं अन्य सहयोग मिल रहा है, जिससे वे अच्छी आमदनी ले पा रही हैं।

भिण्ड जिले के लहार विकासखण्ड के ग्राम अदलीशपुरा के भीमाबाई आजीविका स्व-सहायता समूह की श्रीमती विनीता बाई टमटम (इलेक्ट्रॉनिक ऑटो रिक्शा) से आजीविका चला रही हैं। उन्हें ग्रामीण विकास बैंक से 50 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। उनके पति राजमिस्त्री का काम करते थे और बेटा बेरोज़गार था। बमुश्किल घर चल पाता था। उन्होंने स्व-सहायता समूह बनाया। उन्हें आजीविका मिशन से 11 हजार रुपये की चक्रीय राशि, ग्राम संगठन से 80 हजार रुपये का ऋण एवं बैंक से 50 हजार रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक ऑटो रिक्शा खरीदा, जिसे उनका बेटा चलाता है।

बटन मशरूम की खेती से आमदनी

भिण्ड जिले के ग्राम इकाहरा के स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने बटन मशरूम की खेती शुरू की। मशरूम की खेती में लागत कम एवं उत्पादन अधिक होने से उन्हें अच्छा लाभ प्राप्त हुआ। उन्होंने मशरूम की खेती में उपयोग की जाने वाली कम्पोस्ट खाद भी खुद तैयार की। मशरूम उत्पादन से न केवल वे अच्छा लाभ ले रही हैं, बल्कि क्षेत्र में उनकी पहचान भी बनी है।

नर्सरी से अच्छा लाभ

बुरहानपुर जिले के ग्राम बसाड़ की एकता स्व-सहायता समूह की श्रीमती रजनी की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। उन्होंने समूह से नर्सरी का कार्य सीखा एवं आर्थिक सहायता प्राप्त कर नर्सरी का व्यवसाय प्रारंभ किया।

अर्चना ने खोला कॉमन सर्विस सेंटर

बुरहानपुर जिले के ग्राम दापोरा की रेणुका माता स्व-सहायता समूह की श्रीमती अर्चना पाटिल ने कॉमन सर्विस सेंटर प्रारंभ किया है। इसके माध्यम से वे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण के लिये पंजीयन, सम्मान निधि योजना में किसानों का पंजीयन, पथ-विक्रेता योजना में पंजीयन सहित अन्य सेवाएं दे रही हैं।

जैकेट निर्माण कार्य से आमदनी

शिवपुरी जिले के बदरवास विकासखण्ड के ग्राम बारई एवं आसपास के स्व-सहायता समूहों की लगभग 2500 महिलाएं जैकेट निर्माण का कार्य कर रही हैं। उन्हें इसके लिये आजीविका मिशन से प्रशिक्षण मिला। इस कार्य से प्रति महिलाएं लगभग 6 से 8 हजार रुपये प्रतिमाह की आमदनी लेती हैं। इसके अलावा वे जनरल स्टोर, किराना स्टोर एवं कृषि गतिविधियां भी कर रही हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में

प्रधानमंत्री के संकल्पों को साकार करने की दिशा में हो रहे हैं तेजी से कार्य



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर में 'मोदी@20' पुस्तक का अनावरण करते हुये।

इंदौर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी असाधारण एवं अद्वितीय व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके कुशल नेतृत्व में भारत ने विश्व में नई ऊंचाइयां प्राप्त की हैं, देश का मान-सम्मान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है, चहुंमुखी विकास हो रहा है। देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्पों को साकार करने की दिशा में मध्यप्रदेश में तेजी से कार्य हो रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में 'मोदी@20' पुस्तक का अनावरण कर समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शासन व्यवस्था में नए प्रतिमान स्थापित किये हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी सहृदय, संवेदनशील, अद्वितीय एवं असाधारण व्यक्तित्व के धनी हैं। कुशल संगठक, प्रशासक एवं कुशल नेतृत्वकर्ता हैं। उनके नेतृत्व में देश का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान-स्वाभिमान बढ़ा है। उनके मुख्यमंत्रित्वकाल में गुजरात के भूकंप तथा प्रधानमंत्रित्वकाल में कोरोना के दौरान आपदा प्रबंधन के बेहतर कार्य हुए हैं। भूकंप हो या कोरोना का संकटकाल आदि आपदा में नागरिकों के साथ अपनत्व के भाव से खड़े रहे हैं। उन्होंने संकट से निजात दिलाई। कोरोना वैक्सीन बनाकर वर्तमान एवं भविष्य को सुरक्षित किया है। भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में भी उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। इस क्षेत्र में भी स्वदेशी को बढ़ावा मिल रहा है। भारत विश्व की 5वीं आर्थिक शक्ति बन गया है। सैन्य क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य हुये हैं। भारत की सुरक्षा को मजबूत बनाया गया है। दुश्मनों को कठोरता के साथ सबक सिखाया गया है। देश में औद्योगिक विकास की तरफ विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा रहा है। श्री मोदी द्वारा स्वदेशी को नागरिकों के जीवन में उतारा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दृढ़-संकल्प होकर अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाकर उन्हें कार्य रूप में परिणित किया गया है। कश्मीर से धारा-370 को समाप्त किया गया। नया कानून बना कर तीन तलाक की कुप्रथा से महिलाओं को मुक्ति दिलाई गई। उनके कार्यकाल में सभी बाधाएं दूर कर अयोध्या में विशाल श्रीराम मंदिर बनाया जा रहा है। उनकी पहल पर योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया गया है। आज विश्व के सभी देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। राष्ट्र भाषा हिन्दी को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से गंदगी और बदबू से नागरिकों को निजात मिल रही है।

श्री चौहान ने कहा कि 'बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओ' अभियान भी प्रधानमंत्री श्री मोदी की देन है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मोदी@20' पुस्तक को सभी लोग अवश्य पढ़ें और उनके संकल्पों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ें।

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित इस विमोचित पुस्तिका में अलग-अलग क्षेत्र की विभूतियों के विचार हैं। उन्होंने जैसा महसूस किया वैसा लिखा है। यह पुस्तक अवश्य पढ़ी जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि एक सामान्य नागरिक से देश के उच्च पद पर आसीन होने का प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बेहतर उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जनजातीय समूह की सभी जनजातियों को समान लाभ मिले

भोपाल, जनजातीय समूह की सभी जनजातियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले। योजना को विभाग द्वारा इसी भाव और भावना के साथ तैयार किया जाना चाहिए। योजना का लाभ हितग्राही तक पहुंचने के सभी स्तरों की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए। जनजातीय समुदाय के हितों का संरक्षण संबंधित विभाग का दायित्व है। विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के विकास के लिए लागू की जाने वाली दुधारू गाय प्रदाय योजना का लाभ समान रूप से समूह की सभी जनजातियों को दिया जाना आवश्यक है। ये बातें राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने भोपाल स्थित राजभवन में पशुपालन विभाग की गतिविधियों पर चर्चा करते हुये कहीं।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि योजना में पशुधन की उपलब्धता और अन्य मानक, विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अनुरूप होने चाहिए। पशु, उसका आहार और उसके चयन की गुणवत्ता उत्कृष्ट होनी चाहिए। जरूरी है कि विभाग पशु की उपलब्धता, उसकी कीमत, चयन की सभी प्रक्रियाओं की सूक्ष्म और मैदानी मॉनीटरिंग करें, ताकि जनजातीय हितों की अनदेखी नहीं होने पाए।

श्री पटेल को अपर मुख्य सचिव पशुपालन श्री जे.एन. कंसोटिया ने बताया कि योजना में मिल्क रूट के हितग्राही परिवारों के चयन को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्हें उन्नत नस्ल की दुधारू गायें 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना के क्रियान्वयन से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि रोज़गार के अवसर मिलने पर हितग्राहियों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उच्च उत्पादक क्षमता के गौवंशीय पशुओं की उपलब्धता से दुग्ध उत्पादन क्षमता में भी बढ़ोतरी होगी। जनजातियों का पलायन भी रुकेगा। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट पशु क्रय करने के लिए कड़े मापदंड निर्धारित किए गए हैं। योजना की निगरानी जिले के उप-संचालक पशु चिकित्सा सेवाओं द्वारा की जाएगी।

'आयुष क्योर एप' का किया जाए समुचित प्रचार-प्रसार

भोपाल, आयुष राज्यमंत्री श्री रामकिशोर कांवरे ने आयुष विभाग परामर्शदात्री समिति की बैठक में कहा है कि, 'आयुष क्योर एप' आयुष चिकित्सा के लिए बहुत उपयोगी है। इसका समुचित प्रचार-प्रसार किया जाए। लोगों को बताया जाए कि आयुष क्योर एप कैसे काम करता है और इसे कैसे इस्तेमाल किया जाता है। आयुष विभाग के पास लगभग 700 योग प्रशिक्षक उपलब्ध हैं, जो योग के साथ-साथ आयुष क्योर एप का भी प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। सभी जिला आयुष अधिकारी इलाज के लिए आने वाले मरीजों को भी आयुष क्योर एप के बारे में जानकारी दें। श्री कांवरे ने निर्देश दिए कि आयुष चिकित्सा अधिकारियों के लिए सप्ताह में एक दिन तय कर दें, जिस दिन वे आंगनवाड़ी केन्द्रों में जाएं अपनी सेवाएं दें।

समिति के सदस्य एवं विधायक श्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि, कोरोना महामारी के दौरान आयुष विभाग ने मोर्चा संभाला और त्रिकटु चूर्ण व आरोग्य कसायम से लोगों का जीवन बचाया है। आयुर्वेद पद्धति से इलाज का प्रचार-प्रसार कैसे हो इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। विधायक श्री विजय रेवनाथ चौरे ने कहा कि आयुर्वेद अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी है।

प्रमुख सचिव श्री प्रतीक हजेला ने आयुष विभाग के कार्यों एवं योजनाओं के संबंध में अवगत कराया। श्री हजेला ने कहा कि विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स पर प्रशिक्षकों द्वारा योग कराया गया।

कनाडा और फ्रांस की तर्ज पर बनेंगे नवीन शासकीय भवन

भोपाल, मध्यप्रदेश में नवीन शासकीय भवन कनाडा, फ्रांस और मॉरिशियस की तर्ज पर बनाये जाएंगे। इसके लिये लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई परम्परागत शटरिंग के स्थान पर स्ट्रक्चर स्टे इन प्लेस फ्रॉम वर्क सिस्टम का उपयोग करेगी। ये बातें लोक निर्माण मंत्री श्री गोपाल भार्गव ने लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई के नवीन एसओआर 2022 के लोकार्पण अवसर पर कहीं। नवीन एसओआर में विभाग द्वारा 80 निर्माण आइटमों की दरों में परिवर्तन किया गया है।

श्री भार्गव ने कहा कि लोक निर्माण विभाग द्वारा भवनों में विद्युत फिटिंग कार्य में भी नवाचार किया जा रहा है। इसमें ईपीएस एक्सपेंडेड पॉलिस्ट्रिरेन कॉर पैनल का उपयोग किया जाएगा या लाइटवेट सेंडविच पैनल के मध्य में थर्माकॉल सीट का उपयोग किया जाता है। जिससे भवनों के अंदर का तापमान नियंत्रित रहता तथा भवन ध्वनि निरोधक बनाये जा सकेंगे। इस पद्धति से भी कार्य को पूर्ण करने में समय और बिजली की बचत होगी।

श्री भार्गव ने कहा कि प्रदेश में वर्तमान में 2020 का एसओआर प्रभावी है। गत 2 वर्ष में कोविड और यूक्रेन वार जैसी अपरिहार्य परिस्थितियों से उत्पन्न ग्लोबल क्राइसिस से विभिन्न प्रकार की निर्माण सामग्री जैसे स्टील, सीमेंट, कॉपर, एल्युमीनियम वायर, पीवीसी, पाइप फिटिंग की दर में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई है। जिसका प्रभाव निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। इन विषयों को दृष्टिगत रखते हुए लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई के नवीन एसओआर लागू किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश में 2 अक्टूबर से शुरू होगा नशामुक्ति अभियान

भोपाल, गांधी जयंती 2 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में 6 दिवसीय नशामुक्ति अभियान चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल से राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ करेंगे, जिसमें विभिन्न जिलों से छात्र-छात्राएं और नागरिक ऑनलाइन जुड़ेंगे। जिला स्तर पर कलेक्टर द्वारा सभा का आयोजन किया जाएगा और नशामुक्ति के लिये शपथ दिलाई जायेगी। इसी तरह अनुभाग एवं जनपद स्तर, ग्राम पंचायत मुख्यालय, गांवों और प्रत्येक नगरीय निकाय एवं वार्ड स्तर पर सभाएं कर नशामुक्ति के लिये शपथ दिलाई जायेगी। अभियान के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं, गतिविधियां, कार्यक्रम आदि किये जायेंगे। इनमें वॉल पेंटिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिताएं, मैराथॉन दौड़, नुक्कड़ नाटक, नशामुक्ति के लिए रैलियां, मानव श्रृंखला का निर्माण, कॉलेजों में विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे। कार्यक्रमों में नशे और शराब की आदतों से मुक्ति पा चुके लोग अपने प्रेरणादायी अनुभव भी साझा करेंगे।

संस्कृति, धर्म, परंपरा और जीवन मूल्यों का संरक्षण सरकार का दायित्व - मुख्यमंत्री

भोपाल, अधोसंरचना विकास कार्यों के संचालन और जनकल्याण के साथ ही संस्कृति, धर्म परंपरा, जीवन मूल्य और आने वाले समय में विश्व कैसा हो, इस पर चिंतन और कार्य भी सरकार का दायित्व है। सांची बौद्ध विश्वविद्यालय के प्रकल्पों को साकार करने में राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण परिषद की पांचवीं बैठक को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा छठवें अंतर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन की रचना सराहनीय है। सम्मेलन की तिथियां निर्धारित कर सभी आवश्यक तैयारियां की जाएं। राज्य सरकार इसके लिए पूरा सहयोग करेगी। साथ ही विश्वविद्यालय परिसर में अन्य देशों को अकादमिक और अन्य कार्यों के लिए स्थान उपलब्ध करवा कर विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय स्वरूप की कल्पना को भी साकार किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांची में श्रद्धा के साथ श्रीलंका और अन्य देशों से लोग आते हैं। यह स्थान राष्ट्रों को जोड़ने का आधार है। श्री चौहान ने कहा कि जब वे श्रीलंका गए थे तो वहां सीता माता के मंदिर के निर्माण और सांची में विश्वविद्यालय प्रारंभ करने का विचार समानांतर रूप से जन्मा। इसे साकार भी किया गया। भारत भूमि से बौद्ध और सनातन विचारधारा विश्व तक पहुंची। भौतिकता की अग्नि में दग्ध

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय की साधारण परिषद की बैठक को संबोधित करते हुये।

इस विश्व मानवता को शाश्वत सत्य का दिग्दर्शन भारत ही करवाएगा। इस दिशा में भारत आगे भी बढ़ रहा है। संभवतः यह ईश्वरीय विधान है, जिसके माध्यम हम सभी हैं। सांची विश्वविद्यालय के सभी प्रस्तावों को राज्य सरकार महत्वपूर्ण मानती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांची विश्वविद्यालय परिसर में अन्य देशों को अकादमिक कार्यों के लिए स्थान उपलब्ध करा कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालय की कल्पना को साकार किया जाना चाहिए।

बैठक में बताया गया कि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विभिन्न कार्यों को अंजाम दे रहा है। अकादमिक सत्र में प्रवेश प्रक्रिया और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में सेमेस्टर व्यवस्था लागू की गई है। विभिन्न बत्तीस प्रमाण-पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। सांची विश्वविद्यालय के रायसेन जिले के बारला ग्राम स्थित परिसर को परिवर्तित किया गया है। अब नवीन परिसर सांची में मध्यप्रदेश पर्यटन के गेट-वे रिट्रीट कैम्पस में स्थानांतरित हो गया है। सांची के पास सलामतपुर में आवंटित भूमि पर सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। बौद्धिक पीठ की नव रचना के लिए प्रयास किया गया है।

खजुराहो में साहित्यिक उत्सव-2023 के लिए की गई पहल की भी जानकारी दी गई। आजादी के अमृत महोत्सव में गतिविधियों के साथ ही विश्वविद्यालय का दूरस्थ अध्ययन केंद्र खजुराहो में प्रारंभ किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

'मां तुझे प्रणाम योजना'

युवा पंचायत के सभी निर्णय होंगे क्रियान्वित – मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि युवा पंचायत में लिए गए सभी निर्णयों के क्रियान्वयन में राज्य सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। युवाओं को देश दर्शन पर भेजना युवा पंचायत का ही एक निर्णय था। प्रदेश के युवा भारत की अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं का भ्रमण करें और उनमें साहस और देशभक्ति की भावना प्रबल हो इसी उद्देश्य से अनुभव यात्रा की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने 'मां तुझे प्रणाम योजना' में देश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के भ्रमण के लिए रवाना हो रहे युवा प्रतिभागियों के साथ स्मार्ट सिटी उद्यान में पौध रोपण कर उनसे संवाद किया। खेल और युवा कल्याण तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया भी उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 सितंबर को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। मातृ भाषा हमारे लिए उन्नति और गर्व का आधार है। यह गौरव का विषय है कि प्रदेश में मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में आरंभ हो रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को जीवन में प्रगति और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और युवाओं को पर्यावरण-संरक्षण की गतिविधियों में सक्रियता के साथ भाग लेने की शपथ दिलाई।

श्री चौहान ने 'मां तुझे प्रणाम योजना' में वाघा बॉर्डर जा रहे युवाओं के चौथे दल को राष्ट्रध्वज भेंट किया तथा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान योजना में अटारी, हुसैनीवाला, वाघा बॉर्डर होकर आ चुके युवा भी उपस्थित थे। युवाओं की ओर से आयुषी सिन्हा ने देश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के भ्रमण का अवसर प्रदान करने के लिए आभार माना तथा अपनी यात्रा के अनुभव साझा किए।

हिन्दी दिवस

मध्यप्रदेश में हिन्दी में पढ़ाए जाएंगे पाठ्यक्रम

भोपाल, हिन्दी का प्रयोग न करने और कम प्रयोग करने का कार्य एक तरह की मानसिक गुलामी का प्रतीक भी है। इस भाव को देश से बाहर निकालना आवश्यक है। हिन्दी के साथ ही हमारे देश में अनेक भाषाएं हैं। इनके उपयोग के साथ ही राजभाषा में पूरा कामकाज किए जाने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश में हिन्दी को भरपूर प्रोत्साहन दिया गया है। सहज और सरल हिन्दी का उपयोग करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में हिन्दी दिवस पर रवीन्द्र भवन सभागम में हिन्दी भाषा सम्मान अलंकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिन्दी का उपयोग करने में हमें पीछे नहीं रहना चाहिए। खुल कर हिन्दी बोलें। अपने घर में भी अधिक से अधिक हिन्दी का उपयोग करें। परिवार के सदस्य हिन्दी बोलने में कंजूसी न करें और अंग्रेजी के शब्दों के बोझ से अपनी आत्मा को न दबाएं। श्री चौहान ने कहा कि उन्होंने संसद में भी अनेक सांसदों को अंग्रेजी में अपनी बात कहते देखा है। शायद वे मानते हैं कि अंग्रेजी बोलेंगे तो हमारा अलग रुतबा होगा। मध्यप्रदेश में गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में चिकित्सा की पढ़ाई इसी सत्र से हिन्दी में प्रारंभ कर रहे हैं। साथ ही इंजीनियरिंग और विज्ञान तकनीकी से जुड़े अन्य पाठ्यक्रमों को भी हिन्दी में पढ़ाने की शुरुआत राज्य में की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अटल जी का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में संबोधन दिया था, जो किसी भारतीय राजनेता द्वारा प्रथम बार संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में दिया गया संबोधन था। उन्होंने हिन्दी का सम्मान बढ़ाया। हम सभी को हिन्दी पर गर्व करना चाहिए। हिन्दी हमारी मातृ-भाषा भी है। विदेशी भाषा को गर्व का विषय न बना कर हिन्दी को अपनी मातृ-भाषा बनाएं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने हिन्दी दिवस पर आयोजित हिन्दी भाषा सम्मान अलंकरण कार्यक्रम में हिन्दी सेवियों को सम्मानित किया।

श्री चौहान ने कहा कि हिन्दी अद्भुत भाषा है। हिन्दी मन है, प्राण है और आत्मा है। बिना हिन्दी के भारत के भावों का प्रकटीकरण नहीं हो सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बात कचोटती है कि आज हिन्दी भाषा सम्मेलन और हिन्दी दिवस कार्यक्रम करने होते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नवीन शिक्षा नीति में हिन्दी और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि अनुवाद की शुद्धता पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। अक्सर विधेयकों की भाषा कोई समझ नहीं पाता।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाया जाए। किसी भी स्तर पर हिन्दी के प्रयोग में कंजूसी की आवश्यकता नहीं है। भारत का प्राचीन इतिहास देखें तो, हमने वेदों की रचना तब कर ली थी जब अनेक देशों में सभ्यता के सूर्य का उदय नहीं हुआ था। भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम का विचार दिया। इसी तरह हिन्दी भारत से आगे जाकर संसार के अनेक देशों में बोली जा रही है। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में यह शामिल है। मध्यप्रदेश की धरती पर हिन्दी के प्रचार के लिए गंभीरतापूर्वक लगातार प्रयास होते रहेंगे।

गर्व से करें हिन्दी का उपयोग

संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि हम सब को गर्व से हिन्दी भाषा का उपयोग करना चाहिए। हिन्दी हमारी मातृ भाषा, पहचान और हमारी संस्कृति का प्राण है। हिन्दी भाषा में करीब 50 लाख शब्द हैं। वर्णमाला के 52 अक्षरों के साथ हजारों पर्यायवाची शब्दों को समाहित करती हिन्दी जैसी विश्व में कोई दूसरी भाषा नहीं है। मंत्री सुश्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में कराने के नवाचार के लिए मध्यप्रदेश की प्रशंसा की है। यह मुख्यमंत्री श्री चौहान की हिन्दी भाषा के प्रति समर्पण के भाव और उसके विकास के चिंतन का परिणाम है।

बारह हिन्दी सेवी हुए सम्मानित

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान से श्री जयदीप कर्णिक को वर्ष 2019 के लिए और नई दिल्ली की ऋतम संस्था को वर्ष 2020 के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय निर्मल वर्मा सम्मान से सुश्री डॉ. अर्चना पैन्यूली डेनमार्क को वर्ष 2018 के लिए, डॉ. कृष्ण कुमार बर्मिंघम को वर्ष 2019 के लिए रोहित कुमार 'हैप्पी' न्यूजीलैंड को वर्ष 2020 के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय फादर कामिल बुल्के सम्मान से सुश्री आनी मांतो पेरिस को वर्ष 2018 के लिए, डॉ. बीरसेन जागा सिंह मारीशस को वर्ष 2019 के लिए और प्रो. हिदेआकि इशिदा टोक्यो को वर्ष 2020 के लिए सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय गुणाकर मुले सम्मान से वर्ष 2019 के लिए पद्माकर धनंजय सराफ भोपाल को और वर्ष 2020 के लिए डॉ. संतोष चौबे भोपाल को सम्मानित किया गया। इसी तरह राष्ट्रीय हिन्दी सेवा सम्मान से डॉ. शीला कुमारी त्रिवेंद्रम को वर्ष 2019 के लिए और श्री सुधीर मोता भोपाल को वर्ष 2020 के लिए सम्मानित किया गया। इन सभी सम्मानों में प्रत्येक सम्मानित को एक-एक लाख रुपये की सम्मान राशि, सम्मान पट्टिका एवं शाल-श्रीफल प्रदान किया गया।

सांची सोलर सिटी देश में बनेगी उदाहरण

भोपाल, सौर ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में सबसे तीव्र गति से विकास कर रहा है। जल्दी ही सांची सोलर सिटी भी देश में एक उदाहरण बनेगी। सांची शहर ही नहीं, प्रत्येक घर किसी न किसी रूप में सोलर ऊर्जा से जुड़ेगा। यहां एसी, कूलर, कार, स्ट्रीट लाइट से लेकर घरेलू उपकरण तक सौर ऊर्जा से संचालित होंगे। यह बात नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं महाभियान (कुसुम 'ए' एवं 'सी') के साथ सांची सोलर सिटी सौर परियोजनाओं की स्थापना के लिये चयनित विकासकों और किसानों को लेटर ऑफ अवॉर्ड वितरित करते हुए कही।

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग सांची सोलर सिटी सौर परियोजना के विकासकों और किसानों को लेटर ऑफ अवॉर्ड वितरित करते हुये।

सांची के पहाड़ी क्षेत्र की भूमि पर 8 मेगावॉट सौर संयंत्र की स्थापना के लिये डेवलपर नेशनल हाइड्रो पावर डेवलपमेंट कॉपोरेशन के प्रबंध संचालक श्री व्ही.के. सिन्हा ने लेटर ऑफ अवॉर्ड ग्रहण किया। कार्यक्रम में ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिर्राज दण्डोतिया मौजूद थे।

श्री डंग और श्री दण्डोतिया ने कुसुम 'ए' योजना में चयनित 9 किसान और डेवलपर को 14 मेगावॉट के लेटर ऑफ अवॉर्ड का वितरण किया। ऊर्जा विकास निगम द्वारा प्रदेश में चिन्हित 900 से अधिक सब-स्टेशनों पर सौर ऊर्जा से विद्युत उत्पादन के लिये 4 चरण में लगभग 112 मेगावॉट के सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना के लिये चयनित सौर ऊर्जा उत्पादकों के पावर मैनेजमेंट कम्पनी के साथ 71 मेगावॉट के विद्युत क्रय अनुबंध किये जा चुके हैं। श्री डंग ने कहा कि कुसुम 'सी' योजना किसान, शासन, जनता और पर्यावरण सभी के लिये बहुत अच्छी योजना है। किसान बिजली बेचकर आय अर्जित करता है। उन्होंने डेवलपर्स और इन्वेस्टर्स को आश्वासन दिया कि सभी प्रकार की विभागीय सुविधा और सहयोग दिया जाएगा। लगभग 1000 किसानों के पम्प सौर ऊर्जीकृत करने के निर्देश जारी कर दिये गये हैं। किसानों को इससे सिंचाई सुविधा भी मिलेगी और दिन में बिजली भी मिलेगी। योजना में सोलर संयंत्र स्थापना के लिये 30 प्रतिशत केंद्रीय सहायता राशि प्रदान की जाती है। चयनित डेवलपर्स को 4 मेगावॉट क्षमता के सौर संयंत्र की स्थापना के लिये परियोजना आवंटन पत्र दिये गये।

चिकित्सा के क्षेत्र में विस्तार करने के लिये राज्य सरकार प्रयासरत

भोपाल, चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल में चिकित्सा शिक्षा विभाग की परामर्शदात्री समिति की बैठक में कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में विस्तार करने के लिये राज्य शासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि अस्पताल की ओपीडी में सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही इमरजेंसी विभाग के अधोसंरचना सहित वहां काम करने वालों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने की भी तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि एन.एम.सी. के मापदण्ड अनुसार नये भवनों की डिजाइन तैयार करवाई जा रही है।

श्री सारंग ने बताया कि प्रदेश के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम के हार्डवेयर इंस्टॉल कर दिये गये हैं। सॉफ्टवेयर इंस्टॉलेशन की कार्यवाही चल रही है।

बताया गया कि गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल के अधीन स्टेट वाइरोलॉजी लैब स्टाफ को नेशनल सेंटर फॉर डिसीज कन्ट्रोल (एन.सी.डी.सी.) द्वारा जीनोम सिक्वेंसिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में
खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर,
छिन्दवाड़ा, बीना, धार
एवं अशोकनगर जिलों में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

चर्चा

सुएला ब्रेवरमैन

भारतवंशी ब्रिटेन का गृह मंत्रालय संभालेंगी

ब्रिटेन में भारतीय मूल की 42 वर्षीय सुएला ब्रेवरमैन को गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के फेयरहैम से कंजरवेटिव पार्टी की सांसद सुएला की माँ तमिल और पिता गोवा से हैं। उनकी माँ मॉरीशस से ब्रिटेन गईं और पिता केन्या में रहते थे जो 1960 में ब्रिटेन आ गए थे। सुएला का जन्म ग्रेटर लंदन में हुआ था और परवरिश वेंबले में हुई। सुएला ने यूरोपियन और फ्रेंच लॉ की पढ़ाई पूरी की है।

डेनमार्क की

रानी ने स्थगित किया जयंती समारोह

डेनमार्क की रानी मार्ग्रेट ने ब्रिटेन की दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को श्रद्धांजलि देने के लिए यूरोपीय राजशाही के 50 साल पुराने होने के उपलक्ष्य में होने वाले जश्न को स्थगित कर दिया है। डेनमार्क के शाही महल ने जानकारी देते हुए बताया कि यूरोप में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली 82 वर्षीय रानी मार्ग्रेट ने श्रद्धांजलि देते हुए ब्रिटेन की महारानी को याद किया। डेनमार्क के शाही महल में झंडे आधे झुका दिए गए। निर्धारित कार्यक्रम में शुभचिंतकों के साथ-साथ शाही बग्गी में राजधानी का दौरा करने के लिए अमलीनबॉर्ग पैलेस बालकनी पर मार्ग्रेट की उपस्थिति स्थगित कर दी गई।

इंडोनेशिया के

वेस्ट पापुआ में भूकंप के झटके

इंडोनेशिया के सुदूर पूर्वी प्रांत वेस्ट पापुआ में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान और भू-भौतिक एजेंसी ने बताया कि वेस्ट पापुआ प्रांत के मध्य मैम्बेरमो जिले से करीब 37 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में कम से कम चार बार भूकंप आया और इनकी तीव्रता 6.2 से 5.5 के बीच मापी गयी। भूकंप का केंद्र जमीन से 16 किलोमीटर की गहरायी में स्थित था। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण में भूकंप की तीव्रता 6.1 से 5.9 के बीच मापी गई और भूकंप का केंद्र जमीन से 19 से 33 किलोमीटर की गहरायी में बताया गया।

ऑस्ट्रेलिया

रेगिस्तान में मिला 1.4 करोड़ साल पुराना कोरल रीफ

ऑस्ट्रेलिया का लगभग 18 फीसदी हिस्सा रेगिस्तान है। बंजर और वीरान इस जमीन पर कभी समुद्र हुआ करता है। वैज्ञानिकों को ऑस्ट्रेलिया के एक रेगिस्तान के बीचों-बीच अब करोड़ों वर्ष पुराना कोरल रीफ मिला है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के नुलरबोर मैदान में यह कोरल रीफ मिला है। नुलरबोर लगभग 1 लाख 20 हजार वर्ग किलोमीटर वाला चूना पत्थर की चट्टान वाला रेगिस्तान है। ये रेगिस्तान आज से 1.4 करोड़ साल पहले सेनोजोइक काल में महासागर के नीचे था।

रीटा ओरा

खाद्य पदार्थों से बना गायिका का पोट्रेट

अल्बानिया के तिराना में कोसोवा आर्टिस्ट अल्केंट पाजेमू ने पापुलर ब्रिटिश गायिका और गीतकार रीटा ओरा का पोट्रेट बनाया। उसमें गेहूं, चावल, सूरजमुखी के बीज, मक्का और दालों का इस्तेमाल किया गया है। रीटा डीजे फ्रैश के एकल 'हॉट राइट नाऊ' अलबम में अभिनय से रातोंरात ब्रिटेन में प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंच गई थीं। इसके बाद उन्होंने अपना पहला स्टूडियो एलबम ओरा वर्ष 2012 में रिलीज किया था।

जेसन मोमोआ

हॉलीवुड अभिनेता ने जीवन में पहली बार बाल कटवाए

हॉलीवुड की मशहूर सीरीज गेम ऑफ थ्रोन्स के अभिनेता जेसन मोमोआ ने जीवन में पहली बार अपने बाल कटवाए। दरअसल, जेसन ने सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल के प्रति विरोध जताने के लिए अपने बाल कटवाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है कि, मैं इस सिंगल यूज वाले प्लास्टिक के इस्तेमाल से थक चुका हूं। हमें इनका उपयोग बंद करना होगा।

'तेजस'

भारत के रक्षामंत्री को तोहफे में मिला घोड़ा

मंगोलिया की यात्रा पर गए रक्षामंत्री श्री राजनाथ सिंह को वहां के राष्ट्रपति ने एक राजसी घोड़ा उपहार में दिया है। माना जाता है कि चंगेज खान ने इसी नस्ल के घोड़े पर बैठकर अपने समय के युद्ध जीते थे। रक्षामंत्री ने इस तोहफे का नाम तेजस रखा है। कहा जाता है कि भीषण गर्मी से लेकर कड़ाके की ठंड में ये घोड़े चरते हुए घूमते रहते हैं।

युद्धपोत तारागिरी

नौसेना का अत्याधुनिक युद्धपोत लॉन्च हुआ

मुंबई के मझगांव डाक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित युद्धपोत तारागिरी को मुंबई में लॉन्च किया गया। यह प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का उन्नत संस्करण और लिएंडर क्लास एएसडब्ल्यू फ्रिगेट का पुनर्निमाण है। इस युद्धपोत में करीब 75 फीसदी स्वदेशी उपकरण लगे हैं। 3,510 टन वजनी फ्रिगेट की डिजाइन नौसेना ने की है। पूरे प्रोजेक्ट की लागत 25,700 करोड़ रुपये है। यह बेहतर स्टील्थ फीचर्स, अत्याधुनिक हथियार सेंसर और प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। समुद्री क्षेत्र में इससे भारत की ताकत बढ़ेगी।

अफगानिस्तान

स्कूल बंद किए जाने के खिलाफ छात्राएं लामबंद

अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत पख्तिया में स्कूल बंद किए जाने के विरोध में छात्राओं ने तालिबान के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और सड़कों पर मार्च निकाला। दरअसल, तालिबान सरकार ने छठीं कक्षा से ऊपर के कुछ स्कूल लड़कियों के लिए खोल दिए थे। लेकिन फिर बंद कर दिए गए हैं। इससे लड़कियां उच्च शिक्षा अर्जित नहीं कर पा रही हैं। इस संबंध में कई मानवाधिकार कार्यकर्ता और शिक्षाविदों ने दुनियाभर के नेताओं से आग्रह किया था। लेकिन तालिबान के कब्जे के एक साल पूरे होने के बाद भी स्कूल नहीं खुल पाए हैं।

जेम्स बॉण्ड की

साठवीं सालगिरह पर दुनिया की सबसे बड़ी भूल भुलैया तैयार

रिचर्डसन एडवेंचर पार्क में दुनिया की सबसे बड़ी भूल-भुलैया बनाई गई है। जेम्स बॉण्ड फिल्म सीरीज के इस साल 60 साल पूरे होने के मौके पर 28 एकड़ में फैले मक्के के खेतों में 16 किलोमीटर लंबी भूल-भुलैया बनाई गई है। इसमें कहीं से भी प्रवेश करने के बाद सेंटर में पहुंचा जा सकता है। जीपीएस सिस्टम लगे ट्रैक्टरों से इसे बनाया गया है। इसमें बॉण्ड हीरो शॉन कॉनेरी, रोजर मूर, प्रीयर्स ब्रॉसनन, तिमोथी डैल्टन, डेनियल क्रैग की आकृति उकेरी गई है।

दक्षिण कोरिया

वैज्ञानिकों ने सूर्य से 7 गुना ज्यादा तापमान पैदा किया

दक्षिण कोरिया के भौतिक वैज्ञानिकों ने फ्यूजन रिएक्टर में एक तरह से नया सूर्य बना लिया है। कोरिया सुपर कंडक्टिंग टोकामाक एडवांस्ड रिसर्च (केएसटीएआर) डिवाइस टीम ने फ्यूजन रिएक्टर में चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग कर प्लाज्मा में करीब 30 सेकेंड तक 10 करोड़ डिग्री सेल्सियस तापमान पैदा किया। यह सूर्य के तापमान 1.50 करोड़ डिग्री सेल्सियस के करीब 7 गुना ज्यादा है। हार्डवेयर की अपनी सीमित क्षमता के कारण इस तापमान को 30 सेकेंड तक ही बनाए रखा गया।

संजय वर्मा

कनाडा में अगले भारतीय उच्चायुक्त होंगे

अनुभवी राजनयिक संजय कुमार वर्मा को कनाडा में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। वर्तमान में अमेरिका के शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूत के तौर पर कार्यरत अमित कुमार को दक्षिण कोरिया में अगले भारतीय राजदूत के तौर पर नामित किया गया है।

जेमिमा रोड्रिगुएज

मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलेंगी

भारतीय महिला क्रिकेटर जेमिमा रोड्रिगुएज अब विग बैश टी-20 लीग में मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलेंगी। वह पहले मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेलती थीं। जेमिमा मेलबर्न स्टार्स के लिए खेलने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं। क्लब ने ट्वीट कर उनका स्वागत किया है।

पिकाचू जेट

पोकेमॉन के प्रशंसकों के लिए तैयार

सिंगापुर की बजट एयरलाइन स्कूट ने सिंगापुर, टोक्यो और सियोल जैसे चुनिंदा रूट्स पर पिकाचू जेट सर्विस शुरू की है। इस विमान में पोकेमॉन की थीम पर सजावट की गई है। फूड और मर्चेंडाइज में भी पोकेमॉन के कैरेक्टर्स की छाप है। यात्रियों को कप, नैपकिन, पिलो और सीट बेल्ट में भी पोकेमॉन के कैरेक्टर नजर आएंगे। इसकी पहली उड़ान 9 सितंबर से शुरू हुई। सबसे लंबे रूट हानेडा से शिमोजिशिमा का किराया 30 हजार रुपए है।

चीन के

अरबपति ने स्टार ट्रेक के स्पेसशिप की डिजाइन बनवाई

साइंस फिक्शन सीरीज स्टार ट्रेक से प्रभावित होकर चीन के अरबपति लियू डिजियांग ने अपने ऑफिस की बिल्डिंग ही स्टार ट्रेक के काल्पनिक स्पेसशिप यूएसएस एंटरप्राइज की आकृति में बनवा ली। 853 फीट लंबी इस बिल्डिंग को बनाने में लगभग 774 करोड़ की लागत आई और यह दुनिया में स्टार ट्रेक के प्रति दीवानगी की सबसे बड़ी और सबसे महंगी मिसाल है। इस बिल्डिंग में ऑटोमेटिक स्लाइडिंग डोर के अलावा विशाल 30 फीट ऊंची मेटल की स्लाइड लगी है। बिल्डिंग में एक ट्रेन भी है जो आगंतुकों को पूरे कैम्पस की सैर कराती है।

बराक ओबामा

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एमी सम्मान से सम्मानित

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को वृत्तचित्र अवर ग्रेट नेशनल पार्क में आवाज देने के सर्वश्रेष्ठ नैरेटर का एमी पुरस्कार प्रदान किया गया। 5 हिस्सों में विभाजित इस श्रृंखला में दुनिया के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों को दिखाया गया है। इसे बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा की कंपनी हायर ग्राउंड ने बनाया है। बराक ओबामा से पहले 1956 में राष्ट्रपति आइजनहावर को एमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

गंगोत्री

ग्लेशियर 1.7 किलोमीटर पीछे खिसका

देश के हिमालयी राज्यों में 9597 ग्लेशियर हैं। वर्ष 1935 से 2022 के बीच 87 साल में देश के बड़े ग्लेशियरों में से एक उत्तराखंड का गंगोत्री ग्लेशियर 1.7 किलोमीटर पीछे खिसक गया है। यह खुलासा देहरादून के वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी के वैज्ञानिकों के ताजा शोध से हुआ है।

अनघा राजेश

ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज से सम्मानित

पोषण और मेंटल हेल्थ के क्षेत्र में काम करने वाली भारतीय छात्रा अनघा राजेश को 'चेंग डॉट ओआरजी ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2022' के लिए टॉप-10 की लिस्ट में शामिल किया गया है। इसके तहत 1 लाख डॉलर का पुरस्कार दिया जाता है। गोवा में बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस की छात्रा अनघा 150 देशों से मिली 7000 से अधिक एंट्रीज में से चुनी गई हैं।

देविका बुलचंदानी

ओगिल्वी की नई सीईओ होंगी

देविका बुलचंदानी दुनिया की सबसे बड़ी एड एजेंसी ओगिल्वी की नई ग्लोबल सीईओ होंगी। अमृतसर में जन्मीं देविका इस पद पर पहुंचने वाली पहली भारतीय हैं। वे 93 देशों में क्रिएटिव नेटवर्क से जुड़े काम संभालेंगी।

स्मृति शेष

सत्रह दिन सीजेआई रहे के.एन. सिंह का निधन

मात्र 17 दिन के लिए देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बने के.एन. सिंह का 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके नाम सबसे कम समय सीजेआई रहने का रिकॉर्ड है। सीजेआई पद पर 25 नवंबर 1991 को नियुक्त हुए श्री सिंह 12 दिसंबर 1991 को सेवानिवृत्त हुए।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान

1. किसी द्रव का उसके क्वथनांक से पूर्व उसके वाष्प में बदलने की प्रक्रिया को क्या कहते हैं -
(अ) वाष्पीकरण
(ब) संघनन
(स) हिमीकरण
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) वाष्पीकरण

2. आपस में जुड़ी दो आवेशित वस्तुओं के बीच विद्युत धारा नहीं बहती यदि वे होती हैं -
(अ) समान आवेश पर
(ब) समान धारिता पर
(स) समान विभव पर
(द) समान प्रतिरोध पर
उत्तर- (स) समान विभव पर

3. जी.आई.एफ. (GIF) का आशय है -
(अ) जियोग्राफिकल इमेज फार्मेट
(ब) ग्लोबल इमेज फार्मेट
(स) ग्राफिक्स इंटरचेंज फार्मेट
(द) इनमें से कोई
उत्तर- (स) ग्राफिक्स इंटरचेंज फार्मेट

4. प्रकाश तंतु (Optic Fibre) किस सिद्धांत पर कार्य करता है -
(अ) पूर्ण आंतरिक परावर्तन
(ब) अपवर्तन
(स) प्रकीर्णन
(द) व्यतिकरण
उत्तर- (अ) पूर्ण आंतरिक परावर्तन

5. संविधान में मौलिक कर्तव्यों का समावेश निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश पर किया गया था -
(अ) शाह आयोग
(ब) प्रशासनिक सुधार आयोग
(स) संथानम समिति
(द) स्वर्ण सिंह समिति
उत्तर- (द) स्वर्ण सिंह समिति

6. भारत के संविधान की निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची में दल-बदल संबंधी विषयक उपबंध हैं -
(अ) दूसरी अनुसूची
(ब) पांचवीं अनुसूची
(स) आठवीं अनुसूची
(द) दसवीं अनुसूची
उत्तर- (द) दसवीं अनुसूची

7. 'जीवक चिन्तामणि' के रचनाकार कौन हैं -
(अ) मणिमेखले
(ब) तिरूत्तक्कदेवर
(स) पतंजलि
(द) वसुमित्र
उत्तर- (ब) तिरूत्तक्कदेवर

8. किस सल्तनतकालीन शासक ने 'सिजदा' और 'बैबोस' नामक ईरानी रीतियों का प्रचलन अपने दरबार में करवाया -
(अ) अल्लाउद्दीन
(ब) मुहम्मद-बिन-तुगलक
(स) बलबन
(द) इल्तुतमिश
उत्तर- (स) बलबन

9. 'निकोलस कोण्टी' नामक इतालवी यात्री किस संगमकालीन शासक के समय विजयनगर आया था -
(अ) देवराय प्रथम
(ब) देवराय द्वितीय
(स) कृष्णदेव राय
(द) बुक्का
उत्तर- (अ) देवराय प्रथम

10. 'मुबइयान' नामक पद्य शैली का विकास किसके द्वारा किया गया था -
(अ) हुमायूँ
(ब) बाबर
(स) अबुल फजल
(द) लाल खाँ
उत्तर- (ब) बाबर

11. पंचतंत्र नामक पुस्तक का फारसी भाषा में अनुवाद किसके द्वारा तथा किस नाम से किया गया -
(अ) अबुल फजल, अनवर-ए-सुहैली
(ब) बदायूँनी, रज्जमनामा
(स) मज्म-उल-बहरीन, दारा शिकोह
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) अबुल फजल, अनवर-ए-सुहैली

12. 'मदद-ए-माश' मुगलकाल में किस प्रकार की भूमि को कहा जाता था -
(अ) तनख्वाह के बदले की भूमि
(ब) बादशाह के नियंत्रण की भूमि
(स) अनुदान में दी गई भूमि
(द) बंजर भूमि
उत्तर- (स) अनुदान में दी गई भूमि

13. एशियाड स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला कौन थी -
(अ) एन. पोल्ले
(ब) कमलजीत संधू
(स) साक्षी मलिक
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) कमलजीत संधू

14. सुरेश तेन्दुलकर समिति का संबंध है -
(अ) बैंकिंग क्षेत्र में सुधार हेतु
(ब) फ्यूचर ट्रेडिंग से
(स) गरीबी रेखा आकलन से
(द) कर सुधार हेतु
उत्तर- (स) गरीबी रेखा आकलन से

15. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत कब की गई -
(अ) 2017 (ब) 2019
(स) 2016 (द) 2014
उत्तर- (स) 2016

16. निर्धनता मापन हेतु बनी लकड़ावाला समिति ने निर्धनता मापन हेतु किसे आधार माना था -
(अ) रूपया
(ब) कैलोरी
(स) प्रति व्यक्ति आय
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (ब) कैलोरी

17. राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की स्थापना कब की गई थी -
(अ) 1965 (ब) 1960
(स) 1967 (द) 1968
उत्तर- (अ) 1965

18. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है -
(अ) फूलों की खेती - फ्लोरी कल्चर
(ब) फसलों की खेती - ऐग्रोनॉमी
(स) सब्जियों की खेती - हॉर्टिकल्चर
(द) फलों की खेती - पोमोलॉजी
उत्तर- (स) सब्जियों की खेती - हॉर्टिकल्चर

19. ऑन्कोलॉजी किस बीमारी के उपचार से जुड़ा है -
(अ) कैंसर
(ब) एड्स
(स) टी.बी.
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) कैंसर

20. मेनिनजाइटिस रोग मानव शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है -
(अ) आँत (ब) लीवर
(स) आँख (द) मस्तिष्क
उत्तर- (द) मस्तिष्क

21. मीबोमियन ग्रंथि किस अंग में स्थित होती है -
(अ) लीवर (ब) अग्नाशय
(स) अमाशय (द) आँख
उत्तर- (द) आँख में

22. HCFC का विस्तार है -
(अ) हाई डेंसिटी क्लोरोफ्लोरो कार्बन
(ब) हाइड्रो क्लोरो फ्लोरो कार्बन
(स) हाइड्रेटेड क्लोरोफ्लोरो कार्बन
(द) हीटेड क्लोरोफ्लोरो कार्बन
उत्तर- (ब) हाइड्रो क्लोरो फ्लोरो कार्बन

23. मनुष्य में मेरूदण्ड में कितने जोड़ी तंत्रिकाएं पाई जाती हैं -
(अ) 21 जोड़ी (ब) 31 जोड़ी
(स) 11 जोड़ी (द) 8 जोड़ी
उत्तर- (ब) 31 जोड़ी

24. गैस जो धान के खेत से उत्सर्जित होती है तथा भूमि के तापमान में वृद्धि करती है -
(अ) N_2 (ब) CO_2
(स) CO (द) CH_4
उत्तर- (द) CH_4 (मीथेन)

25. गुगामल राष्ट्रीय उद्यान कहां पर अवस्थित है -
(अ) महाराष्ट्र
(ब) हिमाचल प्रदेश
(स) कर्नाटक
(द) असम
उत्तर- (अ) महाराष्ट्र

26. भूमध्य रेखा पर दो देशान्तरों के बीच की अधिकतम दूरी कितनी होती है -
(अ) 118.2 KM
(ब) 111.32 KM
(स) 180.2 KM
(द) 181.3 KM
उत्तर- (ब) 111.32 KM

27. सबसे ऊंचाई पर स्थित सक्रिय ज्वालामुखी 'ओजस डेल सलाडो' कहां अवस्थित है -
(अ) इक्वाडोर (ब) अर्जेंटीना
(स) मेक्सिको (द) कोलम्बिया
उत्तर- (ब) अर्जेंटीना

28. वेंगुएला की महासागरीय जल धारा की प्रकृति किस प्रकार की होती है -
(अ) गर्म
(ब) ठण्डी
(स) अ और ब दोनों
(द) कोई नहीं
उत्तर- (ब) ठण्डी जल धारा

29. भारत की सर्वोच्च चोटी 'माउण्ट K_2' की ऊंचाई समुद्र तल से कितनी है -
(अ) 8611 मी. (ब) 8172 मी.
(स) 8850 मी. (द) 8711 मी.
उत्तर- (अ) समुद्र तल से 8611 मी.

30. भारतीय वन प्रबंधन संस्थान किस वर्ष स्थापित किया गया था -
(अ) 1970 (ब) 1980
(स) 1984 (द) 1962
उत्तर- (स) 1984

31. 'महात्मा गांधी' स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट एण्ड पंचायती राज 'कहां स्थित है -
(अ) भोपाल (ब) सागर
(स) जबलपुर (द) सीधी
उत्तर- (स) जबलपुर

32. मध्यप्रदेश के कौन-से नेता पहले गृह मंत्री और बाद में नेहरू मंत्रिमण्डल के रक्षा मंत्री बने -
(अ) शिव बहादुर शाह
(ब) रवि शंकर शुक्ला
(स) कैलाशनाथ काटजू
(द) शंकरदयाल शर्मा
उत्तर- (स) कैलाशनाथ काटजू

33. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म असत्य है -
(अ) भूत के पांव पीछे - हरिशंकर परसाई
(ब) प्राणार्पण - बालकृष्ण शर्मा नवीन
(स) चाँद का मुंह टेढ़ा - शरद जोशी
(द) अंगूरा - मुल्ला रमूजी
उत्तर- (स) चाँद का मुंह टेढ़ा - शरद जोशी

34. इकहत्तरवां (71वां) संविधान संशोधन संबंधित है -
(अ) पंचायती राज संबंधित प्रावधान
(ब) लोकसभा व विधानसभा के कार्यकाल से संबंधित
(स) कोंकणी, मणिपुरी व नेपाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने से।
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) कोंकणी, मणिपुरी व नेपाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने से।

35. देश में पहली बार किस राज्य की जनता ने राइट-टू रिकॉल का प्रयोग करते हुए अपने प्रतिनीधि वापस बुला लिए थे -
(अ) छत्तीसगढ़ (ब) उत्तरप्रदेश
(स) नागालैंड (द) बिहार
उत्तर- (अ) छत्तीसगढ़

36. 'माना दर्रा' भारत के किस राज्य में अवस्थित है -
(अ) हिमाचल प्रदेश
(ब) उत्तराखण्ड
(स) कश्मीर
(द) सिक्किम
उत्तर- (ब) उत्तराखण्ड

37. नेपाल हिमालय का भाग किन दो नदियों के मध्य में फैला हुआ है -
(अ) तिस्ता और दिहंग
(ब) काली और तिस्ता
(स) काली और दिहंग
(द) तिस्ता और सतलुज
उत्तर- (ब) काली और तिस्ता

38. प्रथम कारखाना अधिनियम (1881) किस वायसराय के समय लाया गया -
(अ) लॉर्ड रिपन
(ब) लॉर्ड डफरिन
(स) लॉर्ड लिटन
(द) लॉर्ड मैकाले
उत्तर- (अ) लॉर्ड रिपन

39. भूदान आंदोलन किसके द्वारा प्रारंभ किया गया था -
(अ) सरदार पटेल
(ब) विनोबा भावे
(स) जयप्रकाश नारायण
(द) बाबा आम्टे
उत्तर- (ब) विनोबा भावे

40. 1857 की क्रांति में इलाहाबाद से क्रांति के नेतृत्वकर्ता कौन थे -
(अ) देवीसिंह
(ब) कुंवर सिंह
(स) लियाकत अली
(द) खान बहादुर खान
उत्तर- (स) लियाकत अली

41. भारत की जनसंख्या के संबंध में किस वर्ष को 'महान विभाजक वर्ष' की संख्या दी गई -
(अ) 1921 (ब) 1947
(स) 1971 (द) 1990
उत्तर- (अ) 1921

42. भारत में बैंकिंग लोकपाल योजना की शुरुआत किस वर्ष की गई -
(अ) 1992 (ब) 1995
(स) 1967 (द) 1998
उत्तर- (ब) 1995

43. यदि कोई मानवीय रोग विश्व के वृहद् क्षेत्र में फैलता है, तो उसे कहते हैं -
(अ) पेंडेमिक (ब) एपिडेमिक
(स) एनडेमिक (द) एपिजूटिक
उत्तर- (अ) पेंडेमिक

44. निम्न में से कौन-सा खनिज हृदय की धड़कन नियंत्रित करने में सहायक होता है -
(अ) पोटेशियम (ब) गंधक
(स) सोडियम (द) लोहा
उत्तर- (अ) पोटेशियम

45. पोखरण में किए गए नाभिकीय परीक्षण (1979) का अधिकारिक कोड क्या था -
(अ) स्माइलिंग बुद्धा
(ब) थंडर वोल्ट
(स) फ्लाइंग गरुड़
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) स्माइलिंग बुद्धा

46. नाभिकीय रिएक्टर में भारी जल का प्रयोग किस विशेषता के कारण किया जाता है -
(अ) न्यूट्रॉन की गति को बढ़ाता है
(ब) न्यूट्रॉन की गति को कम करता है
(स) रिएक्टर को ठंडा करता है
(द) नाभिकीय क्रिया को रोक देता है
उत्तर- (ब) न्यूट्रॉन की गति को कम करता है

47. टी-90 एस युद्धक टैंक जो कि स्वदेशी तकनीक से निर्मित प्रथम टैंक था, को नाम दिया गया है -
(अ) रूद्रा (ब) भीष्म
(स) विक्रांत (द) अर्जुन
उत्तर- (ब) भीष्म

48. हवाई जहाज में लगाये जाने वाले "ब्लैक बॉक्स" का रंग क्या होता है -
(अ) काला (ब) लाल
(स) नारंगी (द) बैंगनी
उत्तर- (स) नारंगी

49. 'प्लेरंग द आड' शब्दावली किस खेल से संबंधित है -
(अ) बैंडमिंटन (ब) गोल्फ
(स) शतरंज (द) हॉकी
उत्तर- (ब) गोल्फ

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड
'चयन भवन', मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल

प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट के पद को संविदा से भरे जाने हेतु विज्ञापन

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट के पदों की पदपूर्ति संविदा से किये जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	पदनाम	पद संख्या
1	प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट	01

नोट :-
1. मानदेय के रूप में राशि रु. 1.50 लाख प्रतिमाह देय होगी।
2. प्रिंसिपल सिस्टम एनालिस्ट के पद पर नियुक्ति संविदा आधार पर प्रथमतः 01 वर्ष के लिये होगी। (आवश्यकतानुसार अवधि घटाई/बढ़ाई जा सकेगी)
3. आवेदन **दिनांक 29.09.2022 सायं 05.30 बजे तक प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड, भोपाल, 'चयन भवन', मेन रोड नं. 1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल-462011** में डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जा सकते हैं। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम अंकित करें। समय सीमा के पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत पद हेतु उपयुक्त आवेदकों को साक्षात्कार हेतु बुलाया जाकर अंतिम चयन किया जायेगा। आवेदन के संबंध में पीईबी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
5. पदों से संबंधित समस्त विवरण एवं आवेदन पत्र का प्रारूप पीईबी की वेबसाइट **www.peb.mp.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

विज्ञापन क्रमांक 21/2022
म.प्र. माध्यम/106390/47534/2022 **संचालक**

नर्सिंग प्रवेश चयन परीक्षा की तैयारी

भौतिकी

(1) कोणीय संवेग का विमीय सूत्र है -
(A) $[ML^2 T^{-1}]$
(B) $[ML^2 T^{-2}]$
(C) $[ML T^{-1}]$
(D) $[ML^0 T^{-2}]$

उत्तर - (A) $[ML^2 T^{-1}]$ है। यहां $E = hu$ से $ML^2 T^{-2} = hT^{-1}$ है।
यही कोणीय संवेग की भी विमाएं हैं।

(2) एक तार की लम्बाई L तथा द्रव्यमान M है। इस तार को एक वृत्तकार छल्ले के रूप में मोड़ा गया है। इसके केन्द्र से गुजरने वाली तथा तल के लम्बवत् अक्ष के परितः इसका जड़त्व अघूर्ण होगा -
(A) $2\pi^2 ML^2$
(B) $4\pi^2 ML^2$
(C) $\frac{ML^2}{4\pi^2}$
(D) $\frac{ML^2}{2\pi^2}$

उत्तर - (C) $\frac{ML^2}{4\pi^2}$ है। वलय का जड़त्व आघूर्ण $I = MR^2$ तथा $L = 2\pi R$ हैं। अतः $I = \frac{ML^2}{4\pi^2}$ होगा।

(3) एक पतली वलय का द्रव्यमान M तथा त्रिज्या R है। यह अपने अक्ष के चारों ओर w कोणीय चाल से घूर्णन कर रही है। समान द्रव्यमान m के चार पिण्ड वलय के दो परस्पर लम्बवत् व्यास के किनारों पर रखे गये हैं। अब वलय की कोणीय चाल होगी -
(A) $\frac{(M+4m)w}{M}$
(B) $\frac{Mw}{M+4m}$
(C) $\frac{Mw}{4m}$
(D) $4mMw$

उत्तर - (B) $\frac{Mw}{M+4m}$ है। यहां $I, w_1 = I_2 w_2$ से $Mw = (m + 4m) w$ है।
अतः $w^1 = \frac{Mw}{M+4m}$ होगा।

(4) लम्बाई l के एक तार को दो दृढ़ बिन्दुओं पर कसा गया है। तार के ताप में $\Delta\theta$ की कमी होने पर तार की लंबाई में Δl की कमी हो जाती है। यदि तार के पदार्थ का रेखीय प्रसार गुणांक, $\propto$ तथा यंग मापांक y हो, तो तार में उत्पन्न तनाव का मान होगा -
(A) $y A \propto$
(B) $2y A \propto B\theta$
(C) $y A \propto \Delta\theta$
(D) $\frac{2YA\propto}{\Delta l}$

उत्तर - (C) $yA \propto \Delta\theta$ है।
यहां $\Delta l = l.\alpha.\Delta\theta$ तथा तनाव
$F = \frac{YA\Delta l}{l} = YA\alpha.\Delta\theta$ है।

(5) दो एक समान ठोस गोले एक ही पदार्थ के बने हैं तथा आपस में सटाकर रखे गये हैं। प्रत्येक गोले की त्रिज्या r तथा पदार्थ का घनत्व p है। गोलों के बीच लगने वाला बल F हो, तो -
(A) $F \propto P^2$ तथा $F \propto r^4$
(B) $F \propto P$ तथा $F \propto r^3$
(C) $F \propto P^2$ तथा $F \propto \frac{1}{r^4}$
(D) $F \propto P$ तथा $F \propto \frac{1}{r^3}$

उत्तर - (A) $F \propto P^2$ तथा $F \propto r^4$ है।
यहां
$F = \frac{GMm}{4r^2}$
$= \frac{G \times \left(\frac{4\pi r^3}{3}\right)^2 \times P^2}{4r^2}$ है।

(6) एक 10 मी/से के वेग से गतिमान कार पर एक अवमन्दन बल लगाने पर यह 10 मीटर दूरी पर रूक जाती है। यदि कार का वेग 30 मी/से हो तो समान बल लगाने पर यह कितनी दूरी पर रुकेगी -
(A) 100 मीटर
(B) 40 मीटर
(C) 60 मीटर
(D) 180 मीटर

उत्तर - (D) 180 मीटर है। यहां
$\frac{m v^2}{2} = FS$ से $\frac{v1^2}{v2^2} = \frac{S_1}{S_2}$ है।
अतः $S_2 = \frac{900\times20}{100} = 180$ है।

(7) सूर्य में 4×10^{10} किलोग्राम द्रव्यमान ऊर्जा में बदल रहा हो, तो सूर्य द्वारा प्रकीर्णित शक्ति होगी-
(A) 3.6×10^7 वॉट
(B) 3.6×10^{20} वॉट
(C) 1.6×10^{15} वॉट
(D) 1.6×10^{25} वॉट

उत्तर - (A) 3.6×10^7 वॉट है। यहां
$P = \frac{mc^2}{t} = \frac{4\times10^{10}\times9\times10^{16}}{}$
$= 3.6\times10^7$ वॉट है।

(8) द्रव्यमान m के एक पिण्ड को k बल नियतांक वाली स्प्रिंग से लटकाने पर इसकी आवृत्ति n_1 है। स्प्रिंग को दो समान लम्बाई की स्प्रिंगों में काटा जाता है। अब उसी पिण्ड को स्प्रिंग के एक टुकड़े से लटकाकर दोलन कराने पर आवृत्ति n_2 हो जाती है। अतः $\frac{n_2}{n_1}$ का मान होगा -
(A) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (B) $\frac{1}{\sqrt{3}}$
(C) $\sqrt{3}$ (D) $\sqrt{2}$

उत्तर - (D) $\sqrt{2}$ है। यहां
$\frac{n_2}{n_1} = \sqrt{\frac{k_2}{k_1}} = \sqrt{\frac{2k}{k}} = \sqrt{2}$ है।

(9) सरल आवर्त गति करते एक पिण्ड का आयाम 10 सेमी तथा दोलनकाल 2 सेकण्ड है। इसका समीकरण होगा -
(A) $y = 10\text{Sin}\pi t$
(B) $y = 10\text{Sin}2\pi t$
(C) $y = 1.01\text{Sin}\pi t$
(D) $y = 20\text{Sin}2\pi t$

उत्तर - (A) $y = 10\text{Sin}\pi t$ है। यहां
$y = a\text{Sin}\frac{2\pi t}{T} = 10\text{Sin}\frac{2\pi t}{2}$ है।

(10) दो ध्वनि तरंगों के आयाम A_1 तथा A_2 हैं। यदि $A_1 > A_2$ हो, तो अधिकतम व न्यूनतम संभव परिणामी आयामों का अन्तर होगा-
(A) $2A_2$ (B) $2A_1$
(C) $A_1 + A_2$ (D) $A_1 - A_2$

उत्तर - (A) $2A_2$ है। यहां $A_{max} = A_1 + A_2$ तथा $A_{min} = A_1 - A_2$ हैं।
अतः $A_{max} - A_{min} (A_1 + A_2) - (A_1 - A_2) = 2A_2$ होगा।

(11) एक ध्वनि स्रोत की आवृत्ति 500 हर्ट्ज तथा वायु में ध्वनि का वेग 330 मी/से हैं। यदि ध्वनि स्रोत 30 मी/से के वेग से श्रोता की ओर आ रहा हो, तो आभासी आवृत्ति का मान होगा -
(A) 480 हर्ट्ज
(B) 520 हर्ट्ज
(C) 550 हर्ट्ज
(D) 600 हर्ट्ज

उत्तर - (C) 550 हर्ट्ज है। यहां
$n^1 = \frac{nv}{v-v_5} = \frac{500\times330}{300} = 550$
है।

(12) एक प्रगामी तरंग का समीकरण $y = 1.2\text{Sin}(6t - 0.005x)\pi$ सेमी है। दूसरे आयाम A तथा तरंगदैर्ध्य λ के मान होंगे -
(A) A = 1.2 सेमी, λ = 150 सेमी
(B) A = 1.2 सेमी, λ = 4 मीटर
(C) A = 0.6 सेमी, λ = 2 मीटर
(D) A = 2.4 सेमी, λ = 3 मीटर

उत्तर - (B) A = 1.2 सेमी, λ = 4 मीटर है। इस समीकरण की $y = A\text{Sin}\left(2\pi nt - \frac{2\pi x}{\lambda}\right)$ से तुलना करने पर A = 1.2 सेमी तथा $\frac{2\pi x}{\lambda} = 0.005\pi x$ है। अतः $\lambda = 400$ सेमी है।

(13) दो ध्वनि तरंगों $y_1 = 0.5\text{Sin}108\pi t$ तथा $y_2 = 0.5\text{Sin}100\pi t$ में प्रति सेकण्ड विस्पंदों की संख्या होगी -
(A) 8 (B) 16
(C) 4 (D) 10

उत्तर - (C) 4 है। समीकरणों की तुलना $y = A\text{Sin}2\pi nt$ से करने पर $n_1 = 54$ तथा $n_2 = 50$ होगा। अतः प्रति सेकण्ड विस्पंदों की संख्या $= n_1 - n_2 = 4$ होगी।

(14) सोलर विशिष्ट ऊष्मा की क्रियाएं हैं -
(A) $[M^0 L^2 T^{-2} \theta^{-1}]$
(B) $[M L^2 T^{-1} \theta^{-1}]$
(C) $[M^0 L T^{-2} \theta^{-2}]$
(D) $[M L^2 T \theta]$

उत्तर - (A) $[M^0 L^2 T^{-2} \theta^{-1}]$ है।
यहां $\Delta Q = mc\Delta\theta$ से
$C = \frac{ML^2T^{-2}}{M\theta}$
$= M^0 L^2 T^{-2} \theta^{-1}$ है।

(15) एक गैस की स्थिर आयतन पर सोलर ऊष्मा धारिता 5.0 कैलोरी/मोल χ K है। यदि गैस नियंत्रक R=2 कैलोरी/ मोल χ K हो, तो $\frac{C_p}{C_v}$ का मान होगा -
(A) 1.66 (B) 1.33
(C) 1.0 (D) 1.4

उत्तर - (D) 1.4 है। यहां $C_p - C_v = R$ से $C_p = 5+2 = 7$ तथा $C_v = 5$ है।
अतः $\frac{C_p}{C_v} = \frac{7}{5} = 1.4$ होगा।

(16) एक वृत्ताकार सड़क पर एक कार 8 मी/से. के वेग से गतिमान है। यदि घर्षण गुणांक 0.4 हो, तो घुमाव की त्रिज्या होगी (जबकि g = 10 मी/से² है) -
(A) 8 मीटर (B) 16 मीटर
(C) 4 मीटर (D) 20 मीटर

उत्तर - (B) 16 मीटर है। यहां $\mu = \frac{v^2}{rg}$
से $0.4 = \frac{64}{r\times10}$ है।

(17) घूर्णन गतिज ऊर्जा का मान होता है -
(A) I W (B) $I W^2$
(C) $2 I W^2$ (D) $\frac{IW^2}{2}$

उत्तर - (D) $\frac{IW^2}{2}$ है।

(18) सूर्य से दो ग्रहों की औसत दूरी 10^{13} मीटर तथा 10^{12} मीटर है। इनके परिक्रमण काल का अनुपात होगा -
(A) 10 (B) $10\sqrt{2}$
(C) $10\sqrt{3}$ (D) $10\sqrt{10}$

उत्तर - (D) $10\sqrt{10}$ है। यहां
$\frac{T_1}{T_2} = \left(\frac{R_1}{R_2}\right)^{3/2} = \left(\frac{10^{13}}{10^{12}}\right)^{3/2}$
$= 10\sqrt{10}$ है।

(19) एक कृत्रिम उपग्रह के पलायन वेग V_e तथा कक्षीय वेग V_0 है, तो $\frac{V_e}{V_0}$ का मान होगा -
(A) 1.5 (B) 2.0
(C) $\sqrt{2}$ (D) $\sqrt{3}$

उत्तर - (C) $\sqrt{2}$ है।
यहां $V_e = \sqrt{2}\, V_0$ है।

(20) एक केशिका नली में पानी 6 सेमी ऊंचाई तक चढ़ता है। एक दूसरी केशिका नली की त्रिज्या पहली की $\frac{3}{2}$ गुना हो, तो इसमें पानी किस ऊंचाई तक चढ़ेगा -
(A) 12 सेमी (B) 9 सेमी
(C) 4 सेमी (D) 2 सेमी

उत्तर - (C) 4 सेमी है। यहां $h_1 r_1 = h_2 r_2$
से $6\times r = h_2 \times \frac{3r}{2}$ है। अतः $h_2 = 4$ होगा।

(21) एक सरल आवर्त गति करते कण का इसकी मध्य स्थिति से 3 सेमी दूरी पर त्वरण का मान 12 सेमी/सेकण्ड² है। कण का दोलनकाल होगा -
(A) 3.14 सेकण्ड
(B) 2.0 सेकण्ड
(C) 1.0 सेकण्ड
(D) 4.0 सेकण्ड

उत्तर - (A) 3.14 सेकण्ड है। यहां
$T = 2\pi \times \sqrt{\frac{y}{a}} = 2\pi \times \sqrt{\frac{3}{12}} = \pi$
$= 3.14$ है।

(22) एक गैस में उत्पन्न दो तरंगों की तरंगदैर्ध्य 1.0 मीटर तथा 1.01 मीटर है। इन तरंगों के अध्यारोपण से 3 सेकण्ड में 10 विस्पन्द उत्पन्न होते हैं। गैस में ध्वनि का वेग होगा -
(A) 300 मी/से
(B) 320 मी/से
(C) 336.7 मी/से
(D) 360.5 मी/से

उत्तर - (C) 336.7 मी/से है। यहां
$n = n_1 - n_2 = \frac{V}{\lambda_1} - \frac{V}{\lambda_2}$
से $\frac{10}{3} = V\left(\frac{1}{1.0} - \frac{1}{1.01}\right)$ है।

(23) एक द्वि-परमाणु गैस के लिए $\frac{C_p}{C_v} = 1.4$ है, तो इसकी स्वतंत्रता कोटि f का मान होगा -
(A) 3 (B) 6
(C) 2 (D) 5

उत्तर - (D) 5 है। यहां $\frac{C_p}{C_v} = 1 + \frac{2}{f}$
से $1.4 = 1 + \frac{2}{f}$ है। अतः f=5 होगा।

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

हैंडलूम ऑन व्हील्स एवं डिजाइन स्पर्धा से बढ़ेंगे रोज़गार के अवसर

भोपाल, मध्यप्रदेश के कारीगरों द्वारा वर्षों से संरक्षित की जा रही पारंपरिक उत्कृष्ट वस्त्र निर्माण प्रक्रिया और खादी एवं हैंडलूम से तैयार इकोफ्रेंडली और गुणवत्तापूर्ण वस्त्रों के प्रति युवाओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से हैंडलूम ऑन व्हील्स एवं डिजाइन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। स्पर्धा, मध्यप्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम और रेशम संचालनालय आयोजित करेगा।

भोपाल और इंदौर से होगी शुरुआत

आयुक्त हथकरघा तथा प्रबंध संचालक हस्तशिल्प विकास निगम श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, मध्यप्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, मध्यप्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम और रेशम संचालनालय भोपाल और इंदौर से 15 सितंबर से स्पर्धा की शुरुआत करेगा। पारंपरिक वस्त्र निर्माण कार्य से संबद्ध कारीगरों, कत्तिन, बुनकरों, प्रिंटरों एवं इस क्षेत्र से जुड़े लोगों को नियमित रोज़गार के साथ ही प्रदेश, देश एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वस्त्रों को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा भोपाल एवं इंदौर शहरों में बस से प्रदेश के हाथकरघों पर निर्मित खादी, रेशमी एवं हैंडलूम उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। इन उत्पादों में मुख्यतः सूती, ऊनी, रेशमी, खादी के साथ ही हाथकरघा वस्त्रों के बाघ, बटिक, दाबू, नान्दना प्रिंटेड, रनिंग मटेरियल एवं रेडीमेड गारमेंट्स उपलब्ध कराए जाएंगे। बस में उपस्थित विभागीय स्टाफ द्वारा आमजन एवं युवाओं को हाथकरघा उत्पादों की कताई, बुनाई, प्रिंटिंग एवं अन्य प्रक्रियाओं के साथ वस्त्रों के महत्व के बारे में जानकारी दी जाएगी।

श्रीमती श्रीवास्तव ने बताया कि भोपाल एवं इंदौर शहर में ये बसें लगभग 15 दिन तक संचालित की जाएंगी। हर दिन अलग-अलग रूट पर विभिन्न कॉलेज, विश्वविद्यालय, इंस्टीट्यूशन, स्थानीय बाजार और साप्ताहिक हाटों में खादी एवं हथकरघा के विषय पर लोगों को अवगत कराया जाएगा।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य अध्ययन

1. पशुधन की संख्या में मध्यप्रदेश का देश में कौनसा स्थान है?
(अ) प्रथम
(ब) द्वितीय
(स) तृतीय
(द) कोई भी नहीं
उत्तर - (स) तृतीय

2. दुग्ध उत्पादन की दृष्टि से मध्यप्रदेश का कौनसा स्थान है?
(अ) प्रथम
(ब) द्वितीय
(स) तृतीय
(द) कोई भी नहीं
उत्तर - (स) तृतीय

3. नौनेर में स्थापित सीमेन स्टेशन (वीर्य संस्थान) किस जिले में है?
(अ) भिंड (ब) मुरैना
(स) दतिया (द) गुना
उत्तर - (स) दतिया
व्याख्या- यह स्टेशन मध्यप्रदेश का दूसरा वृहद सीमेन स्टेशन है, जिसमें गिर, साहिवाल, धारापरकर आदि नस्लों के पशुधन को रखा जायेगा।

4. देश का पहला राज्य, जहां संग्रहालयों और स्मारकों में प्रवेश के लिये ई-टिकटिंग की व्यवस्था है?
(अ) मध्यप्रदेश (ब) उत्तरप्रदेश
(स) कर्नाटक (द) केरल
उत्तर - (अ) मध्यप्रदेश
व्याख्या- यह व्यवस्था 25 जनवरी, 2021 राष्ट्रीय पर्यटन दिवस से प्रारम्भ की गई है, पर्यटक रुपे कार्ड का भी प्रयोग कर सकते हैं।

5. झाबुआ जिले की कौनसी चित्रकार को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है?
(अ) सखीबाई (ब) मुन्नीबाई
(स) भूरीबाई (द) अनोतिबाई
उत्तर - (स) भूरीबाई
व्याख्या- भूरीबाई भील चित्रकारी करती हैं।

6. वेंचर कैपिटल फंड्स योजना किससे संबंधित है?
(अ) वरिष्ठ नागरिकों को सहायता।
(ब) आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग को सहायता।
(स) अनुसूचित जाति के उद्यमियों को रियायती वित्त प्रदान करना।
(द) उपरोक्त सभी।
उत्तर - (स) अनुसूचित जाति के उद्यमियों को रियायती वित्त प्रदान करना।

7. 'असीम' पोर्टल या प्लेटफार्म संबंधित है?
(अ) रोज़गार (ब) उद्योग
(स) शिक्षा (द) पर्यटन
उत्तर - (अ) रोज़गार
व्याख्या- यह एक डिजिटल प्लेटफार्म है, जहां नौकरी तलाशने वाले तथा नियोक्ता एक- दूसरे से संपर्क कर सकते हैं।

8. प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत किसी गांव को 'आदर्श गांव' घोषित करने के लिये कौनसा मापदण्ड नहीं है?
(अ) शिशु मृत्यु दर (प्रति हजार जन्म पर) को घटाकर 30 एवं मातृ मृत्युदर (प्रति हजार) को 100 तक करना
(ब) शराब एवं अन्य नशीले पदार्थ का सार्वजनिक उपभोग न हो।
(स) सतत् रूप से सभी ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल सुविधा उपलब्ध हो।
(द) कम से कम 70% घरों में वर्षा जल का संचयन।
उत्तर - (द) कम से कम 70% घरों में वर्षा जल का संचयन।

9. निम्न में से कौनसी समितियां गरीबी अनुमान से संबंधित हैं?
(अ) अलघ समिति
(ब) तेंदुलकर समिति
(स) लकड़ावाला समिति
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या- अलघ समिति 1979, लकड़ावाला समिति 1993, तेंदुलकर समिति 2009।

10. राष्ट्रीय विनिर्माण नीति किस वर्ष जारी की गई थी?
(अ) 2011 (ब) 2012
(स) 2015 (द) 2019
उत्तर - (अ) 2011

11. वर्ष 2022 तक सकल घरेलू उत्पादन में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान कितने प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है?
(अ) 20 (ब) 25
(स) 30 (द) 35
उत्तर - (ब) 25

12. भारतीय अर्थव्यवस्था निगरानी केन्द्र का मुख्यालय कहां पर है?
(अ) मुंबई (ब) नई दिल्ली
(स) चेन्नई (द) लखनऊ
उत्तर - (अ) मुंबई

13. जल जीवन मिशन के तहत किस वर्ष तक कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण घर में प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की जाने की परिकल्पना की गई है?
(अ) 2021 (ब) 2022
(स) 2023 (द) 2024
उत्तर - (द) 2024
व्याख्या- मिशन के लिये केन्द्र और राज्य दोनों मिलकर वित्तीय सहभागिता करते हैं।

14. स्टार्स परियोजना किससे संबंधित है?
(अ) शिक्षा
(ब) स्वास्थ्य
(स) पर्यावरण
(द) अंतरिक्ष विज्ञान
उत्तर - (अ) शिक्षा
व्याख्या- इसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना है। (STARS) Strergthering teaching learning and Result for Stetes यह परियोजना विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित है। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है।

15. मध्यप्रदेश में बालिकाओं के विकास के लिये कौनसा अभियान प्रारम्भ किया गया है?
(अ) पंख
(ब) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
(स) अंतरिक्ष
(द) समर्थन
उत्तर - (अ) पंख
व्याख्या- राष्ट्रीय बालिका दिवस 24 जनवरी, 2021 को इस अभियान का प्रारम्भ किया गया है। यह बालिकाओं की सुरक्षा (प्रोटेक्शन), जागरूकता (अवेयरनेस), पोषण (न्यूट्रीशन), ज्ञान (नॉलेज) तथा स्वास्थ्य (हेल्थ) का अनूठा अभियान है।

16. मध्यप्रदेश ने कृषि उपभोक्ताओं के लिये एक डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) योजना सर्वप्रथम किस जिले में लागू की है?
(अ) भोपाल (ब) विदिशा
(स) बैतूल (द) सीहोर
उत्तर - (ब) विदिशा

17. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अभियान के तहत किस राज्य में सर्वाधिक सोलर पम्प स्थापित किये जाते हैं?
(अ) मध्यप्रदेश (ब) उत्तरप्रदेश
(स) गुजरात (द) महाराष्ट्र
उत्तर - (अ) मध्यप्रदेश
व्याख्या- पूरे देश में लगे सोलर पम्पों की संख्या से अधिक सोलर पम्प मध्यप्रदेश में लगाये गये हैं। इनकी संख्या 3224 है सोलर पम्प की स्थापना में श्रमिकों को 15 हजार श्रमिक दिवस रोज़गार मिला।

18. देश में राष्ट्रीय न्यादर्श की स्थापना कब हुई?
(अ) 1950 (ब) 1951
(स) 1955 (द) 1969
उत्तर - (अ) 1950

19. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1961 (ब) 1975
(स) 1980 (द) 1985
उत्तर - (ब) 1975

20. निम्न में से कौनसी संस्था अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी नियम निर्धारित करती है?
(अ) एशियाई बैंक
(ब) विश्व बैंक
(स) संयुक्त राष्ट्र
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (स) संयुक्त राष्ट्र

21. भारत में सबसे अधिक मानव विकास सूचकांक किस राज्य का है?
(अ) गुजरात (ब) मध्यप्रदेश
(स) केरल (द) उत्तरप्रदेश
उत्तर - (स) केरल

22. 'हिंदू वृद्धि दर' किससे संबंधित है?
(अ) जनसंख्या की वृद्धि दर
(ब) राष्ट्रीय आय की वृद्धि दर
(स) साक्षरता की दर
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (ब) राष्ट्रीय आय की वृद्धि दर

23. भारत में अधिकांशतः बेरोजगारी का कौनसा प्रकार पाया जाता है?
(अ) संरचनात्मक
(ब) तकनीकी
(स) चक्रीय
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) संरचनात्मक

24. प्रथम बार व्यावसायिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण कब किया गया था?
(अ) 1966 (ब) 1969
(स) 1985 (द) 1991
उत्तर - (ब) 1969

25. भारत में राष्ट्रीय आय की गणना किस विधि से की जाती है?
(अ) उत्पादन विधि
(ब) आय विधि
(स) लागत विधि
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) उत्पादन विधि

26. वैश्वीकरण की प्रक्रिया भारत में कब प्रारम्भ हुई?
(अ) 1951 (ब) 1991
(स) 2015 (द) 2021
उत्तर - (ब) 1991

27. एशिया का सबसे पुराना शेयर बाजार निम्न में से कौनसा है?
(अ) मुंबई स्टॉक एक्सचेंज
(ब) कोलकाता स्टॉक एक्सचेंज
(स) दिल्ली स्टॉक एक्सचेंज
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) मुंबई स्टॉक एक्सचेंज

28. तीसा (1930) की भयानक आर्थिक मंदी से उभरने का सुझाव किस अर्थशास्त्री ने दिया था?
(अ) प्रो. कीन्स
(ब) प्रो. मार्शल
(स) दादाभाई नौरोजी
(द) साइमन कुजनेट्स
उत्तर - (अ) प्रो. कीन्स

29. पहला मानव विकास सूचकांक किस अर्थशास्त्री ने तैयार किया था?
(अ) प्रो. महबूल-उल हक ने
(ब) प्रो. अमर्त्य सेन ने
(स) जे.के. मेहता ने
(द) राबर्टन ने
उत्तर - (अ) प्रो. महबूल-उल हक ने

30. भारत के सकल उत्पादन में किस क्षेत्र का सर्वाधिक योगदान है?
(अ) प्राथमिक
(ब) द्वितीयक
(स) तृतीयक
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (स) तृतीयक

31. भारत में राष्ट्रीय आय से संबंधित आंकड़ा कौन जारी करता है?
(अ) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन
(ब) नीति आयोग
(स) वित्तीय विभाग
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर - (अ) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन

32. रेटिंग एजेंसी 'इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च' ने वर्ष 2021-22 के लिये भारत की आर्थिक विकास की दर कितने प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है?
(अ) 5 प्रतिशत
(ब) 9.4 प्रतिशत
(स) 10 प्रतिशत
(द) 10.5 प्रतिशत
उत्तर - (ब) 9.4 प्रतिशत

33. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्ष 2021-22 में विकास दर 9.5 प्रतिशत अनुमानित की थी किन्तु कोरोना की दूसरी लहर के कारण धीमी वृद्धि के कारण अब यह वृद्धि दर अनुमानित की गई है?
(अ) 5 प्रतिशत
(ब) 9 प्रतिशत
(स) 10 प्रतिशत
(द) 11 प्रतिशत
उत्तर - (ब) 9 प्रतिशत

34. संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन द्वारा जारी विश्व निवेश रिपोर्ट 2021 के अनुसार वर्ष 2020 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त करने में भारत का कौनसा स्थान है?
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) चतुर्थ (द) पंचम
उत्तर - (द) पंचम

35. भारत को संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद् में सदस्य किस अवधि के लिये चुना गया है?
(अ) 2020-22
(ब) 2022-24
(स) 2021-23
(द) 2023-25
उत्तर - (ब) 2022-24

36. कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादन निर्यात विकास प्राधिकरण की स्थापना भारत सरकार द्वारा की गई है। यह किस मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है?
(अ) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(ब) कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय।
(स) वित्त मंत्रालय
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर - (अ) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

37. वर्ष 2016 में प्रारम्भ प्रसंस्करण और उद्योग मंत्रालय द्वारा कृषि को पूरक बनाने तथा प्रसंस्करण को आधुनिक बनाने के लिये कौनसी योजना प्रारम्भ की गई थी?
(अ) समृद्ध भारत
(ब) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना।
(स) ग्रामीण भारत योजना
(द) ऑपरेशन ग्रीन
उत्तर - (ब) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना।

38. 'स्फूर्ति' मिशन किस मंत्रालय का है?
(अ) वित्त
(ब) सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय
(स) कृषि और किसान कल्याण
(द) कौशल विकास
उत्तर - (ब) सूक्ष्म, लघु और मध्यम मंत्रालय

39. 'स्वच्छ सर्वेक्षण रिपोर्ट' किस मंत्रालय द्वारा जारी होती है?
(अ) वित्त
(ब) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय
(स) नगरीय प्रशासन मंत्रालय
(द) स्थानीय निकाय मंत्रालय
उत्तर - (ब) आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय

-डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड
कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
फोन:0734-2527715, मोबा. : 9406808103, Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
क्र. 1086 एवं 1087/पय/मप्रपुहाइडेकालि/22/ उज्जैन, दि. : 16.09.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 14/2022-23 दिनांक 16.09.2022 के अंतर्गत जिला उज्जैन एवं मंदसौर में सी.एम. राइज स्कूलों के निर्माण कार्य एवं क्रमांक 15/2022-23 दिनांक 16.09.2022 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन, गुलाना जिला शाजापुर हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2022_MPPHC_222266, 2022_MPPHC_222268, 2022_MPPHC_222269, 2022_MPPHC_222270, 2022_MPPHC_222271, 2022_MPPHC_222273, 2022_MPPHC_222682 कुल 7 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं।
निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 18.09.2022 17.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/106448/47544/2022 **परियोजना यंत्री**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

हिन्दी

1. 'गुंजित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) गूंज (B) जित
(C) त (D) इत
उत्तर - (D) इत

2. 'संकुचित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) चित (B) इत
(C) त (D) कुचित
उत्तर - (B) इत

3. 'कड़वाहट' में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) कड़ (B) वाहट
(C) हट (D) आहट
उत्तर - (D) आहट

4. 'उल्लेखनीय' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) लेख (B) नीय
(C) अनीय (D) य
उत्तर - (B) नीय

5. 'उज्ज्वल' शब्द का संधि विच्छेद है?
(A) उज्ज+वल (B) उत्+ज्वल
(C) उज्+ज्वल (D) उत्+जल
उत्तर - (B) उत्+ज्वल

6. 'भावनात्मक' शब्द का संधि विच्छेद है?
(A) भाव+नात्मक
(B) भावना+त्मक
(C) भावना+आत्मक
(D) भावना+त्म+क
उत्तर - (C) भावना+आत्मक

7. 'वृक्षारोपण' शब्द का संधि विच्छेद है?
(A) वृक्ष+आरोपण
(B) वृक्षा+रोपण
(C) वृक्ष+रोपण
(D) वृक्ष+रोप+ण
उत्तर - (A) वृक्ष+आरोपण

8. 'स्वतंत्रता' में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) स्व (B) तंत्र
(C) ता (D) त्रता
उत्तर - (C) ता

9. 'कल्पित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) पित (B) इत
(C) त (D) कल्प
उत्तर - (B) इत

10. 'सुखेच्छु' शब्द का संधि विच्छेद है?
(A) सुख+इच्छु (B) सु+खेच्छु
(C) सुख+च्छु (D) खुख+इच्छा
उत्तर - (A) सुख+इच्छु

11. 'शारीरिक' शब्द किस प्रकार बना है?
(A) शरीर+इक
(B) शारी+रिक
(C) शरीर+क
(D) शारी+आरिक
उत्तर - (A) शरीर+इक

12. 'पर्यावरण' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग है?
(A) पर (B) परि
(C) पर्या (D) वरण
उत्तर - (B) परि

13. 'अदृश्य' में किस उपसर्ग का प्रयोग है?
(A) अ (B) दृश्य
(C) य (D) श्य
उत्तर - (A) अ

14. 'भाग्योदय' शब्द का संधि विच्छेद होगा?
(A) भाग+योदय
(B) भाग्य+योग्य
(C) भाग्य+उदय
(D) भाग्यो+दय
उत्तर - (C) भाग्य+उदय

15. 'जिज्ञासु' शब्द का अर्थ है?
(A) जो ज्ञानी हो
(B) जो जानने की इच्छा रखता हो
(C) जो ज्ञानवर्धक बातें करता हो
(D) वेद-शास्त्र को पढ़ने वाला
उत्तर - (B) जो जानने की इच्छा रखता हो

16. स्वावलंबी शब्द किस प्रकार बना हो?
(A) स्व+अवलंबी
(B) स्व+अवलंब+ई
(C) स्वाव+लंबी
(D) स्वा+वलंबी
उत्तर - (A) स्व+अवलंबी

17. औद्योगिक शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) उद्योग (B) गिक
(C) इक (D) क
उत्तर - (C) इक

18. सर्वांगीण शब्द किस प्रकार बना है?
(A) सर्व+अंग+ईण
(B) सर्व+अंगीण
(C) सर्व+अंगी+ण
(D) सर्वां+गीण
उत्तर - (B) सर्व+अंगीण

19. 'शिक्षित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) इत (B) त
(C) क्षित (D) शिक्षा
उत्तर - (A) इत

20. 'सिंचित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) चित (B) त
(C) इत (D) सि
उत्तर - (C) इत

21. 'अग्रसर' शब्द का क्या अर्थ है?
(A) आगे की ओर बढ़ना
(B) पीछे हटना
(C) अच्छा होना
(D) बढ़ते जाना
उत्तर - (A) आगे की ओर बढ़ना

22. कौनसा शब्द भाव वाचक संज्ञा नहीं है?
(A) संपन्नता (B) जीवंतता
(C) समृद्धि (D) साहित्य
उत्तर - (D) साहित्य

23. 'सीमित' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) मित (B) इत
(C) त (D) सीमा
उत्तर - (B) इत

24. 'मूर्खता' शब्द व्याकरण के दृष्टिकोण में क्या है?
(A) विशेषण
(B) भाव वाचक संज्ञा
(C) क्रिया
(D) क्रिया-विशेषण
उत्तर - (B) भाव वाचक संज्ञा

25. दुर्भाग्य शब्द का विलोमार्थी है?
(A) अभाग्य (B) सौभाग्य
(C) अभागा (D) विभागा
उत्तर - (B) सौभाग्य

26. 'तांत्रिक' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है?
(A) त्रिक (B) इक
(C) क (D) तंत्र
उत्तर - (B) इक

27. 'निष्फल' शब्द का विलोमार्थी है?
(A) विफल (B) सफल
(C) कुफल (D) सफ्फल
उत्तर - (B) सफल

नोट : निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार का नाम बताइये।

28. 'सहज, सुभाय, सुभगतन गोरे?
(A) उत्प्रेक्षा (B) यमक
(C) अनुप्रास (D) उपमा
उत्तर - (C) अनुप्रास अलंकार

29. पत्रा ही तिथि पाइयै, वा घर के चहुँ पास।
नित प्रति पून्यौई रहै, आनन ओप उजास?
(A) उपमा (B) अन्योक्ति
(C) अतिश्योक्ति (D) उत्प्रेक्षा
उत्तर - (C) अतिश्योक्ति अलंकार

30. तो पर वारौ उरबसी, सुनि राधिके सुजान
तू मोहन कै उरबसी, ह्वै उरबासी समान?
(A) पुनरूक्ति प्रकाश
(B) उनुप्रास
(C) उपमा अलंकार
(D) यमक अलंकार
उत्तर - (D) यमक अलंकार

31. जिन पै तैं लै आए ऊधौ, तिनहिं के पेट समै हैं?
(A) रूपक (B) अनुप्रास
(C) उपमा (D) अन्योक्ति
उत्तर - (D) अन्योक्ति अलंकार

32. घर-घर बेचति फिरति दही री?
(A) पुनरूक्ति प्रकाश
(B) अन्योक्ति
(C) रूपक अलंकार
(D) अतिश्योक्ति
उत्तर - (A) पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार

33. जो नत हुआ वह मृत हुआ, ज्यों वृंद से झरकर कुसुम?
(A) उत्प्रेक्षा अलंकार
(B) अनुप्रास अलंकार
(C) रूपक अलंकार
(D) मानवीकरण अलंकार
उत्तर - (A) उत्प्रेक्षा अलंकार

34. लड़की होना, पर लड़की जैसी दिखाई मत देना?
(A) अनुप्रास
(B) अतिश्योक्ति
(C) रूपक अलंकार
(D) विरोधाभास अलंकार
उत्तर - (D) विरोधाभास अलंकार

35. कौनसा उदाहरण रूपक अलंकार का है?
(A) चरण-कमल बंदौ हरि राई
(B) चांद-सा सुंदर मुखड़ा
(C) यह मेरा अपनी सांस-सा पहचाना है
(D) खिला हो ज्यों बिजली का फूल
उत्तर - (A) चरण-कमल बंदौ हरि राई

36. इनमें से मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है?
(A) गहराई को कौन पूछता
(B) चंद-वदन चमका
(C) संध्या- सुंदरी परी-सी
(D) मुख मानो चांद है
उत्तर - (C) संध्या- सुंदरी परी-सी

37. कौनसा अलंकार मानवीकरण अलंकार का है?
(A) सदा पावन माँ सरीखी
(B) धरती पसीजी है कहाँ
(C) समय शिला-सा जम जायेगा
(D) ऊषा सुनहले तीर बरसाती जय लक्ष्मी सी उदित हुई।
उत्तर - (D) ऊषा सुनहले तीर बरसाती जय लक्ष्मी सी उदित हुई।

38. निम्नलिखित शब्दों में से संज्ञा का सही विकल्प चुनिए?
(A) महान (B) सुंदर
(C) बचपन (D) ऊंचा
उत्तर - (C) बचपन

39. सर्वनाम का सही विकल्प?
(A) कुछ लोग (B) यह व्यक्ति
(C) कोई बात (D) मेरे पास
उत्तर - (D) मेरे पास

40. भाव वाचक संज्ञा का सही विकल्प है?
(A) चाँदी (B) दूध
(C) गंगा (D) शीतलता
उत्तर - (D) शीतलता

41. सर्वनाम 'वह' के प्रकार का सही विकल्प है?
(A) निश्चय वाचक सर्वनाम
(B) अनिश्चय वाचक सर्वनाम
(C) पुरुष वाचक सर्वनाम
(D) निज वाचक सर्वनाम
उत्तर - (C) पुरुष वाचक सर्वनाम

42. सर्वनाम 'कौन' के प्रकार का सही विकल्प है?
(A) नित वाचक सर्वनाम
(B) प्रश्न वाचक सर्वनाम
(C) निश्चय वाचक सर्वनाम
(D) अनिश्चय वाचक सर्वनाम
उत्तर - (B) प्रश्न वाचक सर्वनाम

43. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ के सही विकल्प हैं?
पानी-पानी हो जाना
(A) आँखों में आंसू आना
(B) बुरी तरह भीग जाना
(C) बारिश आ जाना
(D) अत्यंत लज्जित होना
उत्तर - (D) अत्यंत लज्जित होना

44. टका सा जवाब देना?
(A) टके की तरह जवाब देना
(B) तुरंत मना कर देना
(C) मुंह तोड़ जवाब देना
(D) लाजवाब कर देना
उत्तर - (B) तुरंत मना कर देना

45. कटे पर नमक छिड़कना?
(A) पहले काटना फिर नमक छिड़कना
(B) नमक बुरकना
(C) दुःखी व्यक्ति को और दुःखी करना
(D) मीठे की जगह नमक डालना
उत्तर - (C) दुःखी व्यक्ति को और दुःखी करना

46. अपनी खिचड़ी अलग पकाना?
(A) अपना अहंकार प्रकट करना
(B) खिचड़ी बनाकर खाना
(C) दूसरों से नफरत करना
(D) सबसे अलग रहना
उत्तर - (D) सबसे अलग रहना

47. चींटी के पर निकलना?
(A) खुशामद करना
(B) शोभा बढ़ाना
(C) कमजोर द्वारा शक्ति प्रदर्शन
(D) लज्जित होना
उत्तर - (C) कमजोर द्वारा शक्ति प्रदर्शन

48. छाती पर साँप लोटना?
(A) परेशान करना
(B) घबरा जाना
(C) ईर्ष्या से जलना
(D) बिना प्रयास के धन मिलना
उत्तर - (C) ईर्ष्या से जलना

49. कोल्हू का बैल होना?
(A) हमेशा काम में लगे रहना
(B) चापलूसी करना
(C) बिखर जाना
(D) जगह-जगह भटकना
उत्तर - (A) हमेशा काम में लगे रहना

50. नमक हलाल होना?
(A) कृतज्ञ होना
(B) बहुत अनुभवी होना
(C) यश पाना
(D) अपमानित करना
उत्तर - (A) कृतज्ञ होना

51. पारा उतरना?
(A) मुसीबत दूर होना
(B) क्रोध शांत होना
(C) चालाक होना
(D) रहस्य खोलना
उत्तर - (B) क्रोध शांत होना

52. बाजी मारना?
(A) बहुत खुश होना
(B) सफल होना
(C) मूर्ख होना
(D) निंदा करना
उत्तर - (B) सफल होना

डॉ. राममनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

दोषियों के साथ स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्यवाही करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित एक बैठक में कहा है कि भोपाल के एक निजी स्कूल की बस में बेटी के साथ हुई घटना विश्वास को हिला देने वाली है। माता-पिता अपने बच्चों को भरोसे पर स्कूल भेजते हैं, यह भरोसा बनाए रखना स्कूल प्रबंधन का दायित्व है। दोषी ड्रायवर और आया के खिलाफ कार्यवाही के साथ स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूल बसों में चलने वाले स्टाफ का वेरिफिकेशन स्कूल प्रबंधन की जवाबदारी है। बच्चों को हम दरिंदों के हवाले नहीं छोड़ सकते। बस में सीसीटीवी कैमरे काम क्यों नहीं कर रहे थे, यह स्कूल प्रबंधन को देखना चाहिए था। स्कूल प्रबंधन का यह दायित्व भी है। श्री चौहान ने कहा कि समाज में यह संदेश नहीं जाए कि प्रभावशाली व्यक्तियों पर कार्यवाही नहीं होगी। यह विश्वास मजबूत होना चाहिए कि सरकार है तो अपराधी छूटेंगे नहीं। निश्चित समय में कड़ी कार्यवाही की जाए, जिससे प्रबंधन अपनी जवाबदारी और दायित्व समझे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल के सभी स्कूलों के ड्रायवर तथा बसों में चलने वाले स्टाफ का परीक्षण हो। आपराधिक रिकॉर्ड और चारित्रिक रूप से दोषी व्यक्तियों को न रखा जाए। स्टाफ के प्रशिक्षण और कानूनी प्रावधानों के संबंध में कार्यशाला की जाए। साथ ही बच्चों और पालकों में पॉक्सो एक्ट के प्रावधानों के संबंध में जागरूकता और जानकारी पर केंद्रित प्रशिक्षण भी सभी शासकीय और निजी शालाओं में किए जाएं। पुलिस प्रशासन भी पालकों और समाज के साथ प्रभावी तरीके से इस विषय पर संवाद करें।

पुलिस आयुक्त श्री मकरंद देउस्कर ने घटना तथा अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि दोषी ड्रायवर के विरुद्ध पहले से ही दो अपराध दर्ज हैं। बस के अन्य बच्चों तथा उनके पालकों को विश्वास में लेकर यह जानने की कोशिश भी की जा रही है कि किसी अन्य के साथ इस प्रकार की घटना तो नहीं हुई है।

कॅरियर की राहें

एग्जीबिशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

कोविड-19 के बाद विभिन्न उत्पादों को बेचने के लिए प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक बढ़ गई है कि बाजार में अपनी पहचान स्थापित करने के लिए उत्पादक अथवा विक्रेता को उत्पाद को स्वयं ही प्रमोट अथवा प्रदर्शित करना पड़ रहा है। अब यदि उत्पादक द्वारा व्यक्तिगत रूप से ग्राहकों से संपर्क स्थापित किया जाए तो, इससे वक्त एवं पैसे दोनों की बहुत अधिक बरबादी होती है और अपेक्षित लाभ भी नहीं मिल पता है। ऐसे में ट्रेड, फैशन, टूरिज्म, हेरिटेज, टेक्नोलॉजी आदि की एग्जीबिशन्स (प्रदर्शनियों) के माध्यम से एक ही स्थान पर लाखों उपभोक्ताओं का ध्यान खींचा जा सकता है तथा उन्हें उत्पाद खरीदने के लिए आकर्षित भी किया जा सकता है। कोविड-19 के बाद बाजार की इसी मांग को देखते हुए आज उत्पाद की एग्जीबिशन्स का महत्व काफी बढ़ गया है। यही कारण है कि वर्तमान समय में हर छोटे-बड़े शहरों में एग्जीबिशन्स का चलन बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

एग्जीबिशन डिजाइनर की अहमियत

उल्लेखनीय है कि आर्ट गैलरी, मार्केट प्लेस, मेलों, एक्सपो आदि में लगने वाली एग्जिबिशन्स को डिजाइन करने का काम डिजाइनर करते हैं। कोविड-19 के बाद एग्जीबिशन डिजाइनर की अहमियत बढ़ गई है। इनका कार्य एग्जीबिशन के पहले प्लानिंग करना, बजट बनाना, विभिन्न टीमों के साथ समन्वय स्थापित करना और प्रदर्शनी के लिए निर्माण करवाना तथा साज-सज्जा करना होता है। लेआउट डिजाइन बनाना, प्लानिंग करना और प्रदर्शनी वाली वस्तुओं को सुव्यवस्थित करना भी एग्जीबिशन डिजाइनर का ही काम होता है। एग्जीबिशन डिजाइनर उक्त प्रदर्शनी किस प्रकार के लोगों के लिए लगाई जा रही है, उनकी सोच को समझते हुए वह अपने कार्य को अंजाम तक पहुंचाते हैं। प्रदर्शनी के लिए बजट और समय का भी विशेष ध्यान रखना होता है। साथ ही एग्जीबिशन डिजाइनर अपने क्लाइंट के विचारों को समझकर उन्हें आगंतुकों (कस्टमरों) तक बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत करते हैं।

एग्जीबिशन डिजाइनर क्लाइंट से बात कर विभिन्न वस्तुओं की अहमियत को समझता है। जरूरतों को समझने के बाद एग्जीबिशन डिजाइनर कम्प्यूटर की मदद से ड्राइंग तथा स्केल मॉडल का प्रयोग करके डिजाइन तैयार करता है। इसके बाद क्लाइंट द्वारा डिजाइन फाइनल कर दिए जाने के बाद इसे साकार करने के लिए पूरी टीम मिलकर काम करती है। कभी-कभी एग्जीबिशन दूसरे राज्यों या विदेशों में भी आयोजित की जाती है। ऐसे में उस राज्य अथवा देश के लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए एग्जीबिशन डिजाइन की जाती है। एग्जीबिशन डिजाइनिंग को कॅरियर के रूप में अपनाने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है, जिससे उम्मीदवार इस क्षेत्र की बारीकियों को बेहतर ढंग से समझ सके।

एग्जीबिशन डिजाइनिंग में कॅरियर की जरूरी स्किल्स

अगर आप इस क्षेत्र में बेहतर कॅरियर बनाना चाहते हैं तो इसके लिए एग्जीबिशन डिजाइनिंग का कोर्स अथवा संबंधित कोर्स करने के साथ ही आपके भीतर बेहतर डिजाइन तथा कलात्मक कौशल होना बहुत जरूरी है। इसके अतिरिक्त आपके सोचने की क्षमता भी रचनात्मक होनी चाहिए,

ताकि आप एग्जीबिशन की थीम को शानदार तरीके से प्रस्तुत कर सकें, जिससे आपके क्लाइंट को उसके द्वारा निर्धारित गोल को अचीव करने में सफलता मिल सके। इस क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए आपको सबसे अलग हमेशा कुछ न कुछ नया सोचते रहना होगा। इसके लिए आपको देश तथा दुनिया में हो रही गतिविधियों के बारे में पता होना चाहिए, ताकि आप कुछ नई थीम का उपयोग करके अपनी प्रदर्शनी को सबसे अलग एवं सुंदर बना सकें। इस क्षेत्र में आपको लगातार अपने क्लाइंट और अपनी पूरी टीम के साथ संवाद करते रहना पड़ता है, इसलिए आपका कम्युनिकेट कौशल अच्छा होने के साथ ही आपको सेल्स की भी थोड़ी जानकारी होनी चाहिए।

एग्जीबिशन डिजाइनिंग में कॅरियर एवं रोज़गार के अवसर

कॅरियर की बात की जाए तो कोविड-19 के बाद एग्जीबिशन के बढ़ने के साथ ही इस क्षेत्र में रोज़गार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। एग्जीबिशन डिजाइनर को स्थाई या अस्थाई तौर पर कई तरह के संस्थानों में रोज़गार मिलता है। इसमें आर्ट गैलरी, म्यूजियम, ऐतिहासिक स्थल, साइंस सेंटर, इंटरप्रेटिव सेंटर, थिएटर या टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी, आर्किटेक्चरल डिजाइन फर्म, अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियां या इवेंट कंपनियां, ट्रेड शो एंड कन्वेंशन, पार्क आदि की जिम्मेदारी संभालने वाली सरकारी एजेंसियां शामिल हैं। इस क्षेत्र में फिल्म और थिएटर सेट भी डिजाइन करने का अवसर प्राप्त होता है। साथ ही सरकारी और निजी सेक्टर के संगठन, ट्रेवल और टूरिज्म इंडस्ट्री, म्यूजियम, कल्चरल इंस्टीट्यूट, हेरिटेज संगठन, एनजीओ, सरकारी तथा गैर सरकारी क्षेत्र के कॉर्पोरेट तथा विजुअल मर्चेंडाइजिंग विभागों में एग्जीबिशन डिजाइनरों की भारी मांग है।

एग्जीबिशन डिजाइनिंग में विभिन्न पाठ्यक्रम

एग्जीबिशन डिजाइनिंग में कॅरियर बनाने हेतु देश के प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीट्यूट

ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद से चार वर्षीय ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइनिंग का कोर्स किया जा सकता है। इस कोर्स हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय समूह से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण होना है। इस कोर्स के अतिरिक्त इंटीरियर डिजाइनिंग या इवेंट मैनेजमेंट के पाठ्यक्रम भी किए जा सकते हैं। इंटीरियर डिजाइनिंग तथा इवेंट मैनेजमेंट के पाठ्यक्रमों में भी एग्जीबिशन डिजाइनिंग विस्तार से सिखाई जाती है।

बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत एग्जीबिशन डिजाइनिंग में कॅरियर बनाने के लिए डिजाइन थ्योरी, मॉडल मेकिंग, मटीरियल परचेज, डिजाइन थिंकिंग, फैशन हिस्ट्री, फैशन साइकोलॉजी, ग्राफिक डिजाइन, फोटोग्राफी, विजुअल मर्कैडाइजिंग, पैकेजिंग डिजाइन, फैशन स्टाइलिंग, फैशन कंज्यूमर बिहेवियर, इवेंट डिजाइन, द वर्ल्ड ऑफ इवेंट डिजाइन, कलर कोड एंड पैलेट टेक्निक, इवेंट स्टाइल, साइट सिलेक्शन, सॉफ्टवेयर ऑटो कैड 2डी, डिजाइन एलिमेंट, लाइटनिंग, एग्जीबिशन डिजाइन, कॉस्टिंग एंड बजटिंग, इंडस्ट्रियल डिजाइन, आर्किटेक्चर, ड्राफ्टिंग, स्पेशल डिजाइन, इवेंट मैनेजमेंट, इंटीरियर डिजाइन, 3डी डिजाइन आदि विषयों में सर्टीफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री कोर्स भी किया जा सकता है। एग्जीबिशन डिजाइनिंग के कोर्स के तहत कलर थैरेपी, डिजाइन टेक्नोलॉजी, ड्रॉइंग टेक्निक, डिजाइन प्रैक्टिस आदि विषय भी पढ़ाए जाते हैं। इस क्षेत्र में टेक्निकल ड्राइंग स्किल तथा डिजाइन सॉफ्टवेयर में अनुभव आपके काम को आसान बनाता है।

यदि आप एग्जीबिशन डिजाइनिंग तथा संबंधित कोर्स मध्यप्रदेश तथा देश के विभिन्न इंस्टीट्यूशन्स में उपलब्ध हैं। देश के कई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, फैशन टेक्नोलॉजी संस्थानों में उपलब्ध हैं। आप अपनी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप एग्जीबिशन डिजाइनिंग का कोई कोर्स करके कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. **नोवाक जोकोविच ने कितनी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीता है?**
   (अ) पांच बार (ब) सात बार
   (स) नौ बार (द) दस बार
2. **कॉमनवेल्थ गेम्स-2022 के स्वर्ण पदक विजेता अचिंता शेउली किस खेल से संबंधित हैं?**
   (अ) कुश्ती (ब) भारोत्तोलन
   (स) मुक्केबाजी (द) तैराकी
3. **एमसी मैरी कॉम ने ओलिंपिक खेलों में कौन-सा पदक जीता है?**
   (अ) स्वर्ण पदक
   (ब) रजत पदक
   (स) कांस्य पदक
   (द) इनमें से कोई नहीं
4. **हैरी केन किस देश की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान हैं?**
   (अ) ब्राजील (ब) क्रोएशिया
   (स) कोलंबिया (द) इंग्लैंड
5. **इस वर्ष किस देश ने फाइनलिसिमा ट्रॉफी पर कब्जा किया है?**
   (अ) अर्जेंटीना (ब) इटली
   (स) पेरू (द) इंग्लैंड
6. **वर्ष 2023 में आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्डकप किस देश में खेला जायेगा?**
   (अ) इंग्लैंड (ब) द. अफ्रीका
   (स) ऑस्ट्रेलिया (द) पाकिस्तान
7. **ब्रूक्स हेंडरसन किस देश की दिग्गज महिला गोल्फर हैं?**
   (अ) कनाडा (ब) अमेरिका
   (स) आयरलैंड (द) फ्रांस
8. **अंजलि भागवत किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं?**
   (अ) मुक्केबाजी (ब) निशानेबाजी
   (स) तीरंदाजी (द) एथलेटिक्स
9. **सेरेना विलियम्स ने टेनिस में कितने ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं?**
   (अ) 20 (ब) 22
   (स) 23 (द) 25
10. **ब्राजील ने पहली बार फीफा वर्ल्डकप किस वर्ष जीता था?**
    (अ) वर्ष 1930 (ब) वर्ष 1934
    (स) वर्ष 1950 (द) वर्ष 1958
11. **वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैन ऑफ द मैच पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ी हैं?**
    (अ) सचिन तेंदुलकर
    (ब) एडम गिलक्रिस्ट
    (स) विराट कोहली
    (द) सनथ जयसूर्या
12. **हाल ही में मनोज प्रभाकर किस देश की क्रिकेट टीम के कोच बने हैं?**
    (अ) मलेशिया (ब) नेपाल
    (स) अमेरिका (द) स्कॉटलैंड
13. **वर्ष 2019 में किस खिलाड़ी ने प्रतिष्ठित बेलोन डि ओर अवॉर्ड जीता था?**
    (अ) लियोनल मेसी
    (ब) लुका मोड्रिक
    (स) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
    (द) करीम बेंजेमा
14. **निखत जरीन किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं?**
    (अ) क्रिकेट (ब) हॉकी
    (स) बैडमिंटन (द) मुक्केबाजी
15. **जुलाई 2022 में किस खिलाड़ी को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड मिला था?**
    (अ) जो रूट
    (ब) डेरिल मिशेल
    (स) प्रभात जयसूर्या
    (द) मुस्तफिजुर रहमान
16. **एथलेटिक्स वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2022 में 100 मीटर फर्राटा दौड़ में चैम्पियन बने हैं?**
    (अ) योहान ब्लैक
    (ब) फ्रेड कर्ले
    (स) क्रिस्टियन कोलमेन
    (द) एरॉन ब्राउन
17. **इस वर्ष फीफा अंडर-17 महिला वर्ल्डकप का आयोजन किस देश में होगा?**
    (अ) भारत (ब) मैक्सिको
    (स) कोस्टारिका (द) वेनेजुएला
18. **टेनिस स्टार डेनिल मेदवेदेव किस देश के लिए खेलते हैं?**
    (अ) अमेरिका (ब) इटली
    (स) सर्विया (द) रूस
19. **इंग्लैंड ने कितनी बार वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप की मेजबानी की है?**
    (अ) तीन बार
    (ब) चार बार
    (स) पांच बार
    (द) इनमें से कोई नहीं
20. **लीग-वन किस देश की घरेलू फुटबॉल प्रतियोगिता है?**
    (अ) स्पेन (ब) फ्रांस
    (स) जर्मनी (द) इटली
21. **किस टीम के नाम सबसे ज्यादा बार रणजी ट्रॉफी जीतने का रिकॉर्ड है?**
    (अ) मुंबई
    (ब) कर्नाटक
    (स) विदर्भ
    (द) तमिलनाडु
22. **चक्का फेंक खिलाड़ी सीमा पूनिया ने किस वर्ष एशियन खेलों में स्वर्ण पदक जीता था?**
    (अ) वर्ष 2002 (ब) वर्ष 2006
    (स) वर्ष 2010 (द) वर्ष 2014
23. **इस वर्ष किस देश ने थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता है?**
    (अ) भारत (ब) चीन
    (स) जापान (द) इंडोनेशिया
24. **कलिंगा स्टेडियम भारत के किस शहर में स्थित है?**
    (अ) विशाखापट्नम
    (ब) भुवनेश्वर
    (स) कटक
    (द) रांची
25. **इनमें से किस भारतीय क्रिकेटर ने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार नहीं जीता है?**
    (अ) भुवनेश्वर कुमार
    (ब) श्रेयस अय्यर
    (स) हार्दिक पंडया
    (द) रविचंद्रन अश्विन

उत्तर

1. (स), 2. (ब), 3. (स), 4. (द), 5. (अ), 6. (ब), 7. (अ), 8. (ब), 9. (स), 10. (द), 11. (अ), 12. (ब), 13. (अ), 14. (द), 15. (स), 16. (ब), 17. (अ), 18. (द), 19. (स), 20. (ब), 21. (अ), 22. (द), 23. (अ), 24. (ब), 25. (स)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विकास के मार्ग पर अग्रसर भारत

देशभर में हाइवे निर्माण में हुई 7 गुना वृद्धि

किसी भी देश में जब अच्छी सड़कों का नेटवर्क बनाया जाता है तो उस देश की अर्थव्यवस्था भी गतिशील हो जाती है। सड़कें किसी भी राष्ट्र की नसें और धमनियों की तरह काम करती हैं, जो विकास की गति को बदलने में मदद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि समृद्धि हमारे देश के दूरस्थ कोने तक पहुंच सके। 'न्यू इंडिया' में राजमार्गों का अभूतपूर्व गति से विकास इसी शैली में किया जा रहा है, ताकि देश की अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिल सके। देश के सुदूर क्षेत्रों तक सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में प्रतिबद्ध केंद्र सरकार अभूतपूर्व गति के साथ राजमार्गों का निरंतर विस्तार कर रही है, इसे देखकर ऐसा लग रहा है कि भारत विकास के राजमार्ग पर अग्रसर है। आजादी से अब तक राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई में 7 गुना की वृद्धि हुई है। यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। 1950-51 में राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई 19,811 किलोमीटर थी, जो 2021-22 में बढ़कर 1,40,995 हो गई। वहीं 2013-14 में 4,260 किलोमीटर की तुलना में 2021-22 में 13,327 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण किया जा रहा है। आर्थिक समीक्षा 2021-22 में केंद्र सरकार ने यह बताया था कि 2020-21 में प्रतिदिन सड़क निर्माण बढ़कर 36.5 किलोमीटर हुआ है। वर्ष 2020-21 में सरकार ने सड़क निर्माण की सीमा को बढ़ाकर 36.5 किलोमीटर प्रतिदिन किया था जो 2019-20 में 28 किलोमीटर प्रतिदिन थी, इस प्रकार इसमें 30.4 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। यह एक उदाहरण मात्र है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आखिर किस प्रकार सड़क निर्माण कार्य को सरकार द्वारा रफ्तार दी गई और कम समय में ही देश ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की। देश में जितनी ज्यादा सड़कें तैयार होंगी उतना ही क्षेत्रों का विकास होगा और रोज़गार एवं निवेश के अवसरों में बढ़ोत्तरी होगी।

2022-23 में 18 हजार कि.मी. राष्ट्रीय राजमार्ग बनाएगी सरकार

केंद्र सरकार लगातार विकास को रफ्तार देने में लगी है। कोरोना की स्थिति के बीच भी देश में सड़क निर्माण कार्य जारी रहा। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इस संबंध में बताया जा चुका है कि इस बार सरकार वर्ष 2022-23 में प्रतिदिन 50 किलोमीटर की रिकॉर्ड गति से 18,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से देशभर में राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाइवे) नेटवर्क का विस्तार करने के लिए वर्ष 2022-23 में 50 किलोमीटर प्रतिदिन की रिकॉर्ड गति से 18,000 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

2025 तक 2 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क विकसित करने का लक्ष्य

वर्ष 2025 तक 2 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित है। समयबद्ध और लक्ष्योन्मुखी मार्ग में विश्व स्तरीय सड़क अवसंरचना के निर्माण पर भारत सरकार का मुख्य फोकस है, क्योंकि सड़क अवसंरचना ही 'आत्मनिर्भर भारत' की आत्मा है। बीते 8 वर्षों में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्गों की लंबाई तेजी से बढ़ी है। हाइवे निर्माण की गति पिछले 8 साल में 12 किलोमीटर प्रतिदिन से बढ़कर अब 29 किलोमीटर प्रतिदिन हुई है। वहीं पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत पिछले 8 साल में 3.27 लाख किलोमीटर सड़कें बनीं। 99 प्रतिशत से अधिक गांव पक्की सड़क से जुड़े हैं।

विश्व स्तर के राष्ट्रीय राजमार्गों का हो रहा निर्माण

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) का गठन भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
National Highways Authority of India

अधिनियम, 1988 के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास, अनुरक्षण और प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को अन्य छोटी परियोजनाओं सहित, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना का कार्य सौंपा गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना भारत में प्रमुख राजमार्गों को उच्च स्तर पर उन्नत, पुनर्व्यवस्थित और चौड़ा करने की एक परियोजना है। इस परियोजना की शुरूआत वर्ष 1998 में की गई थी। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी NHAI न केवल विश्व स्तर के राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण कर रहा है, बल्कि दुर्घटना मुक्त राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण में भी गहरी रुचि ले रहा है। राजमार्ग दुर्घटनाओं को कम करने के लिए, कुछ हिस्सों को जीरो फैटलिटी कॉरिडोर के रूप में अपनाया गया है। एनएचएआई राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचे को तीव्र गति से विकसित करने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षित, सुगम और निर्बाध यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने 2021-22 के दौरान पूरे देश में कुल 6,306 किलोमीटर की परियोजनाएं प्रदान कीं, जो उससे पहले के तीन वर्षों में प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गई सबसे अधिक लंबाई की सड़क है। इसका मतलब यह हुआ कि NHAI ने उम्मीद से भी अधिक रफ्तार के साथ देश में राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क विकसित करने का काम किया। केवल इतना ही नहीं साल 2021-22 के दौरान 1,68,770 करोड़ रुपये की लागत के साथ राजमार्ग के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए NHAI द्वारा पूंजीगत व्यय भी अपने उच्चतम स्तर पर रहा।

ग्रीन हाइवे मिशन

विकास करने की आवश्यकता के साथ-साथ पारिस्थितिकी और पर्यावरण को भी बनाए रखने की भी जरूरत है। इसे समझते हुए ही केंद्र सरकार ने 'ग्रीन हाइवे मिशन' का गठन किया है। देश में हरित राजमार्गों (ग्रीन हाइवे) का निर्माण किया जा रहा है। यह राजमार्ग ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी, कार्बन फुटप्रिंट और गैर-नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में काम करते हैं। सितंबर 2015 में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 'हरित राजमार्ग नीति' या 'ग्रीन हाइवे पॉलिसी' की घोषणा की थी और इसी का अनुसरण करते हुए नेशनल ग्रीन हाइवे मिशन की शुरूआत हुई।

केंद्र सरकार द्वारा 22 ग्रीन फील्ड कॉरिडोर भी विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें, 5 एक्सप्रेस हाइवे और 17 एक्सेस कंट्रोल हाइवे शामिल हैं। 8,000 किलोमीटर लंबे इन 22 ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट्स पर अनुमानित 3.26 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन 22 एक्सप्रेस-वे को 2025 तक पूरा करने की बात कही गई है। इनमें से तीन एक्सप्रेस-वे एवं ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे को पूरा करने की डेडलाइन साल 2022 रखी गई है।

अन्य प्रमुख जानकारी

- भारत में राष्ट्रीय राजमार्गों (NH) की संख्या 200 से अधिक है।
- भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग NH-44 है, जो जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर को देश के दक्षिणी भाग में स्थित तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जोड़ता है, इस राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल दूरी 3 हजार 745 कि.मी. है।
- 'पीएम गति शक्ति' जैसी पहल-मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान, विभिन्न मंत्रालयों और राज्य सरकारों की बुनियादी ढांचा योजनाओं को एक साथ लाती है।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017-18 से भारतमाला कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की महत्वाकांक्षी 'भारतमाला परियोजना' के प्रथम चरण के तहत 5,35,000 करोड़ रुपये की लागत से 34,800 किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जाएगा।
- देश के लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एनएचएआई द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड (एनएचएलएमएल) के माध्यम से एनएचएआई के 100 प्रतिशत स्वामित्व वाले एसपीवी के माध्यम से 35 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) विकसित किए जा रहे हैं।
- सड़क निर्माण कार्य में भारत विश्व रिकॉर्ड कायम कर चुका है। भारत ने कम से कम समय में 75 किलोमीटर की लंबी सड़क बनाकर यह रिकॉर्ड कायम किया था। NH-53 पर एक ही लेन में 75 किलोमीटर विटुमिन्स कंक्रीट बिछाने में NHAI ने नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।
- पूर्वी लद्दाख के 19,024 फीट ऊंचे उमलिंगला दर्रे पर दुनिया की सबसे ऊंची मोटर योग्य रणनीतिक सड़क बनाने के लिए सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है।

- रश्मि रंजन
(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

पशुपतिनाथ मंदिर और स्लेट-पेंसिल उद्योग के लिए प्रसिद्ध है मंदसौर जिला

मंदसौर, मध्यप्रदेश के उज्जैन संभाग का एक जिला है। इसके उत्तर-पश्चिम में नीमच जिला और दक्षिण में रतलाम जिला है। यह राजस्थान के प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, कोटा, झालावाड़ जिलों से भी घिरा हुआ है।

मंदसौर पुरातात्विक और ऐतिहासिक विरासत में समृद्ध है, साथ ही शिवना तट पर स्थित पशुपतिनाथ भगवान का मंदिर इसे विश्व प्रसिद्ध बनाता है।

यह जिला दुनियाभर में अफीम के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। मंदसौर को मालवा का सिंह द्वार और राजस्थान का सीमान्त प्रहरी भी कहा जाता है। प्राचीन समय में इस शहर को दशपुर के नाम से भी जाना जाता था।

मंदसौर जिले का इतिहास महाभारत से जुड़ा हुआ है और इसका वर्णन महाभारत के सभा पर्व में आता है, इसका नाम मारहसुर के नाम पर पड़ा है, यहां पर कई राजवंशों ने राज किया। यशोधर्मन, गुर्जर-प्रतिहार वंशों के हाथों से गुजरता हुआ यह क्षेत्र ग्वालियर राज्य के अंतर्गत आ गया और एक रियासत के रूप में बदल गया।

यहां पर एंग्लो-मराठा युद्ध और पिंडारियों से भी अंग्रेजों का युद्ध हुआ था।

इतिहास

14वीं शताब्दी के आरंभ में अलाउद्दीन खिलजी ने शहर की पूर्व दिशा में एक दुर्ग का निर्माण करवाया था। आगे चलकर मालवा के शासक हौसंग शाह (1405-1434) ने इस दुर्ग का विस्तार किया। इस शहर के बाहर एक बड़ा तालाब है, जहां मुगल सम्राट हुमायूं ने गुजरात के बादशाह बहादुरशाह के विरुद्ध घेरा डालकर उसको पराजित किया था। सम्राट अकबर ने जब मालवा पर आधिपत्य जमाया तब मंदसौर शहर को मालवा प्रदेश और सरकार का मुख्य प्रशासनिक केंद्र बनाया गया। 18वीं सदी में यह सिंधिया शासन के आधिपत्य में आया। सन् 1812 में मालवा की संधि (अंग्रेजों और होलकर के मध्य) पर हस्ताक्षर मंदसौर में ही किया गया। सन् 1857 के विद्रोह में भी मंदसौर ने हिस्सा लिया था।

मंदसौर को मेवाड़ के अंतिम किले के रूप में मेवाड़ महाराणा द्वारा नियंत्रित किया जाता था और समय के साथ-साथ तोमर राजपूत द्वारा भी संरक्षित किया गया था।

अर्थव्यवस्था

मंदसौर जिले में अधिकांशतः काली मिट्टी पाई जाती है। जिसमें लोहा और चूना पत्थर पाया जाता है। यहां कपास, गेहूं, सोयाबीन, धनिया और लहसुन का उत्पादन अधिक होता है। मंदसौर, राज्य का सर्वाधिक मात्रा में अफीम का उत्पादन करने वाला प्रसिद्ध जिला है। मंदसौर स्लेट-पेंसिल कॉर्पोरेशन द्वारा पूरे देश में प्राकृतिक स्लेट-पेंसिल का उत्पादन और वितरण किया जाता है।

जिले में महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा स्थापित लघु उद्योगों द्वारा मसाले, अचार, बड़ी तथा पापड़, हर्बल साबुन, दीप अगरबत्ती, वस्त्र, पंचगव्य उत्पाद, मीनाकारी, बागे (भगवान के कपड़े), लाख शिल्प, लच्छा, दोना-पत्तल सहित अन्य उत्पाद तैयार किए जाते हैं।

मंदसौर जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन- 1 नवंबर, 1956
2. संभाग- उज्जैन
3. जिला मुख्यालय- मंदसौर
4. क्षेत्रफल- 9,791 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 1,339,832
6. लिंग अनुपात- 966
7. जनघनत्व- 140 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 72.75 प्रतिशत
9. तहसीलें- 8 (मंदसौर, मल्हारगढ़, सीतामऊ, सुवासरा,भानपुरा, गरोठ, शामगढ़, दलौदा)
10. राजस्व अनुभाग- 4
11. ग्राम पंचायत- 468
12. ग्राम- 955, नगर पंचायत- 9
13. नगर पालिका- 1 (मंदसौर)
14. विधानसभा क्षेत्र- 4 (मंदसौर, मल्हारगढ़, सुवासरा, गरोठ)
15. लोकसभा क्षेत्र- 1 (मंदसौर)

(सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- मंदसौर का मुख्य आकर्षण भगवान पशुपतिनाथ मंदिर है। इसमें भगवान शिव की अति प्राचीन भव्य अष्टमुखी प्रतिमा है। देश में अपनी तरह की अनूठी इस प्रतिमा की तुलना नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से की जाती है।
- मंदसौर जिले को रावण की पत्नी मंदोदरी का जन्मस्थान भी माना जाता है। यहां खानपुर क्षेत्र में 35 फुट ऊंची 10 सिर वाली रावण की मूर्ति स्थापित है।
- जिले की भानपुरा तहसील में चंवल नदी पर बनाया गया गांधीसागर बांध सिंचाई के साथ-साथ बिजली उत्पादन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। गांधीसागर पावर स्टेशन से 115 मेगावॉट बिजली का उत्पादन हो रहा है।
- जिले की भानपुरा तहसील में नवली के समीप परमार राजाओं द्वारा निर्मित हिंगलाजगढ़ दुर्ग है। यहां से गुप्तकाल और परमारकालीन सहित कई युगों की प्रतिमाएं और अवशेष मिले हैं, जिनमें सबसे पुराने चौथी और पांचवीं शताब्दी के हैं। परमार काल में यह दुर्ग अपने चरम पर था। जब हिंगलाजगढ़ पर जीरन के पंवार राजा जेतसिंह का अधिकार था तब उन्हें हराकर भीलों ने हिंगलाजगढ़ किले पर अधिकार कर लिया था। यह किला दो बार भीलों के अधिकार में रहा।
- मंदसौर जिले में स्थित इंद्रगढ़ से राष्ट्रकूटकालीन अभिलेख मिले हैं। यहां उत्खनन से कांच, हाथी दांत, मिट्टी की मणि, तांबे के पुराने, सिक्के, चूड़ियां आदि वस्तुएं मिली हैं। इंद्रगढ़ से एक शिलालेख प्राप्त हुआ है। जिससे पता चलता है कि राष्ट्रकूट शासक ने यहां एक शिव मंदिर का निर्माण करवाया था।
- मंदसौर में स्थित ग्राम सौंधनी में गुप्त वंश के राजा यशोधर्मन के दो विजय स्तम्भ के अवशेष पाए गए थे, जिनकी ऊंचाई भू-तल से लगभग 40 फीट है। दोनों स्तम्भों पर पुराने संस्कृत लेख गुप्त अक्षरों में खुदे हुए हैं, जो एक-दूसरे की नकल हैं। इन बीजकों में यशोधर्मन के कार्यों का उल्लेख कर उन्हें महान राजा बताया गया है कि 6वीं शताब्दी ईसा पूर्व उत्तर भारत के पूर्व भाग पर उनके द्वारा राज किया गया था और हूण राजा मिहिर कुल को हराया था। स्तम्भों का जीर्णोधार सन् 1982 में भारत सरकार के पुरातत्व विभाग द्वारा किया गया।
- जिले की भानपुरा तहसील में स्थित चारभुजा या चतुर्भुजनाथ का अद्भुत मंदिर है। यहां भगवान विष्णु लेटे हुये अर्थात आराम की मुद्रा में हैं। दसवीं शताब्दी में बनाए गए इस मंदिर के पास एक जल स्त्रोत है, जहां प्राकृतिक रूप से जलधाराएं बहती रहती हैं। इसे चतुर्भुज नाला के नाम से भी जाना जाता है।
- श्री वही तीर्थ, पारासली का जैन तीर्थ स्थल, पार्श्वनाथ जैन मंदिर पीपल्या मंडी, धरमराजेश्वर मंदिर, दुधाखेड़ी माता मंदिर, नालछा देवी मंदिर, अम्बे माता मंदिर, गोवर्धन नाथ मंदिर, कुकड़ेश्वर मंदिर, कुबेर मंदिर, सीता खंडी मंदिर, भानपुरा संग्रहालय, गांधीसागर अभयारण्य आदि जिले के अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

- रीता मोदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगस्त 2022 के लिये आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड का ऐलान कर दिया है। जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा को पुरुष वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। सिकंदर ने अगस्त माह में बांग्लादेश और भारत के खिलाफ वन-डे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। सिकंदर ने बांग्लादेश के खिलाफ वन-डे सीरीज में 135 और 117 रनों की पारी खेली। सिकंदर के इस प्रदर्शन के बदौलत जिम्बाब्वे ने वन-डे सीरीज में बांग्लादेश को 2-1 से हराया। इसके बाद सिकंदर ने भारत के खिलाफ वन-डे सीरीज के आखिरी मैच में 115 रनों की पारी खेली थी।

इटैलियन ग्रांप्री रेस के चैंपियन बने मैक्स वर्स्टापेन

मोंजा, नीदरलैंड्स के दिग्गज कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन का फॉर्मूला-वन सर्किट पर शानदार प्रदर्शन जारी है। वर्स्टापेन ने इटैलियन ग्रांप्री फॉर्मूला-वन रेस में जीत दर्ज की है। 53 लैप की इस रेस को वर्स्टापेन ने एक घंटा 20 मिनट 27.511 सेकेंड में पूरा किया। रेस में चार्ल्स लेकलर्क दूसरे, जॉर्ज रसेल तीसरे, कार्लोस सेंज चौथे तथा लुईस हैमिल्टन पांचवें स्थान पर रहे। वर्स्टापेन ने पहली बार इटैलियन ग्रांप्री जीती है। इस सत्र में वर्स्टापेन ने 16 में से 11 रेस जीती हैं। वर्स्टापेन इस सत्र में ड्राइवर्स चैंपियनशिप में सबसे आगे चल रहे हैं।

एरोन फिंच ने वन-डे क्रिकेट से लिया संन्यास

सिडनी, ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवर क्रिकेट के कप्तान एरोन फिंच ने वन-डे क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। फिंच काफी समय से वन-डे क्रिकेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। फिंच ने इस वर्ष 14 वन-डे मैचों में महज 174 रन बनाये हैं। फिंच ने संन्यास की घोषणा करते हुये कहा कि मैं वन-डे टीम का सदस्य बना, इसके लिये मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं। अब नये कप्तान को मौका देने का समय है, ताकि वह पूरी तैयारी कर सके। फिंच ने कहा कि वे ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नेतृत्व करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी ट्वेंटी-20 विश्वकप में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपना खिताब बचाने के लिये पूरा जोर लगायेगी।

डायमंड लीग फाइनल

नीरज ने खिताब जीतकर रचा इतिहास

ज्यूरिख, नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में डायमंड लीग फाइनल में पहला स्थान हासिल करते हुए इतिहास रच दिया। नीरज चोपड़ा डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने 88.44 मीटर भाला फेंक कर चेक गणराज्य के जैकव वादलेच्चो को पछाड़ा। वादलेच्चो ने पांचवें प्रयास में 86.94 मीटर भाला फेंका।

दूसरे थ्रो में ही पक्का किया स्वर्ण

नीरज की पहली थ्रो फाउल गई, जबकि दूसरे थ्रो ने 88.44 मीटर की दूरी नापी, जो उन्हें खिताब दिलाने के लिए काफी थी। नीरज ने तीसरे थ्रो 88, चौथे 86.11, पांचवें 87 और छठवें तथा अंतिम थ्रो 83.6 मीटर फेंकी। वादलेच्चो ने नीरज के साथ ओलिंपिक में पदक जीता था।

जर्मनी के जूलियन वेबर 83.73 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। इस जीत के साथ नीरज ने 23.98 लाख रुपये की पुरस्कार राशि हासिल की साथ ही डायमंड ट्रॉफी पर भी कब्जा जमाया। जीत के बाद नीरज ने तिरंगे को ओढ़ लिया। इसके बाद सभी विजेताओं को डायमंड ट्रॉफी के साथ ट्रैक पर कार से घुमाया गया, जिसमें नीरज भी शामिल थे।

लुसाने मीट में बने थे विजेता

नीरज ने दोहा में हुई पहली और सिलेसिया में हुई तीसरी डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था। स्टॉकहोम में उन्होंने 89.94 मीटर भाला फेंक कर राष्ट्रीय

कीर्तिमान बनाया था, लेकिन उन्होंने इस दूरी के बावजूद यहां रजत पदक जीता। इसके बाद नीरज लुसाने में विजेता बने और अब फाइनल्स में भी उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल कर लिया।

राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले पाए थे नीरज

इससे पहले नीरज विश्व चैंपियनशिप के बाद चोटिल हो गए थे। इस कारण वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले पाए थे। इसके बाद उन्होंने चोट से उबरते हुए लुसाने डायमंड लीग में 89.08 मीटर भाला फेंक कर स्वर्ण पदक जीता था। पानीपत के 24 वर्षीय नीरज ने 2017 और 2018 में डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था, लेकिन तब वह सातवें और चौथे स्थान पर रहे थे।

नीरज चोपड़ा ने पिछले साल टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड जीतकर सनसनी मचा दी थी। अभिनव बिंद्रा के बाद वह ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय बने थे। इसके अलावा एथेलेटिक्स में गोल्ड जीतने वाले नीरज भारत के पहले खिलाड़ी हैं। इस साल नीरज ने तीन बड़े कारनामे किए। उन्होंने अमेरिका के यूजीन में 24 जुलाई को वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में ऐतिहासिक सिल्वर मेडल जीता।

भारत ने जीती अंडर-17 सैफ चैम्पियनशिप

कोलंबो, भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम ने अंडर-17 सैफ चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के फाइनल मैच में भारतीय टीम ने नेपाल को 4-0 से हराया। भारत के बॉबी सिंह, कोरौ सिंह, कप्तान वनलालपेका गुइटे और अमन ने मैच में एक-एक गोल किया। भारतीय टीम ने फाइनल मुकाबले में शुरुआत से ही नेपाल पर दबदबा बनाया। मैच के 18वें मिनट में बॉबी सिंह ने नेपाल की रक्षा पंक्ति को भेदकर पहला गोल किया। भारतीय टीम की जीत के बाद टीम के मुख्य कोच विबियानो फर्नांडीज ने कहा कि युवा खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट सीरीज में 2-1 से हराया

लंदन, इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया है। इंग्लैंड ने सीरीज का तीसरा मैच 9 विकेट से जीता। मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 118 रन बनाये। इसके जवाब में इंग्लैंड ने पहली पारी में 158 रन बनाये। इंग्लैंड के लिए ओली पोप ने सर्वाधिक 67 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीकी टीम दूसरी पारी में भी बड़ा स्कोर बनाने में असफल रही और 169 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड को दूसरी पारी में जीत के लिए 130 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने एक विकेट गवांकर हासिल कर लिया।

ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिये भारतीय टीम की घोषणा

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के लिए टीम का ऐलान कर दिया। अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और हर्षल पटेल की भारतीय टीम में वापसी हुई है, वहीं मोहम्मद शमी और दीपक चाहर को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में चुना गया है। उनके साथ श्रेयस अय्यर और रवि विश्नोई को भी स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। विश्वकप में रोहित शर्मा टीम का नेतृत्व करेंगे।

भारतीय टीम में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को भी जगह नहीं मिली है। जडेजा चोट की वजह से टीम का हिस्सा नहीं होंगे। एशिया कप के दौरान जडेजा को चोट लगी थी। जडेजा के स्थान पर अक्षर पटेल को चुना गया है। इसके अलावा तेज गेंदबाज आवेश खान को भी विश्वकप के लिये टीम इंडिया में जगह नहीं मिली है।

विश्वकप के लिए भारतीय टीम में चार बल्लेबाज, दो विकेटकीपर, चार ऑलराउंडर, एक स्पिनर और चार तेज

गेंदबाजों को शामिल किया गया है, वहीं दो तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक बल्लेबाज स्टैंडबाय के तौर पर होगा।

ट्वेंटी- 20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), के.एल. राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।

स्टैंडबाय खिलाड़ी- मोहम्मद शमी, दीपक चाहर, श्रेयस अय्यर, रवि विश्नोई।

कार्लोस अल्कारेज ने जीता यूएस ओपन का खिताब

न्यूयॉर्क, स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने यूएस ओपन ग्रैंड स्लैम का खिताब अपने नाम किया है। 19 वर्षीय अल्कारेज ने टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में नॉर्वे के कैस्पर रूड को 6-4, 2-6, 7-6, 6-3 से हराया। ये अल्कारेज के टेनिस कॅरियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। इस जीत के साथ अल्कारेज एटीपी टेनिस रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंच गए हैं। अल्कारेज ने सबसे कम उम्र में एटीपी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। ये अल्कारेज के टेनिस कॅरियर का छठवां एटीपी खिताब है।

अल्कारेज ने फाइनल में कैस्पर रूड के खिलाफ शुरुआत से अटैकिंग खेल दिखाया। अल्कारेज ने पहला सेट 6-4 से जीता दूसरे सेट में रूड ने वापसी करते हुए 6-2 से जीत दर्ज की। तीसरा सेट बेहद रोमांचक रहा और 6-6 से सेट बराबर रहने पर टाइब्रेकर से फैसला हुआ। टाइब्रेकर में अल्कारेज ने बाजी जीती। चौथे सेट में



अल्कारेज ने अपना दबदबा बनाते हुए रूड को 6-3 से हराया।

महिला वर्ग में स्वितेक बनीं चैम्पियन

यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग का खिताब पोलैंड की ईगा स्वितेक ने जीता। स्वितेक ने फाइनल मुकाबले में ट्यूनीशिया की ओन्स जाबेउर को लगातार सेटों में 6-2, 7-6 से हराया। इस जीत के साथ स्वितेक ने जाबेउर के खिलाफ अपना कॅरियर रिकॉर्ड 3-2 कर लिया है। स्वितेक ने पहली बार यूएस ओपन का खिताब जीता है। स्वितेक अब तक तीन बार ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है। स्वितेक इससे पहले दो बार फ्रेंच ओपन खिताब भी जीत चुकी हैं।

भोपाल करेगा आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप की मेजबानी

भोपाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने बताया कि पहली बार आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शूटिंग (रायफल/पिस्टल) चैम्पियनशिप की मेजबानी मध्यप्रदेश करेगा। अगले वर्ष 20 से 31 मार्च के मध्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शूटर्स भोपाल के बिसनखेड़ी स्थित 'राज्य शूटिंग अकादमी ऑफ एक्सीलेंस' में अपना हुनर दिखाएंगे।

खेल मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश ने खेलों के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई है। शूटिंग अकादमी की स्थापना से लेकर अब तक हमने इस विधा में न सिर्फ वर्ल्ड क्लास अधोसंरचना का विकास किया है बल्कि प्रदर्शन की दृष्टि से भी हम अव्वल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शूटिंग अकादमी में पहले भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं और प्रशिक्षण कैम्प आयोजित किये गये हैं। यह पहली बार है कि हम वर्ल्ड कप शूटिंग चैम्पियनशिप जैसा प्रतिष्ठित आयोजन करेंगे।

श्रीमती सिंधिया ने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता और गर्व है कि 'नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया' ने हम पर पूर्ण विश्वास कर यह मौका दिया है। खेल मंत्री ने कहा कि खेल और खिलाड़ियों के प्रति मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के लगाव से सभी वाकिफ हैं। शूटिंग वर्ल्ड कप का आयोजन कर मध्यप्रदेश एक नया गौरवशाली इतिहास रचेगा।

श्रीमती सिंधिया ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी ऑफ एक्सीलेंस सभी स्तर से अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करती है। अकादमी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और यहां पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेन्ज निर्मित है। उन्होंने कहा कि शूटिंग विधा में नित नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जा रहा है और मध्यप्रदेश अकादमी में उच्च कोटी के अधोसंरचना निर्माण के साथ खिलाड़ियों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है।

एशिया कप

श्रीलंका छठवीं बार बना एशियन चैंपियन

दुबई, श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ने एशिया कप में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये खिताब अपने नाम किया है। श्रीलंका ने टूर्नामेंट के फाइनल में पाकिस्तान को 23 रनों से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। श्रीलंका ने छठवीं बार यह टूर्नामेंट जीता है। श्रीलंका की जीत के हीरो भानुका राजपक्षे, वानिंदु हसरंगा और प्रमोद मधुशन रहे।

फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। तेज गेंदबाज नसीम शाह ने पहले ओवर में ही कुशल मेंडिस को आउट कर पाकिस्तान को बढ़त दिलाई। इसके बाद पथुम निशांका (8), दनुष्का गुणाथिलका (1), दसुन शनाका (2) और धनंजय डिसिल्वा (28) भी जल्द पवेलियन लौट गये। 58 रन तक श्रीलंका की आधी टीम आउट हो गई थी और मैच पूरी तरह पाकिस्तान के पक्ष में था। इसके बाद भानुका राजपक्षे (71) और वानिंदु हसरंगा (36)

के बीच 36 गेंदों में 58 रनों की साझेदारी हुई। इस साझेदारी ने श्रीलंका की मैच में वापसी कराई। श्रीलंका ने 6 विकेट खोकर 170 रन बनाये। राजपक्षे ने 45 गेंदों में 71 रनों की नाबाद पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की टीम की शुरुआत भी खराब रही। युवा गेंदबाज प्रमोद मधुशन ने पारी के चौथे ओवर में बाबर आजम (5) और फखर जमान (0) को आउट कर पाकिस्तान को शुरुआती झटके दिये। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (55) और इफ्तिखार अहमद (32) ने तीसरे विकेट के लिये 71 रनों की साझेदारी कर पाकिस्तान को मजबूत स्थिति तक पहुंचाया। इसके बाद श्रीलंकाई गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटककर पाकिस्तान को दबाव में ला दिया। पाकिस्तान के बल्लेबाज श्रीलंका की अनुभवहीन गेंदबाजों के सामने रन बनाने के लिये संघर्ष करते नजर आये। पाकिस्तान की टीम 20 ओवरों में 147 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।

- **श्रीलंका ने छठवीं बार एशिया कप का खिताब जीता है।**
- **श्रीलंका वर्ष 1986, 1997, 2004, 2008 और 2014 में भी बना है एशियन चैंपियन।**
- **भारत सर्वाधिक सात बार बना है एशिया कप का विजेता।**
- **श्रीलंका ने इस वर्ष टूर्नामेंट में पहला मैच हारने के बाद लगातार पांच मैच जीते हैं।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : यूगल से साभार)

सामयिकी

श्रीलंका में

संसद के पास अब ज्यादा अधिकार होंगे

श्रीलंका की सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि संविधान में 22वें संशोधन के प्रावधान वाले विधेयक को संसद में दो-तिहाई बहुमत के साथ अपनाया जा सकता है। 22वें संशोधन का मकसद संसद को अधिक अधिकार प्रदान करना है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि विधेयक के कुछ खंडों पर देशव्यापी जनमत संग्रह की आवश्यकता है। संसद के अध्यक्ष ने यह घोषणा की। इससे राष्ट्रपति को मिले व्यापक अधिकार कम होंगे।

संशोधन विधेयक, देश में चल रही आर्थिक उथल-पुथल के बीच तैयार किया गया था। 22वें संशोधन का मूल नाम 21ए था। इसका मकसद 20ए को हटाना था, जिसके तहत पूर्व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को व्यापक अधिकार मिले थे। अदालत ने कुछ बदलाव की सिफारिश की ताकि संसद विशेष बहुमत के साथ विधेयक को पारित कर सके। इस विधेयक का मकसद स्वतंत्र आयोगों को बहाल करना और राष्ट्रपति की कुछ शक्तियों पर अंकुश लगाना है।

अंतर्राष्ट्रीय डेयरी महासंघ विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन 2022

भारत डेयरी पशुओं का सबसे बड़ा डेटाबेस तैयार कर रहा है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय डेयरी महासंघ विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन (आईडीएफ डब्ल्यूडीएस) 2022 का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 'डेयरी सेक्टर का सामर्थ्य ना सिर्फ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देता है बल्कि ये दुनिया भर में करोड़ों लोगों की आजीविका का भी प्रमुख साधन है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व के अन्य विकसित देशों से अलग, भारत में डेयरी सेक्टर की असली ताकत छोटे किसान हैं। भारत के डेयरी सेक्टर की पहचान मास प्रोडक्शन से ज्यादा "प्रोडक्शन बाय मासेस" की है। एक, दो या तीन मवेशियों वाले इन छोटे किसानों के प्रयासों के आधार पर भारत सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। प्रधानमंत्री ने दोहराया कि आज भारत में डेयरी कोऑपरेटिव्स का एक ऐसा विशाल नेटवर्क है जिसकी मिसाल पूरी दुनिया में मिलना मुश्किल है। श्री मोदी ने कहा कि ये डेयरी कोऑपरेटिव्स देश के दो लाख से ज्यादा गांवों में, करीब-करीब दो करोड़ किसानों से दिन में दो बार दूध जमा करती हैं और उसे ग्राहकों तक पहुंचाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के डेयरी सेक्टर में विमेन पावर 70 प्रतिशत वर्कफोर्स का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा, 'भारत के डेयरी सेक्टर की असली

कर्णधार महिलाएं हैं।' उन्होंने कहा, 'इतना ही नहीं, भारत के डेयरी कोऑपरेटिव्स में भी एक तिहाई से ज्यादा सदस्य महिलाएं ही हैं।' प्रधानमंत्री ने कहा, '2014 में भारत में 146 मिलियन टन दूध का उत्पादन होता था। अब ये बढ़कर 210 मिलियन टन तक पहुंच गया है। यानी करीब-करीब 44 प्रतिशत की वृद्धि।' उन्होंने यह भी कहा कि पूरे विश्व में दूध का उत्पादन 2 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है जबकि भारत में यह 6 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार एक संतुलित डेयरी इको-सिस्टम विकसित करने पर काम कर रही है जहां उत्पादन बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ-साथ क्षेत्रों की चुनौतियों का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गांवों में हरित और सतत विकास के एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में पशुपालन और डेयरी को बढ़ावा दिया जा रहा है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन, गोवर्धन योजना, डेयरी क्षेत्र का डिजिटलीकरण और मवेशियों के सार्वभौमिक टीकाकरण के साथ-साथ सिंगल-यूज वाली प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने जैसी योजनाएं उस दिशा में कदम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, डेयरी पशुओं का सबसे बड़ा डेटाबेस तैयार कर रहा है। डेयरी सेक्टर से जुड़े हर पशु की टैगिंग हो रही है। उन्होंने कहा, 'आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से हम पशुओं की बायोमीट्रिक पहचान कर रहे हैं। हमने इसे नाम दिया है- पशु आधार।' प्रधानमंत्री ने कहा भारत में हम पशुओं के यूनिवर्सल वैक्सीनेशन पर भी जोर दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमने संकल्प लिया है कि 2025 तक हम शत-प्रतिशत पशुओं को फुट एंड माउथ डिजीज और ब्रुसलॉसिस की वैक्सीन लगाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ समय में भारत के अनेक राज्यों में लम्पी नाम की बीमारी से पशुधन की क्षति हुई है। उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि विभिन्न राज्य सरकारों के साथ मिलकर केंद्र सरकार इसे नियंत्रित करने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारे वैज्ञानिकों ने लम्पी स्किन डिजीज की स्वदेशी वैक्सीन भी तैयार कर ली है।' प्रधानमंत्री ने कहा भारत एक डिजिटल सिस्टम पर काम कर रहा है जो पशुधन क्षेत्र की एंड-टू-एंड गतिविधियों को कैप्चर करेगा। यह इस क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सटीक जानकारी प्रदान करेगा। यह शिखर सम्मेलन ऐसी कई तकनीकों को लेकर दुनिया भर में हो रहे कार्यों को प्रस्तुत करेगा। प्रधानमंत्री ने उपस्थित सभी लोगों से इस क्षेत्र से संबंधित विशेषज्ञता को साझा करने के तरीके सुझाने का भी आग्रह किया।

ईयू देश

अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं को विकसित करने के प्रयासों से पीछे नहीं हटें : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र की कार्यवाहक मानवाधिकार प्रमुख नदा अल-नाशिफ ने यूरोपीय संघ के सदस्य देशों से ऐसे समय में अक्षय ऊर्जा एवं ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं

- **मानवाधिकार के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यवाहक उच्चायुक्त नादा अल-नाशिफ ने जिनेवा में मानवाधिकार परिषद के नवीनतम सत्र के उद्घाटन भाषण में इथियोपिया, यूक्रेन, म्यांमार और हैती सहित 30 से अधिक देशों, क्षेत्रों के बारे में मानवाधिकार संबंधी चिंताओं का उल्लेख किया।**

को विकसित करने के अपने प्रयासों से "पीछे हटने" से बचने का आग्रह किया जब ऊर्जा की बढ़ती कीमतों ने कुछ को जीवाश्म ईंधन के उपयोग एवं खोज को बढ़ावा देने को प्रेरित किया है।

उन्होंने यूक्रेन में रूस के युद्ध के प्रत्यक्ष प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त करने के अलावा यह उल्लेख किया कि युद्ध ने कैसे इन दो देशों से खाद्य और ईंधन के निर्यात को प्रभावित किया है, जो इन दोनों के प्रमुख उत्पादक हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इसके चलते कैसे यूरोपीय संघ के सदस्य देश ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए कैसे संघर्ष कर रहे हैं। अल-नाशिफ ने कहा, "ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर सर्दियों से पहले यूरोपीय संघ के कुछ सदस्य देश जीवाश्म ईंधन के बुनियादी ढांचे और आपूर्ति में निवेश की ओर रुख कर रहे हैं।"

आर्मीनिया-अजरबैजान

दोनों देशों में फिर से संघर्ष विराम बहाल

आर्मीनिया और अजरबैजान के बीच दो दिन चली लड़ाई में दोनों तरफ के 155 सैनिकों की मौत के बाद संघर्ष विराम फिर से बहाल हो गया।

आर्मीनिया की सुरक्षा परिषद के सचिव आर्मेन ग्रिगोरियन ने युद्धविराम को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के प्रति धन्यवाद जताया। रूस की मध्यस्थता में लागू युद्धविराम शीघ्र ही विफल हो गया था। आर्मीनिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अजरबैजान के साथ सीमा पर स्थिति शांत है और संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई खबर नहीं है।

अजरबैजान की सरकार की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। संघर्ष विराम की घोषणा दो दिनों की भारी लड़ाई के बाद हुई, जिसे लगभग दो वर्षों में दोनों विरोधियों के बीच शत्रुता की सबसे बड़ी कार्रवाई के रूप में चिन्हित किया गया। आर्मीनिया और अजरबैजान ने गोलाबारी के लिए एक-दूसरे पर दोषारोपण किया। आर्मीनियाई अधिकारियों ने बाकू पर अकारण हमले का आरोप लगाया।

वेस्टमिंस्टर हॉल में लोगों ने महारानी के अंतिम दर्शन किए

ब्रिटेन में हजारों लोगों ने दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन किए। उनका पार्थिव शरीर ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित संसद भवन के वेस्टमिंस्टर हॉल में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है।

ब्रिटेन में सबसे ज्यादा समय तक राज करने वाली महारानी का स्कॉटलैंड में 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। उनके ताबूत को स्कॉटलैंड से सड़क और हवाई मार्ग के माध्यम से बकिंघम पैलेस लाया गया था। महाराजा चार्ल्स तृतीय और उनके बेटे राजकुमार विलियम तथा राजकुमार हैरी भी रस्मी यात्रा के दौरान मौजूद रहे और ताबूत के साथ चलते रहे। महारानी की अन्य संतानें- राजकुमारी एनी, राजकुमार एंड्रयू और राजकुमार एडवर्ड भी रस्मी यात्रा में शामिल थे। ताबूत को घोड़ों वाली तोपगाड़ी में रखा गया था और इसे मध्य लंदन की सड़कों से गुजारा गया, जहां हजारों शोक संतप्त लोग खड़े थे।

हीथ्रो हवाई अड्डे ने विमानों की आवाजाही के कार्यक्रम में यह सुनिश्चित

करने के लिए बदलाव किया था कि 40 मिनट की यात्रा के दौरान शांति रहे। इस दौरान हाइड पार्क और बिग बेन से तोपों की सलामी दी गई, ताबूत पर शाही ध्वज लिपटा हुआ है, जिसके ऊपर ताज रखा गया है।

यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र का आखिरी रिएक्टर बंद

यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र को यूक्रेन के बिजली ग्रिड से फिर से जोड़ा गया और इंजीनियरों ने इलाके में लड़ाई तेज होने पर परमाणु विकिरण की आपदा से बचने की कवायद के तौर पर इसके आखिरी रिएक्टर को भी बंद कर दिया।

परमाणु ऑपरेटर कंपनी 'एनर्गोएटम' ने कहा कि बिजली की इन लाइनों में से एक लाइन बहाल की गई, जिससे संयंत्र को सुरक्षित रूप से संचालित करना संभव हुआ। कंपनी ने कहा, 'अतः बिजली यूनिट संख्या छह बंद करने का फैसला किया गया।' इसने कहा कि यह खतरा अब भी बना हुआ है कि बाहर बिजली फिर से काटी जा सकती है और ऐसी स्थिति में संयंत्र के रिएक्टरों को ठंडा रखने तथा परमाणु रिएक्टर को अत्यधिक गर्म होने से बचाने के लिए आपात डीजल जेनरेटर चलाने होंगे।

छह रिएक्टर वाले जापोरिजिया संयंत्र को इलाके में लड़ाई के परिणामस्वरूप उसकी सभी बिजली लाइन काटने के बाद पिछले सप्ताह ग्रिड से हटा दिया गया था।

ज्ञात रहे कि दुनिया में 10 सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा केंद्रों में से एक इस संयंत्र पर युद्ध की शुरुआत से ही रूसी सेना ने कब्जा कर रखा है। यूक्रेन और रूस संयंत्र के आसपास बमबारी के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाते रहे हैं। इस बमबारी ने संयंत्र को ग्रिड से जोड़ने वाली बिजली की लाइनों को तबाह कर दिया है।

यूक्रेनी सेना ने रूस का बड़ा नुकसान कर खारकीव से खदेड़ा

रूस ने पिछले दिनों यूक्रेन के खारकीव से अपनी सेनाओं को वापस बुलाने का ऐलान किया था। उसके बाद से ही यूक्रेनी सेना आक्रामक है और तेजी से आगे बढ़ रही है। यही नहीं कुछ तस्वीरों में तो यह भी सामने आया है कि यूक्रेन की सेना ने रूसी डिफेंस लाइन को बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

यूक्रेन की सेना का दावा है कि उसने चकालोवस्के कस्बे को भी रूसी मिलिट्री के कब्जे से वापस ले लिया है। रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से मैप जारी किया गया था, जिसमें यह बताया गया था कि खारकीव के ज्यादातर हिस्से से रूस की सेना निकल गई है। हालांकि उसके अलावा कोई टिप्पणी रूसी सेना की ओर से नहीं की गई थी। यूक्रेन के टॉप कमांडर वलेरी जालुझिनयी ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, हमारी सेना खारकीव के दक्षिण और पूर्व में ही नहीं बल्कि उत्तर में भी बढ़ रही है। राज्य की सीमा तक पहुंचने के लिए अब 50 किलोमीटर तक की ही दूरी बची है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक राघवेन्द्र कुमार सिंह, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.वी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।